www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक-309 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए



महर्षि दयानंद सरस्वती ने नई चेतना का किया संचार : मुर्मू 02
■ सीएजी को प्राधिकरण देगा एक साल का रिपोर्ट कार्ड
■ नगर निगम ने सिटी जोन में खाली कराई 10... 04
■ जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए : पीटीआई
■ कतर की जेल में बंद 8 पूर्व नौसैनिकों की रिहाई 07
फरहान अख्तर की अगली फिल्म 'डब्बा कार्टेल' में... 10

## सार संक्षेप

### कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत सरकार ने पिछले महीने 23 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर इसे बारे में एक पोस्ट साझा की।

### मनीष सिसोदिया को मिली तीन दिन की जमानत



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को करीब एक साल बाद कुछ राहत भरी खबर मिली है। वह कल तीन दिनों के लिए जेल से बाहर आएंगे। दरअसल उन्हें अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए जमानत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से उन्हें जमानत दी है। वह 13 से 15 फरवरी तक लखनऊ जा सकेंगे।

### हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड तीन दिनों के लिए बढ़ी



**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड की अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। ईडी उनसे 3 फरवरी से लगातार पूछताछ कर रही है। सोरेन की पांच दिनों की दूसरी रिमांड अवधि पूरी होने पर ईडी ने सोमवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करते हुए कहा कि अभी कई और बिंदुओं पर पूछताछ की जरूरत है, इसलिए रिमांड चार दिनों के लिए बढ़ाया जाए।

### आरक्षण पर मराठा नेता जारांगे ने दी सख्त चेतावनी



**जालना।** सात महीने में चौथी बार भूख हड़ताल पर बैठे शिव संगठन के नेता मनोज जारांगे-पाटिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर सरकार ने वादे के मुताबिक मराठा कोटा घोषित करने के ठोस कदम नहीं उठाया तो वह भविष्यवाणी नहीं कर सकते कि गुरुवार (15 फरवरी) के बाद क्या होगा। जारांगे-पाटिल ने दोहराया कि आंदोलन का नवीनतम दौर तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार के आश्वासन और आदेश लागू नहीं हो जाते।

### दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री दर्ज किया गया

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान (आईएमडी) विभाग ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से तीन डिग्री कम है।

---

फ्लोर टेस्ट में नहीं हुआ कोई 'खेला'

# नीतीश सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

## नीतीश कुमार बोले, मजबूरी में छोड़ा इंडिया गठबंधन, कांग्रेस को मुझसे तकलीफ है

■ मुकुंद कुमार सिंह

**पटना,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। पिछले कई दिनों से बिहार में चल रहे राजनीतिक हाई वोल्टेज ड्रामे का सोमवार को अंत हो गया। बहुमत साबित करने में एनडीए सफल रहा तो आरजेडी के तीन विधायक एनडीए के समर्थन में वोटिंग किए। वहीं एनडीए के चार विधायक सदन से गायब रहे। हालांकि गायब विधायक को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्रवाई की बात कही है। अब एक बार फिर बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी नई सरकार ने विश्वास मत हासिल कर सरकार बना लिया है। सदन में हुई वोटिंग में नीतीश कुमार के पक्ष में 129 मत पड़े। वोटिंग के दौरान विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर दिया। लेकिन वोटिंग से पहले अपने भाषण में नीतीश कुमार ने राजद और इंडिया गठबंधन को लेकर कई राज खोले। नीतीश कुमार ने कहा कि



उन्होंने जब राजद के साथ सरकार बनाई थी तो तेजस्वी और उनकी पार्टी के लोगों की इज्जत करते थे। लेकिन बाद में पता चला कि वे लोग सरकार में रहकर कमाई कर रहे थे। नीतीश कुमार ने कहा कि आज तक मेरी सरकार में ऐसा कभी नहीं हुआ। राजद ने सरकार में बहुत गलत काम किया।

■ नीतीश कुमार के समर्थन में 129 मत पड़े
■ मतदान के समय विपक्ष ने किया वॉक आउट
■ आरजेडी के 3 विधायकों ने भी किया समर्थन

बिहार विधानसभा में विश्वासमत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू-राबड़ी शासनकाल की याद दिलाते हुए विपक्ष को जमकर लताड़ा। 2005 से पहले बिहार के हालात की चर्चा करते हुए उन्होंने इसके लिए लालू-राबड़ी की तत्कालीन सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेवार बताया।

### अब हम पुरानी जगह पर आ गए हैं

नीतीश कुमार ने कहा कि उन्हें इंडिया गठबंधन मजबूरी में छोड़ना पड़ा। कांग्रेस मेरी बात मान रही थी। बाद में पता चला कि कांग्रेस को मुझसे तकलीफ है। ये भी पता चला कि तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद यादव भी कांग्रेस के साथ हैं। तब मैंने ये फैसला लिया कि मैं पुरानी जगह पर लौट जाऊं। इसलिए मैं वापस वहां चला आया। अब हम पुरानी जगह पर आ गए हैं तो सब दिन के लिए आ गए हैं। हम किसी का नुकसान नहीं करेंगे। सबके हित में काम करेंगे। लोगों के विकास के लिए, बिहार के हित में काम करते रहेंगे। नीतीश कुमार ने विधानसभा में कहा कि 2005 में मेरे सत्ता में आने से पहले पहले तेजस्वी के पिता और मां को 15 साल तक काम करने का मौका मिला तो क्या होता था बिहार में।क्या बिहार में शाम में कोई भी आदमी घर से बाहर निकलता था। अब 11-12 बजे रात तक महिलाएं घूमती हैं।उस समय कितनी लड़कियां स्कूल में जाती थी। आज स्कूलों में लड़का और लड़की बराबर है।



### क्या मोदी गारंटी लेंगे, नीतीश फिर नहीं पलटेंगे : तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमारे लिए हमेशा से आदरणीय थे। हम तो आपका साथ देने के लिए आए थे। नीतीश कुमार कहा था कि सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ एकजुट हुए थे। क्या आपको अपनी कही गई बात याद है या नहीं? झूठ मत बोलिएगा कि आप यह कहें थे की नहीं टीचरों को पैसा देने और बहाली के लिए अपने बाप के पास से पैसा लाएगा अब अपाने देख लिया न कहां से हुआ? इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि- वो राजभवन से निकले तो कहे कि हमारे साथ मन नहीं लग रहा था तो उनको समझना चाहिए कि हम नीतीश जी का मन लगाने के लिए साथ नहीं आए थे। हम काम करने के लिए साथ आए थे। जो असंभव था, उसे हमने संभव किया। मुझे कहते थे अपने बाप के पास से नौकरी लाएगा। हमने कर के दिखाया। मुझे विपक्ष में आने की खुशी है। 17 महीने में देश में जो किसी सरकार ने नहीं किया, वो हमने कर के दिखाया। सदन में तेजस्वी यादव ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गारंटी लेंगे कि नीतीश कुमार फिर नहीं पलटेंगे। तेजस्वी ने कहा कि हम नाचने-गाने और मन लगाने के लिए नहीं आए हैं। अब कोई बच्चा भी नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं करेगा।

---

कांग्रेस को महाराष्ट्र में झटका

# अशोक चव्हाण का कांग्रेस से इस्तीफा

**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक शंकरराव चव्हाण ने विधायक पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को सौंप दिया है। वहीं, अब ऐसे लगाए जा रहे हैं कि वो अब बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। बताया जा रहा है कि बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्हें राज्यसभा से टिकट दिया जा सकता है। महाराष्ट्र में जारी तीव्र राजनीतिक गतिविधियों के बीच चव्हाण ने विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर से मुलाकात की। इसके बाद वो गायब हो गए। उन्होंने अपने इस्तीफा पत्र में खुद



■ भाजपा का दामन थाम सकते हैं चव्हाण

को 'पूर्व विधायक' के रूप में रेखांकित किया है, लेकिन ध्यान देने वाली बात है कि उन्होंने अपने इस्तीफा देने के पीछे की वजह के बारे में किसी भी प्रकार का कोई खुलासा नहीं किया है। वहीं, इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद पटोले दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां वो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं संग मंत्रणा कर सकते हैं।

### जांच एजेंसियों का रहा दबाव : कांग्रेस



कांग्रेस ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को कहा कि जो लोग ऐसे कदम उठा रहे हैं उन पर जांच एजेंसियों का दबाव है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जो नेता किसी न किसी वजह से खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं कि उनके लिए भारतीय जनता पार्टी की 'वाशिंग मशीन' वैचारिक प्रतिबद्धता के मुकाबले ज्यादा आकर्षक रहेगी।

---

यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा के पास बड़ा हादसा

# कार सवार पांच युवकों की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा-नोएडा मार्ग पर सोमवार सुबह स्लीपर बस और कार की हुई भिड़ंत में बस और कार दोनों में आग लग गई। इस दिल दहला देने वाली घटना में कार सवार पांच युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई। शवों की हालत ऐसी हो गई है कि इनकी पहचान डीएनए की रिपोर्ट से ही हो सकेगी। कार और बस पूरी तरह जल गईं। बस में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। आग के कारण यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा-नोएडा मार्ग पर काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। घटना के बाद बस चालक-परिचालक मौके से भाग गए। घटना सोमवार



■ स्लीपर बस का टायर फटने से कार की हुई भिड़ंत
■ कार बस के डीजल टैंक से टकराने पर लगी आग

सुबह करीब 7:45 बजे यमुना एक्सप्रेस के माइल स्टोन 116-117 पर महावन के निकट हुई। एक स्लीपर बस कोटी (बिहार) से दिल्ली की ओर जा रही थी। इसी दौरान माइल स्टोन 116-117 के निकट बस के पीछे आ रही एक स्विफ्ट कार टकरा गई। टक्कर लगते ही बस और कार दोनों में आग लग गई। आग इतनी तेजी से लगी कि कार सवारों को कार से निकलने का मौका नहीं मिला और वह उसमें जिंदा जल गए। सूचना मिलने के करीब आधा घंटे बाद पुलिस और टोल की टीम मौके पर पहुंच गई। बाद में दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। तब तक कार सवार सभी पांच लोग बुरी तरह जलकर दम तोड़ चुके थे। उनके शव लोथड़ों में तब्दील हो गए थे। जिसने भी यह दृश्य देखा उसका कलेजा कांप गया। उधर बस में आग लगती देख बस में चीख पुकार मच गई और बस के यात्री जल्दी-जल्दी बस से कूदने लगे।

---

# किसान आज करेंगे दिल्ली कूच

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने मंगलवार के लिए किसानों के 'दिल्ली चलो मार्च' आह्वान के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में 12 मार्च तक 30 दिनों की अवधि के लिए धारा 144 (निषेधाज्ञा) लागू करने के आदेश जारी किए हैं।

रविवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने आदेश जारी किया कि, संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर मोर्चा और कई अन्य किसान यूनियनों और संघों ने अपनी मांगों को दबाने के लिए संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के लिए 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च की घोषणा की है, और आशंका है कि उपरोक्त मार्च में भाग लेने वाले, नई दिल्ली पहुंचने और



■ दिल्ली पुलिस ने धारा 144 की लागू
■ 12 मार्च तक जुलूस व प्रदर्शन पर प्रतिबंध

अपनी मांगों पर जोर देने के लिए प्रदर्शन करने के लिए निकटवर्ती राज्यों के साथ अपनी सीमाओं के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं से दिल्ली के क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर सकते हैं। आदेश में आगे कहा गया है कि मार्च में भाग लेने वालों के दिल्ली/नई दिल्ली के क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण व्यापक तनाव, सार्वजनिक उपद्रव, सार्वजनिक झुंझलाहट, सामाजिक अशांति और हिंसा की संभावना का आसन्न खतरा है। नई दिल्ली में ट्रैक्टर चलाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### हरियाणा में भारी सुरक्षा व्यवस्था

**चंडीगढ़।** 13 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में किसानों के विरोध मार्च से पहले हरियाणा में प्रवेश बिंदुओं पर भारी सुरक्षा व्यवस्था और यातायात परिवर्तन ने सोमवार को यात्रियों की आवाजाही को बुरी तरह प्रभावित किया। लगभग सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर पुलिस की तैनाती के बीच, यात्रियों ने अपनी आगे की यात्रा के लिए हरियाणा में प्रवेश करने के लिए गाँव के मार्गों को चुना। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हरियाणा में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

---

# अग्निवीर योजना युवाओं से छल : राहुल

कोरबा में राहुल का केंद्र पर हमला



**कोरबा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। दरअसल, अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा शहर के सीतामढ़ी इलाके में एक सभा को संबोधित करते हुए गांधी ने लोगों से जागने को कहा। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि उनकी जेबें लूटी जा रही हैं और उन्हें गुमराह किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने जाति जनगणना की अपनी पार्टी की मांग दोहराई और कहा कि यह लोगों के समर्थन से किया जाएगा। कांग्रेस सांसद ने सशस्त्र बलों द्वारा अग्निवीरों के रूप में सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की भी आलोचना की। उन्होंने इस योजना को युवाओं के लिए छल बताया।

### न्याय यात्रा के लिए चंदा देने में आंध्र प्रदेश सबसे आगे

**अमरावती।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए चंदा देने के मामले में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर है। आंध्र प्रदेश ने पूर्व-पश्चिम यात्रा के लिए अब तक 1.02 करोड़ रुपए से अधिक का दान दिया है। कांग्रेस सांसद और तेलंगाना के पार्टी प्रभारी मनिकम टैगोर ने सोमवार को सबसे अधिक सार्वजनिक दान वाले पांच राज्यों की सूची साझा की। आंध्र प्रदेश से दान 1,02,32,907 रुपए है। 86,42,697 रुपए के दान के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर है। हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक क्रमश: तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर है।

---

# जयंत ने एनडीए में शामिल होने का किया एलान

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने एनडीए में शामिल होने का एलान किया है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने एनडीए में जाने के सवाल पर अपना रुख साफ कर दिया है। जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने अपने सारे विधायकों से बात कर ली है। हमें अल्प समय में फैसला लेना पड़ा, परिस्थितियां ऐसी थीं कि एनडीए के साथ जाने का फैसला लिया, वहीं जयंत चौधरी ने कहा



■ बोले, मैंने सभी विधायकों से बात कर ली है
■ परिस्थितियां ऐसी थीं कि एनडीए के साथ जाने का फैसला लिया

कि हमारे सभी विधायक और कार्यकर्ता हमारे साथ हैं।

हाल ही मोदी सरकार द्वारा जंयत चौधरी के दादा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का एलान किया गया था, जिसके बाद से जयंत चौधरी के एनडीए में जाने की अटकलें थी। हालांकि अब उन्होंने साफ कर दिया है कि वह जल्द ही बीजेपी के साथ गठबंधन करेंगे। जयंत चौधरी इससे पहले विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का हिस्सा थे और सपा ने रालोद को सात सीटों पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था।

---

# उप मुख्यमंत्री का पद संविधान का उल्लंघन नहीं: सुप्रीम कोर्ट

जनहित याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों में उप मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी' की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री सिर्फ एक पदवी है, जो किसी भी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं करती है। पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वकील से कहा कि उप मुख्यमंत्रियों को केवल दूसरे मंत्रियों से वरिष्ठ माना जाता, लेकिन वे उनसे अधिक वेतन नहीं लेते हैं। इसके बाद वकील ने दलील दी कि उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति सरकारी विभाग में अन्य अधिकारियों के लिए गलत उदाहरण स्थापित कर रही है।

---

राजनीति | लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी सोनिया!

# रायबरेली से प्रियंका को चुनाव लड़ाने की तैयारी

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस नेंता सोनिया गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। यह बात तकरीबन तय हो गई है। लेकिन साथ ही यह संकेत मिल रहे हैं कि 10 जनपथ पर सोनिया गांधी का वर्चस्व बना रहेगा। वे इस बार राजस्थान के रास्ते उच्च सदन यानि राज्यसभा पहुंच सकती है।**

बतादें कि मौजूदा समय में सोनिया गांधी उत्तर प्रदेश से कांग्रेस का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाली एक मात्र सांसद हैं।

■ राजस्थान कोटे से राज्यसभा जा सकती हैं सोनिया

उनके इस बार रायबरेली से चुनाव न लड़ने पर पार्टी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बना सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया राजस्थान के रास्ते



राज्यसभा पहुंच सकती है। इस आशय का एक प्रस्ताव भी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस समिति ने पार्टी हाईकमान को भेज दिया है। इससे पहले उनके हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा जाने की अटकलें लगाई जा रही थी।

### गांधी परिवार के लिए खास रही है रायबरेली सीट

मालूम हो कि रायबरेली लोकसभा सीट कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए हमेशा से खास रही है। यहां से सोनिया से पहले अरुण नेहरू, इंदिरा गांधी,,शीला कौल और फीरोज गांधी जैसे नेता कांग्रेस का लोकसभा के लिए प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। लेकिन सोनिया गांधी अगर यहां से चुनाव नहीं लड़ती हैं तो इस सीट को बचाना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती हो सकती है।

# देश

**उवाच**

"भाजपा किसी का सम्मान नहीं बल्कि डीलिंग करती है। लालू जी का बेटा हूं, डरुंगा नहीं। अब कोई बच्चा भी नीतीश कुमार पर भरोसा नहीं करेगा। हम लोग इधर उधर नहीं जाते हैं। हमलोग विचारधारा को मानने वाले लोग हैं।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 20.0 | 11.0 |
| मुंबई | 27.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 24.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# मोदी सरकार में देश पर कर्ज बढ़ा : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के संसद के आखिरी सत्र में अर्थव्यवस्था को लेकर लाए गए श्वेत पत्र को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए इसे देश के लोगों के साथ सबसे बड़ा मजाक बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार का श्वेत पत्र झूठ है और जनता को गुमराह करने वाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जीडीपी विकास दर छह प्रतिशत से नीचे आ गई। लोगों की आय घटी, उपभोग घटा, बेरोजगारी बढ़ी। निवेश घटा, महंगाई बढ़ी और बचत खत्म हो गई। देश पर कर्ज बढ़ा, रुपया घटा। पेट्रोल और डीजल महंगा हुआ। बेरोजगारी सबसे बड़ी त्रासदी बनी। उत्पादन और सर्विसेज में रोजगार घटे। मनरेगा पर ज्यादा खर्च करना पड़ा। शिक्षा और स्वास्थ्य में कम पैसा खर्च हुआ और निजी निवेश गिरा।

**श्वेत पत्र में अपने दस साल के कार्यकाल को फर्जी तरीके से संसद में रखा**

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आगे कहा कि विडंबना यह है कि सरकार ने श्वेत पत्र में अपने 10 साल के कार्यकाल को फर्जी तरीके से संसद में रखा। इससे भी बड़ी विडंबना ये है कि मोदी सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रही बल्कि उसने 10 साल पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के समय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। उन्होंने श्वेत पत्र पर सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि मेरी मोदी सरकार को खुली चुनौती है। वे अपने बनाए मानक पर कांग्रेस और भाजपा सरकार के 10 साल के आंकड़े रखकर देख ले-दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा, लेकिन मैं जानती हूं कि मोदी सरकार की ऐसा करने की न हैसियत है और ना ही उसमें हिम्मत है। मोदी सरकार के श्वेत पत्र पर वित्त मंत्रालय से



**भाजपा सरकार में जीडीपी विकास दर छह प्रतिशत से नीचे आई लोगों की आय घटी व बेरोजगारी बढ़ी : सुप्रिया श्रीनेत**

साजिशन वैधता ली गई है। प्रवक्ता ने कहा कि जिस श्वेत पत्र में साजिशन वित्त मंत्रालय की वैधता ली गई है, उस वैधता को देने में मंत्रालय के ऐसे अधिकारी भी शामिल हैं जिन्हें खुद के किए कामों को नकारना पड़ा। साजिशों के बावजूद कांग्रेस शासन के 10 वर्षों की जीडीपी भाजपा सरकार के 10 वर्षों से कहीं अधिक थी।

**अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार के श्वेत पत्र को बताया झूठ का पुलिंदा**

श्रीनेत ने कहा कि कोरोना महामारी से पहले देश की जीडीपी आधी हो गई थी जिसका मुख्य कारण नोटबंदी और गलत जीएसटी को लागू करना था। उनका कहना था कि 2016 के बाद 2019 में जीडीपी दर 3.9 प्रतिशत पर आ गई और देश को 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी का सामना करना पड़ा। यह सरकार की विफल नीतियों का प्रमाण है, जिसका ठीकरा कोरोना पर नहीं फोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि आज भी देश की जीडीपी छह प्रतिशत के आसपास है, जबकि दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से उबरकर आगे बढ़ चुकी हैं। कृषि क्षेत्र में नौकरियों का बढ़ना और मैन्युफैक्चरिंग तथा सर्विस क्षेत्र में नौकरियां घटना- किसी भी बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। मोदी सरकार में मैन्युफैक्चरिंग की औसत विकास दर छह प्रतिशत से कम रही है जबकि कांग्रेस के समय इसकी जीडीपी में हिस्सेदारी 17 प्रतिशत थी, जो अब 14 प्रतिशत रह गई है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उपभोग कम हो गया है और लोगों की आय नहीं बढ़ रही है। सरकार में ग्रामीण श्रमिकों की आय सिर्फ एक प्रतिशत बढ़ी है।

## पिछले चार साल में 33 हजार एमएसएमई हुए बंद : कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि देश में नौकरी छोटे-लघु-मध्यम उद्योग बनाते हैं लेकिन पिछले चार साल में 33 हजार एमएसएमई बंद हो गए हैं। आज जन्म ले रहे हर बच्चे के ऊपर एक लाख 13 हजार रुपए से ज्यादा का कर्ज चढ़ा दिया गया है। कांग्रेस सरकार के दौरान यह कर्ज 58 लाख करोड़ रुपए का था और अब मोदी सरकार में 173 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हो गया है। उन्होंने मोदी सरकार को जुमलेबाज करार दिया और कहा कि उसकी गारंटी के जुमला इस प्रकार हैं। उन्होंने कहा हर साल दो करोड़ रोजगार, 15 लाख सबके खाते में आएंगे,100 दिन में वापस आएगा काला धन, पेट्रोल- डीजल 35 रुपए लीटर मिलेगा, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी होगी, 2022 तक 5 ट्रिलियन इकोनॉमी होगी, 2022 तक सभी के सिर पर छत होगी, 2022 तक 100 स्मार्ट सिटी बनेंगी, मोदी सरकार कहती है बेरोजगारी नहीं है जबकि आईटी कंपनियों ने साल 2023 में दो लाख 60 हजार नौकरियां घटा दीं। 15 लाख आएंगे- लेकिन देश से भागने वालों को आज तक नहीं ला पाई। किसानों की आय दोगुनी होगी- लेकिन किसान दिन में 27 रुपए कमा रहा है।

## कश्मीर घाटी में ठंड का प्रकोप जारी

**श्रीनगर,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। कश्मीर घाटी में हिमपात के बाद अब दिन में धूप खिलने लगी है लेकिन रात में ठंड का प्रकोप जारी है। पिछले सप्ताह समूची घाटी में रात का तापमान हिमांक बिंदु से नीचे दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक रविवार की रात के दौरान न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री का और सुधार हुआ। श्रीनगर में कल रात शून्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 3 .6 डिग्री सेल्सियस तापमान नीचे दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय पर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के पिकनिक स्थल कोकेरनाग में पिछले दिन के 3.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में कई डिग्री का सुधार हुआ। पहलगाम में रात का तापमान शून्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 7.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे के मुकाबले शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

# महर्षि दयानंद सरस्वती ने नई चेतना का किया संचार : मुर्मू

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गुजरात के टंकारा में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर 200वें जन्मोत्सव-ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत भूमि महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत विभूतियों के जन्म से धन्य हुई है। स्वामी जी ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्य को सिद्ध करने के लिए 'सत्यार्थ प्रकाश' नामक अमर ग्रन्थ की रचना की। उनके आदर्शों का लोकमान्य तिलक, लाला हंसराज, स्वामी श्रद्धानंद और लाला लाजपत राय जैसी महान हस्तियों पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि स्वामी जी और उनके असाधारण अनुयायियों ने भारत के लोगों में नई चेतना और आत्मविश्वास का संचार किया। मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 19वीं सदी के भारतीय समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने समाज को आधुनिकता और सामाजिक न्याय का रास्ता दिखाया। उन्होंने बाल विवाह और



- **महर्षि दयानंद सरस्वती के स्मरणोत्सव समारोह में हुईं शामिल**
- **समाज को आधुनिकता व सामाजिक न्याय का दिखाया रास्ता**

बहुविवाह का कड़ा विरोध किया और विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित किया। उनके द्वारा फैलाये गए प्रकाश ने रूढ़ियों और अज्ञानता के अंधकार को दूर किया। वह प्रकाश तब से हमारा मार्गदर्शन कर रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। राष्ट्रति ने कहा कि अगले वर्ष आर्य समाज अपनी स्थापना के 150 वर्ष पूरे करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आर्य समाज से जुड़े सभी लोग एक बेहतर विश्व बनाने के स्वामीजी के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ का असम दौरा आज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को असम की यात्रा पर रहेंगे और राज्य के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि धनखड़ 13 फरवरी को असम के गुवाहाटी पहुंचेंगे और असम के सर्वोच्च राज्य नागरिक पुरस्कारों असम बैभव, असम सौरव और असम गौरव अर्पण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

### मप्र में कई स्थानों पर बारिश के साथ गिरे ओले

**भोपाल।** मौसम के बदले मिजाज के बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान मध्यप्रदेश के अनेक स्थानों पर बारिश के साथ ओले गिरे, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचा है। मौसम विज्ञान केन्द्र भोपाल के वैज्ञानिकों ने आज यहां बताया कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के मंडला, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, कटनी, जबलपुर, उमरिया, अनूपपुर, छिंदवाड़ा में बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, बैतूल और नर्मदापुरम जिलों में कहीं कहीं वर्षा हुई है। ओले गिरने से कुछ स्थानों पर फसलों के नुकसान की भी सूचना है।

### ओडिशा में वन्यजीव अपराधी को किया गया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक वन्यजीव अपराधी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से तेंदुए की खाल जब्त की। एसटीएफ सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुये, एसटीएफ की एक टीम ने कंधमाल वन अधिकारियों और पुलिस की मदद से कंधमाल जिले के दरिंगबाड़ी पुलिस स्टेशन के तहत दरिंगबाड़ी घाटी में सोमवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कंधमाल जिले के गोहीबाड़ी गांव के घेनेश्वर प्रधान नामक एक वन्यजीव अपराधी को पकड़ा गया। एसटीएफ कर्मियों ने उसके कब्जे से एक तेंदुए की खाल, एक देशी पिस्तौल और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की।

### नरनारायण शास्त्री प्रौद्योगिकी संस्थान का किया उद्घाटन

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित जेतलपुर में नरनारायण शास्त्री प्रौद्योगिकी संस्थान (नरनारायण शास्त्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-एनएसआईटी) का उद्घाटन किया। शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि स्वामीनारायण भगवान के चरणों ने जेतलपुर गांव और कालुपुर गादी संस्था को शिक्षा के धाम के रूप में बदला है। स्वामीनारायण संप्रदाय ने पूरे जगत के कल्याण के लिए कई प्रवृतियों और अनेक मंदिरों के निर्माण से व्यक्ति, परिवार, धर्म के प्रति आस्था और धार्मिक चेतना जगाने का काम किया है।

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा

**लखनऊ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में अब 21 फरवरी तक ही रहेगी। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को बताया कि उत्तर प्रदेश





- **बोर्ड परीक्षाओं व छात्र-छात्राओं के हितों को देखते लिया फैसला**

में बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए गांधी ने अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय उत्तर प्रदेश में घटाया है। यूपी बोर्ड की परीक्षायें 22 फरवरी से शुरु हो रही हैं। इससे पहले के कार्यक्रम के अनुसार यात्रा को 16 से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश में रहना था जबकि पुन: निर्धारित कार्यक्रम में यात्रा का समय 16 से 21 फरवरी कर दिया गया है। नये कार्यक्रम के अनुसार यात्रा अब मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, बरेली, अलीगढ़ आदि जिलों में प्रवेश नहीं करेगी।

16 फरवरी को यात्रा वाराणसी से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी और भदोही, प्रयागराज, प्रतापगढ़ के रास्ते 19 फ़रवरी को अमेठी पहुंचेगी जहां गांधी अमेठी लोकसभा के गौरीगंज में जनसभा को संबोधित करेंगें। उन्होने बताया कि 20 फरवरी को यात्रा रायबरेली होते हुए लखनऊ में प्रवेश करेगी जहा रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है। 21 फ़रवरी को यात्रा का अगला पड़ाव उन्नाव होगा। उन्नाव शहर और शुक्लागंज होते हुए यात्रा कानपुर में प्रवेश करेगी जहां से हमीरपुर होते हुए झांसी पहुंचेगी और 21 फरवरी को ही मध्य प्रदेश में प्रवेश कर जाएगी।

## ममता ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

# केंद्र ने राज्य के 1.18 लाख करोड़ नहीं किए जारी

**कोलकाता,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि उनकी सराकर पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने राज्य के 1.18 लाख करोड़ रुपए जारी नहीं किए हैं। ममता बनर्जी का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब टीएमसी के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। ईडी राशन घोटाले समेत कई और घोटालों की जांच कर रही है।

विपक्षी भाजपा भ्रष्टाचार के आरोपों पर टीएमसी पर हमलावर है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार राज्य के लोगों के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, लेकिन उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने ये बातें कही। संदेशखाली और अपनी पार्टी के नेता



**भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाकर सरकार को बदनाम करने का हो रहा प्रयास : ममता बनर्जी**

शाहजहां शेख को लेकर ममता बनर्जी और टीएमसी विपक्षी पार्टियों के निशाने पर है। संदेशखाली में महिलाओं ने हाल ही में विरोध प्रदर्शन किया और शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों पर लोगों की जमीन हड़पने का आरोप लगाया था। महिलाओं ने ये भी दावा किया था कि शाहजहां शेख और टीएमसी नेताओं ने उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। इस मामले में ममता बनर्जी ने कहा कि सरकार उचित कदम उठा रही है। राज्य महिला आयोग की टीम को वहां भेजा गया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी संदेशखाली का दौरा किया। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस सोमवार सुबह केरल से कोलकाता पहुंचे। इसके तुरंत बाद वह उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली के लिए रवाना हुए। जहां स्थानीय महिलाएं पिछले कुछ दिनों से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहीं थीं। महिलाओं का उन पर यौन उत्पीड़न और बलपूर्वक जमीन के पट्टे कब्जाने का आरोप है। संदेशखली में स्थानीय महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने जो देखा वह भयानक और चौंकाने वाला था और उनके होश देने वाला था। उन्होंने कहा कि उनके अधिकारी क्षेत्र में जो कुछ हो सकता है, वह करेंगे। बोस ने लोगों से मुलाकात के बाद कहा कि वह वहां हुई घटनाओं से हैरान हैं। उन्होंने उनकी कलाई पर राखी बांधन वाली महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

राज्यपाल बोस ने कहा कि मैंने जो देखा वह भयावह, चौंकाने वाला और मेरे होश उड़ा देने वाला था। मैंने कुछ ऐसा देखा जो मुझे कभी नहीं देखना चाहिए था। मैंने बहुत सी बातें सुनीं जो मुझे कभी नहीं सुननी चाहिए थी। मुझे भरोसा नहीं हो रहा है कि कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि में ऐसा हो रहा है।

## कोई भी राज्य विकास में हमारा मुकाबला नहीं कर सकता

**ममता** बनर्जी ने कहा कि केंद्र सरकार की आर्थिक नाकेबंदी के बावजूद राज्य सरकार ने गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि कोई भी राज्य या देश विकास के मामले में हमारा सामना नहीं कर सकता। ये भी तब है, जब केंद्र ने हमें वंचित रखने की कोशिश की , लेकिन हम हमारे लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लाने में सफल रहे।

# कर्नाटक के किसानों को तुरंत रिहा करें मध्य प्रदेश सरकार : सिद्दारमैया



- **दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करने जा रहे थे किसान**

**बेंगलुरु,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार से दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने जा रहे कर्नाटक के किसानों को तुरंत रिहा करने को कहा। सिद्दारमैया ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हुबली के किसानों की गिरफ्तारी तब हुई, जब वे कल दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के लिए जा रहे थे। यह अत्यधिक निंदनीय है। मैं मांग करता हूं कि मध्य प्रदेश सरकार हमारे राज्य के गिरफ्तार किए गए सभी किसानों को तुरंत रिहा करें और उन्हें अनुमति दें, जिससे वे दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में भाग ले सकें। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरफ्तारियां मप्र सरकार ने की हैं, लेकिन इसके पीछे की चाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब पहली बार भाजपा कर्नाटक में सत्ता में आई, तो बीएस येदियुरप्पा के नेतृत्व वाली सरकार ने उर्वरक मांगने वाले किसानों को गोली मार दी गई।

## डराकर किसानों के संघर्ष को दबाया नहीं जा सकता

सिद्दारमैया ने कहा कि उन्हें गिरफ्तार करके और डराकर किसानों के संघर्ष को दबाया नहीं जा सकता। इस तरह के दमन से और अधिक किसान सड़कों पर उतर सकते हैं, लेकिन धरती के पुत्रों और पुत्रियों का संघर्ष बंद नहीं होगा। अगर केंद्र सरकार वास्तव में शांति और व्यवस्था की परवाह करती है, तो उसे किसानों की मांगों को तुरंत पूरा करना चाहिए और उन्हें चुप कराने के लिए दमन तथा क्रूरता करने के बजाय समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, चाहे वह केंद्र में हो या राज्यों में, जब भी भाजपा सत्ता में आती है, इतिहास गवाह है कि उनकी आक्रामकता का पहला कदम किसानों के खिलाफ होता है।

## त्रिपुरा में छात्र संगठनों ने सड़क, रेल नाकाबंदी ली वापस

**अगरतला,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। त्रिपुरा के छात्र संगठनों द्वारा सोमवार सुबह कोकबोरोक भाषा के छात्रों को रोमन लिपि में आगामी बोर्ड परीक्षा लिखने की अनुमति देने की मांग को लेकर शुरू की गई अनिश्चितकालीन सड़क और रेल नाकाबंदी राज्य सरकार की सहमति के बाद समाप्त कर दी गई। एक मीडिया बयान में कहा गया है कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारें कोकबोरोक भाषा के छात्रों को अपनी आगामी माध्यमिक और उच्च-माध्यमिक परीक्षाओं को बंगाली और रोमन लिपियों में लिखने की अनुमति देने पर सहमत हुई हैं।

इसके अलावा, मुख्य विपक्षी टीआईपीआरए मोथा के संस्थापक और शाही वंशज प्रद्योत किशोर देबबर्मन ने फेसबुक लाइव पर घोषणा की कि राज्य के सर्वोच्च अधिकारी और केंद्र में उचित स्तर ने उन्हें सूचित किया है कि कोकबोरोक भाषा के छात्र पहले के अवसर में दोनों लिपियों में परीक्षा दे सकते हैं। उन्होंने इसे मूल समुदायों की जीत बताया।

# सेल्फी प्वाइंट भाजपा सरकार का चुनाव हथकंडा : पिनाराई

**तिरुवनंतपुरम,**12 फरवरी (एजेंसियां)। राशन की दुकानों पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो वाले साइन बोर्ड और फ्लैक्स बैनर प्रदर्शित करने के केंद्र सरकार के फैसला का केरल में पालन नहीं किया जाएगा। सोमवार को राज्य सरकार ने इस बात की जानकारी दी। विधानसभा सत्र के दौरान आईयूएमएल विधायक द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि सेल्फी अभियान ऐसे समय पर हो रहा है जब देशभर में लोकसभा चुनाव नजदीक है, उन्होंने इस तरह के फैसले को भाजपा के चुनाव अभियान का हिस्सा करार दिया। इसके साथ ही विधानसभा सत्र के दौरान सदन को बताते हुए मुख्यमंत्री पिनाराई ने कहा कि इसके बारे में हम केंद्र सराकर को सूचित करेंगे कि यह सही नहीं है, ये राज्य में लागू करना मुश्किल है। इस मुद्दे पर हम चुनाव आयोग से भी संपर्क करेंगे। गौरतलब है कि पहले राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री जी आर अनिल ने कहा था कि केंद्र ने केरल में 14,000 से अधिक राशन की दुकानों पर प्रधानमंत्री की तस्वीर वाले फ्लेक्स और बैनर प्रदर्शित करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने चुनिंदा 550 राशन दुकानों पर पीएम के सेल्फी प्वाइंट लगाने के भी निर्देश दिए और अधिकारियों से इसका निरीक्षण करने को कहा। इसके साथ ही खाद्य और नागरिक आपूर्ति के लोगो वाले बैग का उपयोग करने के निर्देश भी जारी किए।



- **राशन की दुकानों पर मोदी के बैनर लगाने को बताया गलत**

**राहत** *इस बार मात्र 36 दिन बंद रहा श्रीनगर-लेह राजमार्ग*

# सोनमार्ग से द्रास तक करना होता है सबसे अधिक मुसीबतों का सामना

**सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, 12 फरवरी (देशबन्धु)। इस बार मात्र 36 दिनों के बाद ही श्रीनगर-करगिल-लेह मार्ग को खोल दिया गया है। यह पहली बार हुआ है कि इस वर्ष फरवरी के महीने में ही इस सबसे ऊंचे स्थल जोजिला दर्रो को खोल दिया है। 11,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित जोजिला की एक। रणनीतिक दर्रा माना जाता है जो चीन सीमा के अतिरिक्त लद्दाख को शेष देश से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अममून जोजिला दर्रा हर साल नवम्बर के अंत तक बंद हो जाता है, सर्दियों की शुरुआत के साथ, जब तापमान शून्य से कई डिग्री कम हो जाता है। अभी तक यह दर्रा 6 महीनों तक बंद रहा करता था पर कुछ सालों से कम बर्फबारी और सीमा सड़क संगठन की मेहनत का नतीजा है कि इसे इस बार मात्र 36 दिनों के बाद ही खोल दिया गया। जानकारी के लिए श्रीनगर-लेह राजमार्ग के छह महीनों तक बंद होने से लाखों लोगों का संपर्क शेष विश्व से कट जाता है और ऐसे में उनकी हिम्मत काबिले सलाम है। बात उन लोगों की हो रही है जो जान पर खेल कर लेह-श्रीनगर राजमार्ग को यातायात के लायक बनाते हैं। बात उन लोगों की हो रही है जो इस राजमार्ग के बंद हो जाने पर कम से कम 6 माह तक जिन्दगी बंद कमरों में इसलिए काटते हैं क्योंकि पूरे विश्व से उनका संपर्क कट जाता है। श्रीनगर से लेह 434 किमी की दूरी पर है। पर सबसे अधिक मुसीबतों का सामना सोनमार्ग से द्रास तक के 63 किमी के हिस्से में होता है। पर बीआरओ के जवान इन मुसीबतों से नहीं घबराते। वे बस एक ही बात याद रखते हैं कि उन्हें अपना लक्ष्य पूरा करना है। तभी तो इस राजमार्ग पर बीआरओ के इस नारे को पढ़ जोश भरा जा सकता है जिसमें लिखा होता है:'पहाड़ कहते हैं मेरी ऊंचाई देखो, हम कहते हैं हमारी हिम्मत देखो।' भयानक सर्दी, तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे। खतरा सिरों पर ही मंडराता रहता है। पर बावजूद इसके बीआरओ के जवान राजमार्ग को यातायात के योग्य बनाने की हिम्मत बटोर ही लेते हैं। आप सोच भी नहीं सकते कि मौसम इस राजमार्ग पर कितना बेदर्द होता है।



- **11,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित है जोजिला दर्रा**

सोनमर्ग से जोजिला तक का 24 किमी का हिस्सा सारा साल बर्फ से ढका रहता है और इसी बर्फ को काट जवान रास्ता बनाते हैं। रास्ता क्या, बर्फ की बिना छत वाली सुरंग ही होती है जिससे गुजर कर जाने वालों को ऊपर देखने पर इसलिए डर लगता है क्योंकि चारों ओर बर्फ के पहाड़ों के सिवाय कुछ नजर नहीं आता। याद रहे साइबेरिया के पश्चात द्रास का मौसम सबसे ठंडा रहता है। जहां सर्दियों में अक्सर तापमान शून्य से 49 डिग्री भी नीचे चला जाता है। राजमार्ग को सुचारू बनाने की खातिर दिन-रात दुनिया के सबसे खतरनाक मौसम से जूझने वाले इन कर्मियों के लिए यह खुशी की बात हो सकती है कि पिछले 3 सालों से किसी हादसे से उनका सामना नहीं हुआ है।

उल्टा पुल्टा

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# कैपिटल ज़ोन

# अन्नदाता से बातचीत करे सरकार : गोपाल राय

- केंद्र से किया प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत करने का आग्रह
- सिंघू, गाजीपुर व टिकरी बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने सोमवार को केंद्र सरकार से प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत करने और उनकी मांगें पूरी करने का आग्रह किया। राय ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि किसानों के 13 फरवरी के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए केंद्र द्वारा उठाए गए सुरक्षा उपाय औपनिवेशिक युग से भी अधिक सख्त हैं। कई किसान संगठनों ने अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून की मांग को लेकर 13 फरवरी को मार्च का आह्वान किया है। यह उन शर्तों में से एक है जो उन्होंने 2021 में अपना आंदोलन वापस लेने पर सहमति व्यक्त करते समय निर्धारित की थी। राय ने कहा कि किसान सभी को अन्न उपलब्ध कराने का काम करते हैं। 13 फरवरी के उनके विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर केंद्र अत्यधिक कड़े उपाय लेकर आया है जो औपनिवेशिक युग से भी अधिक सख्त हैं। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र से आंदोलनकारी किसानों से बातचीत करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आग्रह करता हूं। आप ने संवाददाता सम्मेलन में सिंघू, गाजीपुर और टिकरी बॉर्डर पर कीलों तथा अवरोधकों के साथ-साथ अन्य सुरक्षा उपायों को दिखाने वाला एक कथित वीडियो भी दिखाया।



विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए केंद्र द्वारा उठाए गए सुरक्षा उपाय औपनिवेशिक युग से भी अधिक सख्त : गोपाल राय

**दौ सौ किसान संगठनों ने किया दिल्ली चलो मार्च का आह्वान**

किसानों के 'दिल्ली चलो मार्च' से पहले दिल्ली पुलिस ने सिंघू, गाजीपुर और टिकरी बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है तथा प्रदर्शनकारियों को ले जाने वाले वाहनों को शहर में प्रवेश करने से रोकने के लिए अवरोधकों के साथ-साथ कील भी लगा दी हैं। 'दिल्ली चलो मार्च' का आह्वान लगभग 200 किसान संगठनों ने किया है और मंगलवार को तीन रायों से बड़ी संख्या में किसानों के राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने की उम्मीद है। राय ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, डॉक्टर अंबेडकर समेत कई स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर आधारित बनी फिल्मों में इस तरह के दृश्य देखे जाते हैं। उन फिल्मों को देखकर पता चलता है कि ब्रिटिश हुकूमत किस क्रूरता के साथ देश के लोगों को गुलाम बनाए रखने और आजादी की मांग को कुचलने के लिए सभी हदों को पार कर देती थी। आज अगर स्वतंत्रता सेनानियों की आत्मा देख रही होगी तो उनको भी भरोसा नहीं हो रहा होगा कि आजाद हिंदुस्तान में केंद्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में किसान शांतिपूर्वक दिल्ली आना चाहते हैं और उनको रोकने के लिए सड़कों पर दीवारें खड़ी कर दी गई है।

शायद इतनी मजबूत दीवार तो भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर पर भी नहीं बनी है। वहां भी गेट खोला और बंद किया जाता है। पत्थर की दीवारों के सामने कीलें लगाई गई हैं।

## राजधानी पहुंचने पर परिषद करेगा किसानों की सेवा :रोमी भाटी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भारतीय गुर्जर परिषद ने अपने केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक की। इस बैठक में 25 फरवरी को जंतर-मंतर पर होने वाली डीएनटी महापंचायत पर जिम्मेदारियां तय की गईं। परिषद के अध्यक्ष जगदीश लोहिया ने बताया की मीटिंग में ये फैसला किया कि हम दिल्ली के लगभग हर गांव में जायेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे की ये मुद्दे की अहमियत डीएनटी के अंतर्गत आने वाली सभी जातियों को समझ आए। वहीं, उपाध्यक्ष धर्मवीर बसोया ने बताया कि आज हमने संघठन के लोगों की जिम्मेदारियां तय की हैं और महापंचायत की सफलता में कई राज्यों के लोगों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जबकि, भारतीय गुर्जर परिषद के राष्ट्रीय सचिव रोमी भाटी ने बताया कि परिषद ने फैसला किया है की आंदोलन के लिए दिल्ली पहुंच रहे किसानों की सेवा में परिषद समर्पित रहेगा और अपनी तरफ से जो भी बन पड़ेगा उनकी सहायता की जायेगी। इसके लिए परिषद किसान मोर्चा से संपर्क करने का फैसला लिया है। भाटी ने ये भी बताया कि जम्मू-कश्मीर में नए एसटी आरक्षण बिल के विरोध में चल रहे प्रदर्शन और आंदोलन का पूरा समर्थन देते हैं और हम उन्हे आश्वासन देते हैं की उनके इस अन्याय के खिलाफ दिल्ली में उनकी आवाज बनेंगे और सरकार पर दबाव बनाएंगे। भाटी ने बताया कि जम्मू कश्मीर एसटी आरक्षण बिल आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहे स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ कश्मीर के प्रतिनिधि अजहर भड़ाना ने हमसे मुलाकात की और अपने मुद्दे को विस्तार से समझाया और हमने उन्हें हम हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इस बैठक में महासचिव के पी सिंह, नीतू भड़ाना, अन्नू भड़ाना, एडवोकेट सुनील बैंसला, राजेश नागर आदि मौजूद रहे।

# सरस्वती पूजा समारोहों में निभाए सक्रिय भूमिका : तिवारी

- सांस्कृतिक रूप से जोड़ने के प्रयास में लगा भाजपा का पूर्वांचल मोर्चा



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सरस्वती पूजा उत्सव में सहभागी होंगे भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के नेता, कार्यकर्ता। भाजपा दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा ने दिल्ली में अवस्थित पूर्वांचली समाज द्वारा उत्साह और उमंग से मनाए जाने वाले सरस्वती पूजा उत्सव के लिए विशेष तैयारियां की है इस पूरे अभियान को गति प्रदान करने के लिए मोर्चा ने एक सरस्वती पूजा के लिए अपने पदाधिकारियों की टास्क फोर्स का भी गठन किया है। इस संबंध में पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि यूं तो गुप्त नवरात्रि का महत्व भारत के समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग परंपराओं के रूप में मनाया जाता है मगर बिहार, यूपी, झारखंड सहित पूर्वांचल समुदाय के बीच विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती के पूजन की परंपरा अति प्राचीन है जहां जहां भी पूर्वांचली समाज रहता है वहां वो छठ पूजा की ही तरह सरस्वती पूजा का विषेश आयोजन करता है दिल्ली में भी पूर्वांचल बहुल इलाकों में सरस्वती पूजा घूम धाम से मनाया जाता है उस दिन वसंत ऋतु के आगमन का स्वागत भी होता है और उत्सव धर्मी पूर्वांचली समाज गीत ग व न इ´, नाटक, संगीत का भव्य आयोजन करता है इस बार पूर्वांचल मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वो अपने अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले पूजा समारोहों में सक्रिय भूमिका निभाएं। तिवारी ने बताया कि दिल्ली के कई सरस्वती पूजा उत्सव में केन्द्रीय भाजपा नेता भी पधारेंगे। ज्ञान विज्ञान और विद्या के इस अनुष्ठान में शामिल होकर पूर्वांचली समाज के बीच भाजपा अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही है दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा केंद्रीय नेतृत्व को सरस्वती पूजा उत्सव से जोड़कर सांस्कृतिक संदेश देना चाहता है।

## सार संक्षेप

### डाटा इंट्री ऑपरेटर ने मांगो के संबंध में नेता विपक्ष की मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि जब से आम आदमी पार्टी ने निगम में सत्ता संभाली है तब से दिल्ली नगर निगम में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों का बार-बार 45 दिन का अनुबंध करके उनका शोषण किया जा रहा है। अभी तक के आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में डाटा एंट्री ऑपरेटर्स की अनुबंधित कंपनी को दो बार बदला जा चुका है जिसके कारण उन्हें काफ़ी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि अपनी मांगों को लेकर दिल्ली नगर निगम में कार्यरत 896 डाटा एंट्री ऑपरेटर कल से दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे और भारतीय जनता पार्टी उनका समर्थन करेगी। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को नियमित वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है और जो वेतन मिल रहा है उसमें भी कटौती की जा रही है जिसके कारण उन्हें पारिवारिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही ईपीएफ और ईएसआई के भुगतान का अभी विवरण नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण भी डाटा इंट्री ऑपरेटर्स को काफ़ी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि डाटा इंट्री ऑपरेटर की माँग है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा उनको सीधे अनुबंध पर लगाया जाए न कि किसी कंपनी के माध्यम से जिसके कारण उनकी वेतन विसंगतियां दूर होगी।

### चुनौतियों से उबरते हुए ट्रैवल इंडस्ट्री सुधार की राह पर

**नई दिल्ली।** बड़ी चुनौतियों से उबरते हुए ट्रैवल इंडस्ट्री सुधार की राह पर बढ़ रही है। वर्क इंडिया की ओर से जारी आंकड़ों से इस सेक्टर में आई तेजी को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पिछले साल की तुलना में इस सेक्टर में रोजगार के अवसर 11 प्रतिशत बढ़े हैं और आवेदकों की संख्या 5 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट में इस सेक्टर में जनसांख्यिकी, शहर और लोगों की रुचि एवं रोजगार की उपलब्धता के बीच संबंध भी सामने आया। इसमें शेफ, ड्राइवर, रिसेप्शनिस्ट जैसी विभिन्न भूमिकाओं में बढ़ती मांग पर फोकस किया गया। रिपोर्ट को लेकर वर्कइंडिया के सीईओ एवं सह-संस्थापक नीलेश डुंगरवाल ने कहा कि जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, ट्रैवल इंडस्ट्री में रोजगार के अवसरों में वृद्धि देखने को मिल रही है। खर्च करने की बढ़ती क्षमता के साथ-साथ आज के युवा अपनी अतिरिक्त आय को यात्रा के लिए खर्च को प्राथमिकता देने लगे हैं। इस इंडस्ट्री में रोजगार के लिए 18 से 30 साल की उम्र के लोगों के आवेदन 87.32 प्रतिशत बढ़े। लेकर रुचि स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इस मामले में टियर 1 शहर मोस्ट प्रेफर्ड डेस्टिनेशन के रूप में सामने आए। जॉब की उपलब्धता के मामले में दिल्ली 31.78 प्रतिशत, मुंबई 27.21 प्रतिशत और बेंगलुरु 9.48 प्रतिशत अग्रणी रहे।

### यथार्थ हॉस्पिटल ने एशियन फिदेलिस हॉस्पिटल का 116 करोड़ रुपए में किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** यथार्थ हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा केयर सर्विसेज ने फरीदाबाद स्थित एशियन फिदेलिस हॉस्पिटल का 116 करोड़ रुपए में अधिग्रहण किया है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाता ने सोमवार को बताया कि उसने खरीद के लिए प्रिस्टिन इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड और उसके शेयरधारकों के साथ निश्चित समझौता किया है। वर्तमान में वह एनसीआर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तीन सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल संचालित करता है। यथार्थ अस्पताल के पूर्णकालिक निदेशक यथार्थ त्यागी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि यह अधिग्रहण हमारी कंपनी की उत्तर भारत क्षेत्र में अपनी पहुंच बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है।

# राजधानी के बाजारों की अब इलेक्ट्रिक मशीनों से होगी सफाई : शैली ओबरॉय



- निगम की आप सरकार का बड़ा फैसला

## बाजारों की एक दिन में दो बार होगी सफाई

दिल्ली के बाजारों की एक दिन में दो बार सफाई होगी। बाजारों में भारी भीड़ होने के चलते तेजी से गंदगी फैलती है। निगम की आप सरकार दिल्ली के बाजारों को साफ-सुथरा बनाना चाहती है। ऐसे में सुबह और दोपहर में सफाई करवाने की योजना है। आम आदमी पार्टी की सरकार के पहले बजट में भी इसका ऐलान किया गया है कि जल्द दिल्ली के बाजारों की दिन में दो बार सफाई होगी।

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली के बाजारों की अब इलेक्ट्रिक मशीनों से सफाई होगी। पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत कल मंगलवार से होगी। निगम मुख्यालय सिविक सेंटर से मेयर हरी झंडी दिखाकर सुबह 10 बजे आठ मशीनों को रवाना करेंगी। पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने पर पूरी दिल्ली के बाजारों की सफाई इलेक्ट्रिक मशीनों के जरिए होगी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि ये सक्शन मशीनें हैं बिना धूल फैलाए कचरा खींच लेती हैं। ये मशीनें पर्यावरण के अनुकूल हैं क्योंकि ये बैटरी से संचालित होती हैं, इनसे ध्वनि प्रदूषण नहीं होता है। मशीन एक दिन में 4-5 बार डंप करती थी जो प्रति दिन 800-1000 लीटर कूड़े के संग्रहण के बराबर होता है। उन्होंने बताया कि मशीन में बिन कंटेनर है, जिसका वॉल्यूम 240 लीटर है और 200 एएच लिथियम-आयन बैटरी की मजबूत बैटरी क्षमता है। इन मशीनों में उच्च परिचालन दक्षता है। बैटरी का बैकअप का 8 से 10 घंटे का है, जो बिना किसी रुकावट के लंबे समय तक उपयोग और उत्पादकता बढ़ाता है। इसके अलावा बाजारों की निर्बाध सफाई को सक्षम बनाता है। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा इन 8 मशीनों को दिल्ली में बाजारों की सफाई के लिए पायलट प्रोजेक्ट पर लगाया जाएगा।



किसानों के दिल्ली कूच को लेकर दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर किसानों को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाए गए पुलिस बैरिकेड्स। फोटो इम्तियाज खान

# महावीर स्वामी के निर्वाण महोत्सव का किया गया आयोजन



मोहन भागवत ने की कार्यक्रम में शिरकत

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में विज्ञान भवन, नई दिल्ली के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति (पंजीकृत) द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ संचालक डॉ. मोहन राव भागवत आमंत्रित रहे एवं भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव के प्रेरणा स्रोत राष्ट्रसंत परम्पराचार्य प्रज्ञसागर जी मुनिराज एवं चतुर्थ पट्टाचार्य सुनील सागर मुनिराज, डॉ. राजेन्द्र मुनि एवं साध्वी अनिमा जी म.सा. साध्वी प्रीति जी म.सा. व डॉ. अनिल अग्रवाल के पावन सान्निध्य में सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव को संपूर्ण देश एवं विश्व भर में पूरे एक वर्ष तक उत्साह पूर्वक मनाने का संकल्प लिया गया। इस उपलक्ष्य में '2550 सूत्रम' पुस्तक का विमोचन डॉ. मोहन भागवत के करकमलों द्वारा किया गया इस अवसर पर जैन समाज ने उन्हें पेंटिंग एवं चांदी का कलश भेंट किया।

## शिरोमणि अकाली दल ने एकनाथ छिंदे के नाम सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। सोमवार को शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल द्वारा राजधानी दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में रेजिडेंट कमिश्नर रूपिंदर सिंह से मुलाकात करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ छिंदे के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए सरदार सरना ने बताया कि ज्ञापन में तख्त सचखंड अबचल नगर श्री हजूर साहिब प्रबंधकीय बोर्ड 1956 एक्ट को रद्द कर नया एक्ट लागू करने का विरोध प्रकट किया गया है और इस मुद्दे पर विचार करने के लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा है। सरना ने कहा कि यह एक्ट सिखों से विचार-विमर्श किये बिना एकतरफा लाया गया है, जिसके चलते सिखों में भारी रोष है। इस कदम ने हमारे धार्मिक संस्थानों की पवित्रता और स्वायत्तता पर संभावित अतिक्रमण के बारे में गंभीर चिंताएं भी पैदा की हैं। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ मंजीत सिंह जीके, करतार सिंह चावला, डॉ. परमजीत सिंह राणा, सरबजीत सिंह दारा, जितेंद्र सिंह सोनू, सतनाम सिंह खीवा, भूपिंदर सिंह पीआरओ, महेंद्र सिंह आदि गणमान्य शख्सियतें उपस्थित रहीं।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'आगाज-24' की हुई शुरुआत

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में सोमवार को वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आगाज़-24' का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. एम. बी. गौड़ ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्र जीवन मे खेलकूद का बहुत महत्व होता है, इस से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास भी होता है। खेल हमें टीम भावना से काम करने को प्रेरित करते हैं, साथ ही यह विषम परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता को भी बढ़ाते हैं। आगाज़ समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार ने बताया कि 12 से 16 फरवरी तक चले वाले इस कार्यक्रम में कबड्डी, टेबल टेनिस, बेडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, रस्साकशी आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. जयसिंह यादव ने बताया कि इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक शैक्षणिक प्रोफेसर भरत भोयर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमेर सिंह, अतिरिक्त निदेशक वित्त सुनीता नारंग इंचार्ज एकेडेमिक डॉ. पूजा सभरवाल, स्पोर्ट्स समन्वयक डॉ. रिजु अग्रवाल, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. अटल बिहारी त्रिवेदी सहित समस्त संकाय सदस्य तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

| |
|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थान :** रेल भवन के ग्राउंड, पहली, दूसरी, चौथी, पांचवीं, छठी मंजिल पर टेली सुविधाओं और पीएई सिस्टम का नवीनीकरण/उन्नयन। |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 7,25,82,930.91/- मात्र |
| **धरोहर राशि :** रु. 5,12,900.00/- मात्र |
| **कार्यालय का पता :** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :** निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 11.03.2024, 15.00 बजे तक |
| **वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

No.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपनटेंडर-990 दिनांक: 12.02.2024 467/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/इ- निविदा सूचना/84/2023-24/W-3 दिनांक: 10.02.2024

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के तहत एसएसई/पी.वे/डीएलआई के अनुभाग में यार्ड के सुधार के लिए अतिदेय संपत्तियों और टर्नआउट का नवीनीकरण। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | Rs. 2,06,18,835.12/- (मात्र दो करोड़ छह लाख अठारह हजार आठ सौ पैंतीस और बारह पैसे) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | Rs. 2,53,100/- (दो लाख तिरपन हजार एक सौ रुपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.03.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 452/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**आयोजन** *श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजित*

# सशक्त महिला शक्ति को गुलाम बनाना असंभव : बांसुरी

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय नारी शक्ति का प्रतीक होने के साथ साथ समाज का आईना भी है इस शास्वत सत्य को भगवान श्रीकृष्ण ने भी स्वीकारा है। यह वक्तव्य देश की पूर्व विदेश मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी एवं भाजपा दिल्ली प्रदेश की मंत्री एडवोकेट बांसुरी स्वराज ने पूर्वी दिल्ली के एजीसीआर एनक्लेव में श्री कृष्ण जन्म भूमि की मुक्ति व धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं के कल्याणार्थ सिद्ध पीठ श्री सीताराम संतसेवा मंदिर एवं गौशाला सेवा परिवार के संयोजन में चल रहे 8 दिवसीय अष्टोत्तर शत परायण श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव में दिया।

इस दौरान उनके साथ मुख्य यजमान रजनीश गुप्ता, राजीव शर्मा, गणेश बड़डे, शैलेश कुमार वर्मा, भाजपा नेता विपिन जैन, पीएमए अध्यक्ष रमेश गर्ग व कांग्रेस नेता गुरचरण सिंह राजू भी मौजूद रहे। ज्ञान यज्ञ महोत्सव में बांसुरी स्वराज ने भागवत भगवान श्री कृष्ण, महामंडलेश्वर श्री राम गोविन्द दास महात्यागी जी महाराज, यज्ञाचार्य शशि भूषण शास्त्री (अयोध्या) व भागवत कथा मर्मज्ञ हेमन्त कृष्ण ठाकुर सहित 108 भागवत महा पुराण का परायण कर रहे मथुरा, काशी, उज्जैन, अयोध्या, नैमिषारण्य के 108 प्रकण्ड ब्राह्मणों का आशीर्वाद लेने के पश्चात महोत्सव स्थल पर उपस्थित महिला शक्ति के अपर जनसमूह को संबोधित करते हुए यह संदेश भी दिया कि जिस राष्ट्र की महिला शक्ति सशक्त है उसे कोई गुलाम नहीं बना सकता। बांसुरी स्वराज ने श्रीमद भागवत महापुराण में महिला शक्ति से जुड़े इतिहास की विवेचना करने के साथ देश के इतिहास की अनेकों वीरांगनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि भारतीय नारी अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए जान दे सकती है, तो जान लेने का साहस भी रखती हैं। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण ने हमेशा नारी को शक्ति स्वरूपा की संज्ञा दी है । इतिहास इस बात का गवाह है कि पूरी महाभारत नारी के सम्मान के लिए लड़ी गई। इस लिए अपने आसपास की महिलाओं का पूरा सम्मान करें। कृष्ण की कृपा पाने का ये सबसे सरलतम मार्ग है।



महोत्सव में विक्की आहूजा , सुशील गुप्ता, एस बी शर्मा, भगवत प्रसाद रुस्तगी, विपिन भारद्वाज, वेद प्रकाश शर्मा, माला देवी, राकेश शर्मा, मनीष गोयल, अभिनव मित्तल, राजेश शर्मा, योगेन्द्र गोयल व राधेश्याम गोयल सहित भारी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

नगर निगम की परिवर्तन दल की टीम आज सिटीजन के नूर नगर पहुंची और वहां पर खसरा नंबर 305 की 1640 वर्ग मीटर भूमि पर अभियान चला कर खाली कराया बाजार में इस भूमि की कीमत करीब 10 करोड़ रुपए है नगर निगम में भूमि को अपने कब्जे में लेकर निर्माण विभाग को बाउंड्री करने के निर्देश भी दे दिए हैं।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

# सीएजी को प्राधिकरण देगा एक साल का रिपोर्ट कार्ड

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) ने नोएडा प्राधिकरण से जुड़े कामकाज की एक बार फिर जांच शुरू कर दी है। इस बार जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक की फाइलों को खंगालना शुरू किया है। पूरे साल भर के विभागीय रिकार्ड, जिसमें लैंड, अलाटमेंट, आवंटी का नाम, कितनी धनराश में आवंटन से लेकर आवंटल के नियम तक सभी जानकारी मांगी गई है। ये जानकारी एक विभाग के हेड को एक प्रोफ्रामा में भरकर देनी है। जिसे कार्यलय आदेश के साथ प्राधिकरण के औद्योगिक, वाणिज्यिक, संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग, लैंड में भेज दिया गया है। प्रोफार्मा के तहत काम भी शुरू कर दिया गया है। इसके बाद सीएजी की ओर से आपत्तियां लगाई जाएंगी। जिनका जवाब देना होगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि जांच करने के लिए सीएजी की तीन सदस्यीय टीम आ गई है। इसके लिए प्राधिकरण में एक कमरा उनको अलॉट कर दिया गया है। इस जांच को कंपलॉयस ऑडिट का नाम दिया गया है। इसमें प्राधिकरण की तरफ से विभिन्न काम के लिए जारी किए गए टेंडर, परियोजना की लागत समेत अन्य बिंदुओं

**■ जांच के बाद लगाई जाएंगी आपत्तियां जिनका देना होगा जवाब**

पर जांच होगी। प्राधिकरण की तरफ से आपत्तियों का जबाव दिए जाने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। गौरतलब है कि यूपी में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाजियाबाद में आयोजित एक जनसभा में कहा था कि अगर यूपी में भाजपा सरकार आती है तो प्राधिकरण में बीते सालों में हुए गड़बड़ियों की जांच सीएजी से कराई जाएगी। इसके बाद प्रदेश में सत्ता में भाजपा सरकार आ गई। उसी साल सीएजी ने वर्ष 2017 में पहली बार प्राधिकरण में जांच के लिए कदम रखा था। प्रदेश सरकार के निर्देश पर पहले चरण में वर्ष 2004-05 से लेकर वर्ष 2017-18 तक के कामकाज की जांच की गई। इसको परफॉर्मेंस ऑडिट का नाम दिया गया था। इसमें प्राधिकरण की तरफ से तैयार किए नियमों के अंतर्गत जांच की गई थी। इस दौरान 200 से अधिक आपत्तियां लगाते हुए करीब 400 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की थी। सीएजी को 30 हजार करोड़ रुपए की गड़बड़ी मिली थी। इसकी लोक लेखा समिति सुनवाई कर रही है। सीएजी ने वर्ष 2022 में नोएडा प्राधिकरण के कामकाज की जांच की थी। अलग-अलग विभागों के 12 कामकाज में प्राधिकरण को गड़बड़ी मिली थी। ये आपत्तियां लगाते हुए सीएजी ने प्राधिकरण के अधिकारियों से जवाब मांगा था। अभी इन आपत्तियों को लेकर सुनवाई चल रही है। वर्ष 2018 से 2021 तक के कामकाज की जांच सीएजी कर चुकी है। इन चार साल में प्राधिकरण को 53 काम में गड़बड़ी मिली थी। इस दौरान सबसे ज्यादा गड़बड़ी सिविल, भूलेख व नियोजन विभाग के काम में मिली थी। बताया जाता है कि इनमें से 3-4 आपत्तियों को समाप्त कर दिया गया है। इन मामलों में भी समय-समय पर सुनवाई होती है।

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर एक्सप्रेस वे पर रहेगा डायवर्जन

**■ सघन चेकिंग के बाद ही वाहनों को निकाला जाएगा**

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कल मांगों को लेकर किसानों का दिल्ली कूच किया जाना है। इसको देखते हुए गौतमबुद्धनगर से दिल्ली सीमा लगने वाले सभी बॉर्डरों पर बैरियर लगाकर दिल्ली पुलिस एवं गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा सघन चैकिंग की जाएगी। इस कारण गौतमबुद्धनगर से दिल्ली बॉर्डर लगने वाले मार्गो पर यातायात दबाव बढ़ने की स्थिति में आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्जन किया जाएगा। असुविधा होने पर हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर फोन कर सकते है।

ऐसे में पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए दिल्ली जाने वाले आमजन यातायात असुविधा से बचने के लिए मेट्रों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। यमुना एक्सप्रेस-वे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर दिल्ली जाने वाले, सिरसा से परीचौक होकर सूरजपुर जाने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों का आगमन प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालक यातायात असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग कर गंतव्य की ओर जा सकते है।

■ चिल्ला बॉर्डर से दिल्ली जाने वाले वाहन सेक्टर 14ए फ्लाई ओवर से गोलचक्कर चौक सेक्टर 15 होकर संदीप पेपर मिल चौक, झुण्डपुरा चौक से गंतव्य को जा सकेगा।

■ डीएनडी बॉर्डर से दिल्ली जाने वाले वाहन फिल्मसिटी फ्लाई ओवर से सेक्टर 18 होकर एलीवेटेड का प्रयोग कर गंतव्य को जा सकेगा।

■ कालिन्दी बॉर्डर से दिल्ली जाने वाले वाहन महामाया फ्लाई ओवर से सेक्टर 37 होकर गंतव्य को जा सकेगा।

■ यमुना एक्सप्रेस-वे का प्रयोग कर दिल्ली जाने वाला यातायात जेवर टोल से खुर्जा की ओर उतरकर जहांगीरपुर होकर गंतव्य को जा सकेगा।

■ पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से उतरकर सिरसा, परीचौक होकर दिल्ली जाने वाला यातायात सिरसा पर न उतरकर दादरी, डासना होकर गन्तव्य को जा सकेगा।

■ आपातकालीन वाहनों को डायवर्जन के दौरान सुरक्षित गन्तव्य की ओर भेजा जाएगा।

# शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए नगर निगम चला रहा वॉटर स्प्रिंकलर व एंटी स्मोक गन



**गाजियाबाद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। शहर में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए गाजियाबाद नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। जिसमें 36 वॉटर स्प्रिंकलर, 5 एंटी स्मोक गन, 9 रोड स्वीपिंग मशीन रोस्टर के क्रम में पांचो जोन में चल रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार संबंधित विभाग स्वास्थ्य तथा जलकल कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, नगर आयुक्त द्वारा मशीनों के क्रम को बढ़ाने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी तथा महाप्रबंधक जल को कहा गया है।वायु गुणवत्ता प्रबंधक आयोग की गाइडलाइन के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर वासियों को वायु प्रदूषण न फैलाने के लिए अपील भी कर रहा है। रोड स्वीपिंग मशीन के द्वारा शहर की मुख्य सड़कों को धूल मुक्त करने का कार्य चल रहा है, एंटी स्मोक गन हवा में पानी का छिड़काव कर रही है। इसी प्रकार स्प्रिंकलर मशीन के द्वारा सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया जा रहा है, ऐसी गतिविधियां जिनके द्वारा प्रदूषण बढ़ने की आशंका रहती है उन पर रोक भी लगाई जा रही है।

नगर आयुक्त ने शहर की प्रदूषित हवा को शुद्ध करने का प्रयास करने के क्रम में शहर वासियों से सहयोगिकी अपील भी की गई है जिसमें शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ शहर को प्रदूषण मुक्त करने में भी सहयोग के लिए अपील की गई है। गाजियाबाद नगर निगम की टीम के द्वारा होटल रेस्टोरेंट पर चलाई जा रहे तंदूर, ऐसे उपकरण जो प्रदूषण फैला रहे हैं उनको रोकने का कार्य भी किया जा रहा है, जनप्रतिनिधि एयर क्वालिटी सुधार में भी सहयोग करते हुए क्षेत्रवासियों को भी जागरूक कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### गाली गलौज के बाद सीईओ को धक्का देकर दांत तोड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-38 स्थित नोएडा गोल्फ कोर्स (एनजीसी) के सीईओ को एक सदस्य ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इससे सीईओ को चोट लगी और दांत से खून निकलने लगा। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-39 थाने में की है। शिकायत में ड स्टीवन मेनेजेस ने बताया कि वह सेक्टर-38 स्थित नोएडा गोल्फ कोर्स के सीईओ और सचिव हैं। रविवार शाम चार बजकर 45 मिनट पर एनजीसी के सदस्य गाजियाबाद निवासी राहुल नेहरा जबरदस्ती सीईओ के कार्यालय में घुस आए। इस दौरान सीईओ प्रबंधन बोर्ड के सदस्य योगेन जेठी समेत अन्य लोगों के साथ गंभीर विषय पर चर्चा कर रहे थे। आरोप है कि राहुल ने चर्चा में बाधा डाली और कुत्तों का मुद्दा उठाया। सीईओ ने भरोसा दिया कि मामले की जानकारी संबंधित देखभाल कर्ता को दी जाएगी और हानिरहित कुत्तों की देखभाल भी की जाएगी। राहुल नेहरा ने सुझाव पर ध्यान नहीं दिया और गाली गलौज करते हुए धमकी देने लगे। उसे जब कार्यालय से बाहर निकालने का प्रयास किया गया तो वह बाहर नहीं निकला और गाली गलौज करते हुए आक्रमक हो गया। इस दौरान राहुल ने सीईओ को धक्का देकर नीचे गिरा दिया जिससे शिकायतकर्ता को चोट लगी और दांत से खून निकलने लगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष का संयुक्त रूप से स्वागत



**नोएडा।** सेक्टर-14ए कंट्रोल रूम पर युवा कांग्रेस गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष जावेद खान/युवा कांग्रेस नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नीरज आवाना द्वारा प्रथम नोएडा जिला गोतमबुद्धनगर आगमन पर पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला का संयुक्त रूप से जोरदार स्वागत फूल माला व पगड़ी पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन इस्तकबाल किया। नोएडा में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पारस शुक्ला के द्वारा जय जवान और रोजगार दो न्याय दो की नोएडा में शुभारंभ किया गया। नोएडा सीमा में प्रवेश के साथ युवा साथियों ने अध्यक्ष का प्रथम आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला ने कहा कि नोएडा के युवा साथीयो का धन्यवाद सफल शुभारंभ के लिए। नोएडा आगमन पर इस्तकबाल करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट नगीना लोकसभा चुनाव पर्यवेक्षक दिनेश अवाना, मेरठ जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रदेश सचिव जनाब नसीम खान, नोएडा सिविक सोशल आउटरीच युवा अध्यक्ष मोहम्मद चांद, शौकत अल्वी, सन्नी, नितिन, मदन, साबिरीन, शबाना, गुलनाज, परवेज़ व अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष ने पीडीए पंचायत में बताई सपा की नीतियां, भाजपा की विफलताएं

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। सपा नोएडा महानगर द्वारा पॉकेट 7 सेक्टर-82 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर




आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में पीडीए जन पंचायत आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि नोएडा में जब से समाजवादी पार्टी की सरकार गई है, तब से एक विकास कार्य नहीं हुआ है। सड़कों पर बारिश में पानी भर जाता है, सीवर लाइन उबाल मार रही है, हर सेक्टर में धारा 10 के नोटिस भेज के जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है। महंगाई पर कोई बात नहीं करना चाहता। मिडल क्लास के लिए ये सरकार सिर्फ छलावा कर रही है। धर्म के नाम पर देश को गुमराह कर रही है। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि पीडीए शोषित वंचित वह प्रताड़ित लोगों की रक्षा करेगा। पूर्व महासचिव राघवेंद्र दुबे ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीति और तानाशाही के चलते आज देश व प्रदेश बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान ने कहा की पीडीए की मजबूती से हर वर्ग सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी महानगर सचिव पंकज झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महासचिव विकास यादव, राघवेंद्र दुबे, शालिनी खारी, नेहा पांडे, सौरभ चौहान, के एस यादव, एनके सोलंकी, सुबोध प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# 12वीं मंजिल से कूदकर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-75 में पंचशील सोसाइटी में 58 साल से व्यक्ति ने 12वीं मंजिल से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। गार्ड ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक काफी महीनों से डिप्रेशन में थे। उनका इलाज चल रहा था। वह पहले भी कई बार सुसाइड करने का प्रयास कर चुके थे। मृतक दिल्ली स्थित इंडियन इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड में काम करता था

**■ तनाव का चल रहा था इलाज, पहले भी गोलियां खाकर आत्महत्या का किया था प्रयास**

सेक्टर-75 में स्थित पंचशील सोसाइटी में गौरव भट्टाचार्य अपनी पत्नी के साथ रह रहे थे। वह एक सरकारी विभाग के कर्मचारी थे। पत्नी ने बताया कि गौरव पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। सोमवार सुबह करीब 3 बजे उनकी पत्नी की आंख खुली तो उन्हें गौरव भट्टाचार्य कमरे में नहीं दिखाई दिए। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। लेकिन बालकनी का दरवाजा खुला हुआ था। बालकनी से नीचे झांकने पर पति जमीन पर पड़े दिखाई दिए। शोर मचाने गार्ड और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी।

आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। लेकिन इससे पहले ही गौरव ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर थाना 113 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गौरव पिछले कई दिनों से तनाव में चल रहे थे। तनाव से बचने के लिए वह कई तरह की दवाइयां भी ले रहे थे। पहले भी वह कई बार गोलियां खाकर सुसाइड का प्रयास कर चुके है। इस घटना के बाद से पूरी सोसाइटी में हड़कंप का माहैल है। बता दे नोएडा में हाइराइज इमारतों से कूदकर सुसाइड की घटना लगातार बढ़ रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह मानसिक स्वास्थ्य का खराब होना है। इस वजह से लोग सुसाइड का कदम उठा रहे है।



# नगर निगम ने सिटी जोन में खाली कराई 10 करोड़ की जमीन

**गाजियाबाद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम में सोमवार को सिटी जॉन के नूर नगर में अभियान चलाकर करीब 10 करोड़ रुपए की भूमि अवैध कब्जे से मुक्त कराई।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि नगर निगम की परिवर्तन दल की टीम आज सिटीजन के नूर नगर पहुंची और वहां पर खसरा नंबर 305 की 1640 वर्ग मीटर भूमि पर अभियान चला कर खाली कराया बाजार में इस भूमि की कीमत करीब 10 करोड रुपए है नगर निगम में भूमि को अपने कब्जे में लेकर निर्माण विभाग को बाउंड्री करने के निर्देश भी दे दिए हैं।

# उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने में खर्च होंगे 49 करोड़

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के उद्योग मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाना है। इसका एस्टीमेट तैयार किया गया है। मॉडल रोड बनाने के लिए इस पर करीब 49 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। डिजाइन के अनुरूप ही एस्टीमेट बनाया गया है। जिसे प्राधिकरण सीईओ के समक्ष रखा जाएगा। वहां से अप्रूवल मिलने के बाद प्राधिकरण टेंडर जारी कर किसी एक कंपनी को काम अलॉट करेगा। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-11 झुंड पुरा से लेकर सेक्टर-15 गोलचक्कर तक पूरी रोड करीब 2.5 किमी लंबी है। इसे ही मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सड़क के बीच में डिवाइडर लगाए जाएंगे। जिसे कभी हटाया जा सकता है। सड़क के दोनों ओर 2-2 मीटर चौड़े फुटपाथ बनाया जाएगा। इलेक्ट्रिक लाइनों को अंडरग्राउंड किया जाएगा। इन लाइनों के अलावा अन्य केबिल के लिए डक्ट बनाए जाएंगे। जिससे कभी खराब होने पर सड़क की खुदाई नहीं करनी पड़े। इसके अलावा यहां स्ट्रीट लैंप लगाए जाएंगे। इससे जुड़े पार्क का सौंदर्यीकरण की जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां सबसे बड़ी चुनौती सड़क के किनारे बने कार शो रूम है। जिनकी कारों ने सड़क की चौड़ाई को खत्म कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इसका एक रास्ता निकाला गया है। जिसमें फुटपाथ के साथ ग्रिल लगाई जाएगी। जिससे कार सड़क पर नहीं खड़ी हो सकेंगी।

# हिस्ट्री शीटर को पुलिस ने मारी गोली

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। थाना फेस-3 पुलिस ममूरा चौक पर चैकिंग कर रही थी। दसी दौरान पुलिस ने मामूरा की तरफ से आ रही संदिग्ध मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार पुलिस टीम को देखकर मेट्रो सेक्टर 59 की ओर भागने लगा। पुलिस पार्टी ने मोटर साइकिल का पीछा किया। पीछा करने के दौरान बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायर किया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने फायर किसा। गोली बदमाश के पैर में लगी। घायल अवस्था में बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाश की पहचान

**■ घायल अवस्था में गिरफ्तार, 12 से ज्यादा दर्ज है मुकदमें**



विदेशपाल उर्फ चेंटा पुत्र बिश्ना निवासी बसई थाना फेस-3 के रूप में हुई। ये राह चलते लोगों को तमंचे के बद पर लूटता था। इसने चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दिया है। ये थाना फेज-3 से हिस्ट्री शीटर भी था। पुलिस को काफी दिनों से चकमा दे रहा था। मुखबीर से जानकारी मिलने पर पुलिस ने इसे पकड़ा। इसके ऊपर लूट और चोरी के 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। इसके आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। इसके और साथियों की तलाश की जा रही है। जिसे ये चोरी का मॉल बेचता था।

# अमानत में खयानत मामले में चालक समेत दो पर केस दर्ज

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। 34 हजार 500 रुपये लेने के बाद भी निर्धारित समय पर गंतव्य तक वाहन नहीं पहुंचाने के मामले में चालक समेत दो के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा में सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। केस गेल इंडिया के डीजीएम की ओर से दर्ज कराया गया है।

शिकायत में सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसाइटी निवासी रवगेन लोयिंग ने बताया कि उन्हें अपनी एक्सयूवी कार नोएडा से गुवाहाटी भेजनी थी। इसके लिए शिकायतकर्ता ने डीटीडीसी पैकर्स एंड मूवर्स के माध्यम से राहुल नाम के व्यक्ति से 14 दिसम्बर को संपर्क किया। इसके लिए राहुल द्वारा बताए गए खाते में शिकायतकर्ता ने 34 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। राहुल ने जितेंद्र नाम के ड्राइवर को 17 दिसम्बर को भेजा, जिसने घर से गाड़ी उठाई और आठ से दस दिन में गाड़ी गंतव्य तक पहुंचाने की बात की। दावा है कि 48 दिन के बाद शिकायतकर्ता का वाहन गुवाहाटी नहीं पहुंचा है। शिकायतकर्ता के पूछने पर आरोपी टालमटोल कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एमिटी के बाहर पुलिस ने चलाया अभियान

**नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-126 स्थित एमिटी यूनर्विसिटी के बाहर आए दिन मारपीट और स्टंट बाजी के वीडियो वायरल हो रहे थे। पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद भी स्टूडेंट्स नहीं मान रहे। इस क्रम में यहां एसीपी प्रथम नोएडा रजनीश वर्मा एवं एसीपी ट्रेफिक के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल द्वारा अभियान चलाया गया।

यहां नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों को हटाया गया। उनको सीज किया गया। इसके अलावा यहां लगी अवैध दुकानों को हटाया गया। इस मौके पर अवैध दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि दोबारा यहां इस तरह की दुकान लगाई गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसीपी ने बताया कि यहां नो पार्किंग



जोन में खड़ी 40 गाड़ियों के का चालान किया गया। पुलिस लाइट लगी एक गाड़ी से पुलिस लाइट हटवाते हुए आवश्यक कार्रवाई की गई।

**■ 40 वाहनों के किए चालान, 7 लग्जरी कार सीज, दुकानों को हटवाया**

वहीं सात कारों को सीज किया गया। सीज की गई सभी कार लग्जरी है। जिसमें दो थार भी शामिल है।

बता दे हाल ही में एमिटी यूनर्विसिटी के बाहर एक मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें स्टूडेंट्स के दो गुटो ने जमकर मारपीट की थी। इससे पहले भी यहां मारपीट और स्टंट बाजी के वीडियो वायरल हो चुके है। यही नहीं एमिटी के बाहर ट्रैफिक व पुलिस विभाग की ओर से ये लगातार चौथी बार की गई कार्रवाई है।

# सरकारी व्यवस्था से निराश राष्ट्रवादी जनसत्ता दल लगाएगा नि:शुल्क रेबीज वैक्सीन

**गाजियाबाद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रोजाना

**■ स्कूलों व घर-घर जाकर करेगा छात्रों व नागरिकों को जागरूक**

कहीं न कहीं से आम नागरिकों को कुत्तों काटे जाने की खबरें आ रही है, लेकिन स्वास्थ विभाग व अन्य सम्बंधित विभाग अख़बारी दावों के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। यहां तक कि पर्याप्त मात्रा में रेबीज वैक्सीन तक नहीं लगा पा रहा है। ऐसे में राष्ट्रवादी जनसत्ता दल ने आम नागरिकों को अपने स्तर पर राहत देने का बीड़ा उठाया है। पार्टी के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. बीपी त्यागी ने घोषणा की है कि उनका दल कुत्तों से पीड़ित नागरिकों को नि:शुल्क रेबीज वैक्सीन लगाएगा।डॉ. बीपी त्यागी ने एक बयान में दावा किया है कि गाजियाबाद



स्वास्थ्य विभाग को 100 करोड़ का बजट दिया था। जिसमें 10 फरवरी तक 50 करोड़ ही खर्च हो पाया है। रेबीज वैक्सीन के लिए गाजियाबाद की जनता को सरकारी अस्पताल से बहाना बनाकर भेजा जा रहा है। कि एक वायल में 5 टीके होते है, अगर उसको एक मरीज के लिए खोला तो वह बेकार हो जायेगा। उन्होंने सवाल किया है कि हमारा हेल्थ डिपार्टमेंट एक डोज़ वाले रेबीज के टीके की डिमांड नहीं करता।इससे पता चलता है कि स्वास्थ्य विभाग रेबीज के लिए कितना जागरूक है। उन्होंने कहा है कि पूरे संसार में रेबीज ही एक ऐसी बीमारी है जो 100 प्रतिशत जान लेवा है। रेबीज का टीका न लगाकर गाजियाबाद की जनता को मौत के मुंह में धकेला जा रहा है। यह तो साफ़ है कि स्वास्थ्य बजट का पूरा खर्च न होना माननीय योगी जी की तो गलती नहीं है। उन्होंने कहा कि आखिर हमारे जन प्रतिनिधि कब तक माननीय मोदी जी व योगी जी के कार्यों को जनता को दिखाकर अपनी जीत सुनिश्चित करेंगे वो कब ज़मीनी स्तर पर अपने आप को लाकर जनता की भलाई के लिए भागीदार बनेंगे? जनसत्ता दल अब रेबीज के लिए घर घर व हर स्कूल में जाकर रेबीज से बचने के लिए जानकारी देगा व यह सुनिश्चित करेगा कि गाजियाबाद व उत्तर प्रदेश में कोई भी व्यक्ति रेबीज की वैक्सीन के बिना न रहे।

# एंबुलेंस कर्मियों ने गर्भवती का कराया सुरक्षित प्रसव

**बुलंदशहर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद में लोगों को नि:शुल्क एंबुलेंस सुविधा का लाभ मिल रहा है। सोमवार की सुबह जनपद के गुलावठी क्षेत्र में तैनात एंबुलेंस कर्मियों ने गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया है। जिसके बाद जच्चा बच्चा को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती भी कराया है। गर्भवती महिला के परिजनों ने एंबुलेंस कर्मियों का आभार जताया है। बुलंदशहर के गुलावठी क्षेत्र के गांव बड़ी निवासी मोहम्मद अली ने उनकी पत्नी गुफस्ता को पर प्रसव पीड़ा होने पर नि:शुल्क एंबुलेंस 102 पर कॉल की। सूचना मिलते ही एंबुलेंस गर्भवती महिला के घर पहुंच गई। एंबुलेंस कर्मी गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में गर्भवती को प्रसाद पीड़ा होने पर एंबुलेंस कर्मियों ने गाड़ी को रोक लिया। जहां एंबुलेंस कर्मियों ने गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। एंबुलेंस मे किलकारी गूंजते ही शिशु के माता पिता ओर स्टॉफ के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। एंबुलेंस ईएमटी मुकेश कुमार, पायलट आबिद हुसैन ने एम्बुलेंस में ही सड़क किनारे प्रसव कराया है। इसके बाद गर्भवती महिला सहित नवजात शिशु को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में जिला प्रोग्राम मैनेजर योगेंद्र कुमार ने बताया सुरक्षित प्रसव के लिए समय-समय पर एंबुलेंस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। जनपद में एंबुलेंस का सभी ईएमटी और पायलट सुरक्षित प्रसव सहित प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित हैं।



**■ लोगों को मिल रहा नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा का लाभ**

उवाच “

चौधरी अजीत सिंह ने अपने जीवन में सदैव किसान वर्ग की सदैव लड़ाई लड़ी। जब वह केंद्र में कृषि मंत्री थे तो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं गन्ना किसान की मांग को लेकर गन्ना मिल की दूरी 45 किलोमीटर से काम करके 25 किलोमीटर पर नई चीनी मिल लगवाएं। देश का किसान सदैव उन्हें याद करता रहेगा।

जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष

# कैपिटल ज़ोन

## देश का पहला नोएडा एयरपोर्ट शुरू पहले से बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने के पहले दिन से ही दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों से एयरपोर्ट के लिए सीधी बस सेवा शुरू हो जाएगी। रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए चल रहे निर्माण कार्य को 30 अप्रैल तक पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में 80 अत्याधुनिक बसों का संचालन किया जाएगा। बसें सरकारी होंगी या निजी आपरेटर की इस पर बातचीत चल रही है। बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का निर्माण अंतिम चरण में है। रनवे बनकर तैयार हो गया है। आगामी सितम्बर माह से हवाई जहाजों की उड़ान होना प्रस्तावित है। ऐसे में एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी पर सबसे ज्यादा जोर दिया जा रहा है। बीते सप्ताह ही एयरपोर्ट साइट पर कनेक्टिविटी को लेकर बैठक हुई थी।



- **दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों से सीधी शुरू होगी बस सेवा**
- **नोएडा एयरपोर्ट का रोड कनेक्टिविटी 30 अप्रैल से पहले हो जाएगा पूरा**

एयरपोर्ट तक रैपिड रेल/ मेट्रो, लाइट रेल आदि परियोजनाओं के पूरा होने में 4 से 5 साल का समय लग सकता है। ऐसे में रोड कनेक्टिविटी का काम सबसे पहले पूरा किया जाना है। नोएडा एयरपोर्ट तक रोड मार्ग के जरिए पहुंचना सुगम हो सके, इसके लिए यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड से एयरपोर्ट तक बनने वाली 700 मीटर लंबी रोड का निर्माण पूरा होने वाला है। साथ ही ईस्टर्न पेरिफेरल को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए जगनुपर-अफजलपुर के पास इंटरचेंज का निर्माण किया जा रहा है। वहीं दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) द्वारा बल्लभगढ़ से दयानतपुर तक 31 किमी लंबे व 4 लेन के हाइवे का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके लिए दयानतपुर के पास इंटरचेंज बनाया जा रहा है।

इससे एयरपोर्ट की रोड कनेक्टिविटी मजबूत हो जाएगी। यीडा सिटी की 30 मीटर व 60 मीटर चौड़ी को भी कनेक्ट कर दिया जाएगा, ताकि लोग आसानी से एयरपोर्ट तक पहुंच सकें। रोड कनेक्टिविटी का काम पूरा हो जाने के बाद दिल्ली एनसीआर के किसी भी शहर से एयरपोर्ट तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा।

## अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने वालों को नहीं मिलेगा बिजली कनेक्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। ग्रेटर नोएडा में अवैध निर्माण रोकने के लिए प्राधिकरण ने कमर कस ली है। सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की अध्यक्षता में प्राधिकरण में बैठक हुई, जिसमें डीएम मनीष वर्मा सहित जिला प्रशासन, एनपीसीएल, यूपीपीसीएल और पुलिस महकमों के अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने पर विद्युत कनेक्शन न देने का निर्णय लिया गया।

अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण को रोकने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर अभियान चलाकर अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है।

प्राधिकरण की टीम रोजाना अलग-अलग जगहों पर जाकर अवैध निर्माण को ढहाने के साथ ही कालोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा रही है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए सीईओ की पहल पर सोमवार को प्राधिकरण में बैठक हुई। इस बैठक में डीएम मनीष वर्मा सहित जिला प्रशासन, एनपीसीएल, यूपीपीसीएल और पुलिस महकमों के कई अधिकारीगण शामिल हुए, जिसमें निर्णय लिया गया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण करने पर विद्युत कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदनों को एनपीसीएल/यूपीपीसीएल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भेजेंगे। प्राधिकरण से एनओसी दिए जाने पर विद्युत कनेक्शन मिलेगा। विद्युत कनेक्शन के आवेदनों पर निर्णय लेने के लिए हर शुक्रवार को शाम चार बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में संयुक्त समिति की बैठक होगी, जिसमें प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी के साथ ही एनपीसीएल/यपीपीसीएल, संबंधित एसडीएम व एसीपी शामिल होंगे। यही समिति उन आवेदनों पर बैठक करेगी। इसके साथ ही जहां भी अवैध निर्माण हुए हैं उन एरिया को चिंहित कर उनके खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। आवेदकों को सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही एक पोर्टल बनाया जाएगा। यह सिंगल विंडो सिस्टम की तरह काम करेगा।



- **ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ ने की बैठक, डीएम व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण हुए शामिल**
- **प्राधिकरण, जिला प्रशासन, एनपीसीएल/यूपीपीसीएल व पुलिस की संयुक्त समिति करेगी निर्णय**

इसी पोर्टल पर उपभोक्ता ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अपील की है कि कालोनाइजरों और भूमाफियाओं के बहकावे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। अधिसूचित एरिया में किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। इस बैठक में एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी हिमांशु वर्मा, ओएसडी विशु राजा, एनपीसीएल के जीएम सारनाथ गांगुली समेत अलग-अलग महकमों के तमाम वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण भूखण्ड नीलामी में एसवीजे ग्रुप ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कॉमर्शियल भूखंडों की योजना निकाली थी जिसकी नीलामी सोमवार को हुई, जिसमें रियल स्टेट से जुड़े देश भर के कारोबारियों ने हिस्सा लिया। प्राधिकरण ने 2580 मीटर के चार भूखंडों की नीलामी की। प्राधिकरण की तरफसे प्रत्येक प्लाट का रिजर्व मूल्य-24,45,00,00 रुपए था। नीलामी का समय 3 से 5 बजे तक था, इसमें पूरे प्रदेश के निवेशकों ने हिस्सा लिया। नीलामी में बोली लगने के साथ तीन घंटा अधिक लग गया। रिजर्व प्राइस के सापेक्ष प्लाट नंबर एसएलसी-1 अद्यान्त बिल्डकॉम एलएलपी ने 36 करोड़ में एसएलसी -2 प्लाट 33 करोड़ में जियोमाल इन्फ्राटेक को मिला। एसएससी-3 प्लाट, 34 करोड़ में एचएमएस इंफ्रा को मिला और एसएसएसी-4 प्लाट 34 करोड़ में श्री विनायका ग्रुप(एसवीजे) ने लिया। प्राधिकरण के 2580 मीटर वाले भूखण्ड एसएलसी 1 से 5 तक के चार प्लाट 10 करोड़ से 11 करोड़ के ऊपर बिके। एक अन्य भूखण्ड प्लाट अल्फा-दो सी-2 प्लाट 115 करोड़ में बिका, जिसे 6 करोड़ ऊपर के दाम पर मिगसन बिल्डर ने लिया। श्री विनायका ग्रुप जो ग्रेटर नोएडा की प्रमुख व नामी बिल्डर कंपनी है। इस कंपनी ने सभी प्लाटों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, सभी में दूसरे स्थान पर एसवीजी ग्रुप रहा। एसवीजे के चेयरमैन अंकुर मित्तल ने बताया कि योगी जी की सरकार में ग्रेटर नोएडा देश के निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। एसवीजी हमेशा निवेश यूपी में भाग लेकर सरकार व खरीदारों की उम्मीदों पर हमेशा रखा उतरेगी।



- **एसवीजे ग्रुप का शहर के विकास में योगदान,एसएलसी भूखण्ड-4 एसवीजे ग्रुप के हुआ नाम**

## बिजली की चपेट में आने से हुई मौत के मामले में आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**दनकौर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव निवासी एक व्यक्ति की बिजली के करंट की चपेट में आकर रविवार को मौत हो गई थी। जिसके परिवार के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सोमवार को मृतक के शव को बिजली घर के सामने रखकर हंगामा किया। बाद में मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ही लोग वहां से हट सके। रविंद्र(45) नाम के व्यक्ति के घर पर रविवार को एक कार्यक्रम था। जिसके चलते वह छत पर बैठे हुए थे। उसी दौरान 11 हजार वोल्ट के बिजली की करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी अस्पताल में मौत हो गई। परिवार के लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारियों से लाइन को हटवाने की कई बार मांग की गई थी। लेकिन उसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। आरोप है कि विभाग के अधिकारियों के लापरवाही की वजह से ही रविंद्र की मौत हुई है। सोमवार को जब उसका शव पोस्टमॉर्टम के बाद गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों ने पास में स्थित बिजली घर के सामने शव को रखकर करीब 2 घंटे तक हंगामा किया। बताया जाता है कि मृतक के चार छोटे बच्चे हैं। जिनका पालन पोषण रविंद्र की कमाई से ही होता था। बाद में बिजली विभाग के अधिकारियों ने परिवार को 5 लाख का मुआवजा देने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ही परिवार के लोगों ने शव को वहां से उठाकर उसका अंतिम संस्कार किया।



## रालोद ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. अजीत सिंह की मनाई जयंती



**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की 86वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर जनार्दन भाटी जिला अध्यक्ष ने बताया कि चौधरी अजीत सिंह ने अपने जीवन में सदैव किसान वर्ग की सदैव लड़ाई लड़ी। जब वह केंद्र में कृषि मंत्री थे तो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं गन्ना किसान की मांग को लेकर गन्ना मिल की दूरी 45 किलोमीटर से काम करके 25 किलोमीटर पर नई चीनी मिल लगवाएं। देश का किसान सदैव उन्हें याद करता रहेगा। सोमवार को पार्टी कार्यालय पर सुखपाल सिंह भाटी बुधराम भाटी, एस एस सिद्धू, सोमेंद्र अवाना सभी ने अपने साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ज्वाइन की। सभी साथियों का पार्टी के नेताओं में स्वागत किया। इस मौके पर जनार्दन भाटी एवं इंद्रवीर भाटी, अजीत सिंह दौला, हेमा पाठक, मनवीर भाटी, आजाद मलिक, हरवीर सिंह, जोगेंद्र तालान, प्रमोद भाटी, महेश बरेला, वीरेंद्र पूनिया, विनोद प्रधान, बिट्टू चौधरी, सुशील भाटी, दिनेश चौधरी, हरीश प्रधान, श्रीपाल भाटी, मनोज चौधरी, कुलदीप चाहर, नागेंद्र अत्रि, समीर चौधरी, सुखपाल भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइबर फॉरेन्सिक क्षेत्र में योगदान के लिए मिला अवॉर्ड

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। आईआईएमटी कॉलेज समूह को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर फॉरेंसिक रिसर्च इन फ्यूचर क्राइम से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड आईआईएमटी को साइबर फॉरेंसिक एरिया में बेस्ट रिसर्च के लिए दिया गया है। शिखर सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया गया, जिसमें कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने आरपीएफके पूर्व डीजी अरुण कुमार से पुरस्कार स्वीकार किया। सम्मेलन में डिजिटल अपराध, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फोरेंसिक और वित्तीय अपराध की रोकथाम के लिए विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। समिट का आयोजन फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के एआईआईडीई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के सहयोग से किया गया। इस दौरान आईआईएमटी कॉलेज समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा कि यह कॉलेज समूह के हर व्यक्ति के लिए गर्व की बात है कि इस सम्मान से आईआईएमटी को नवाजा गया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज साइबर सिंघम नाम से मशहूर डॉ. त्रिवेणी सिंह के मार्गदर्शन में कई प्रकार की टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है।



## स्थानीय युवाओं को मिले रोजगार : धीरू भैया

**रबूपुरा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। क्षेत्र में विकास के बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। यहां लगने वाली कंपनियों को स्थानीय युवाओं के लिए नौकरी देनी होगी अन्यथा बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। उक्त बातें भाकियू भूमि पुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरू भैय्या ने कस्बा स्थित मीणा धर्मशाला में आयोजित संगठन की बैठक के दौरान कहीं। साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याओं का समाधान करने में प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तदुपरांत संगठन विस्तार करते हुए गोपाल ठाकुर को नगर अध्यक्ष रबूपुरा, बोवी जिला महामंत्री, राकेश मीणा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, कुसुम देवी जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा नियुक्त किये गए। मुबीन पठान, शादाब जयसवाल, हेमंत प्रजापति, हैप्पी शर्मा आदि को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान एड0 राजीव शर्मा, जसवंत मीणा, कालू मीणा, विजय प्रताप सिंह, राकेश मीणा, आकाश शर्मा, एकांश सोनी, शेखर, अभिषेक, जितेंद्र भाटी, सुभाष चन्द आदि मौजूद रहे।



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गुनपुरा में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1080/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 26.08.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षों में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| गुनपुरा | 573 | रनवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री सेवादास, नि0 मौहल्ला नया बांस गढी दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती रामवती | 53 | पत्नी |
| | | | श्री सुभाष | 25 | पुत्र |
| | | | श्री सचिन | 17 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

नाम परिवर्तन

मैं तेजा गुर्जर, तेजराम सिंह पुत्र स्वः नत्थेसिंह निवासी गांव हलदौना तुगलपुर परी चौक ग्रेटर नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर का निवासी हूं उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है लेकिन भविष्य में मुझे तेजा गुर्जर के नाम से ही जाना जाये।

## ऑनलाइन चाइल्ड सेफ्टी प्रोग्राम के तहत मिला एक्सीलेंस अवार्ड

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कौशल्या वर्ल्ड स्कूल ग्रेटर नोएडा को दिल्ली के फ्यूचर क्राइम समिट 2024 द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन चाइल्ड सेफ्टी प्रोग्राम के तहत एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। चेयरपर्सन कुशल सिंह ने विद्यालय की ओर से यह सम्मान प्राप्त किया जिसे जानी-मानी हस्ती आईपी एस अरुण कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। यह महत्वपूर्ण विषय है कि विद्यालयों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर इस सम्मान के लिए सिर्फ कौशल्या वर्ल्ड स्कूल को ही चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस एस. सुंदरी नंदा स्पेशल सेक्रेटरी एट द मिनिस्ट्री ऑफहोम अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया सहित अनेक महान हस्तियों में लेफ्टिनेंट जनरल विनोद जी. खंडारे, लेफ्टिनेंट जनरल एम. यू नैयर डॉ. निखिल अग्रवाल, एडवाइजर डीएससीआई डॉ. विक्रम सिंह आदि अनेक उच्च पदासीन अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर वैष्णवी चौधरी और प्रधानाचार्या अंजलि मितल भी मौजूद थीं। कौशल्या वर्ल्ड स्कूल की चेयरपर्सन शल सिंह ने इस सम्मान को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रसन्नता जाहिर की और आशा जताई कि भविष्य में भी विद्यालय इस प्रकार की लाभकारी गतिविधियों में निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## दनकौर से लापता युवक की मेरठ में सिर कटा मिला शव

**दनकौर,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली क्षेत्र के मंडपा गांव के रहने वाले चार दिन से लापता एक युवक का मेरठ में सिर कटा शव बोरे में मिला है। पीड़ित स्वजन ने रविवार को दनकौर कोतवाली में अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मेरठ पुलिस ने मृतक की पहचान कर मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। स्वजनों को आशंका है कि किशोर की रंजिशन बेरहमी से हत्या की गई है। मंडपा गांव के रहने वाले दीन मोहम्मद ने रविवार को दनकौर कोतवाली में अपने 21 वर्षीय बेटा सुहैल की गुमशुदगी रविवार को दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि विगत आठ फरवरी को उनका बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। स्वजन द्वारा सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया गया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने के बाद पुलिस द्वारा इंटरनेट मीडिया पर फोटो और वीडियो प्रसारित कर शव की पहचान की अपील की गई थी। मृतक के फोटो और वीडियो देखकर पीड़ित स्वजन शव की पहचान करने के लिए सोमवार को मेरठ पहुंचे। स्वजन द्वारा शव की शिनाख्त सुहैल के रूप में कई गई। मृतक के शव के तीन हिस्सों हो रहे हैं साथ ही उसकी गर्दन को भी धड़ से अलग कर बोरे में बंद कर फेंक दिया गया था। बताया जाता है कि सुहैल का करीब पांच माह पहले से एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर वह फरार भी हो गया था। हालांकि बाद में पुलिस ने युवती को बरामद भी कर लिया था। इसके बाद दोनों पक्षों का समझौता भी हो गया था। युवती के स्वजन द्वारा उसकी शादी मेरठ क्षेत्र में की गई।



लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में युवती की शादी हुई है उसी क्षेत्र में मृतक युवक का शव मिला है। आशंका है कि प्रेम प्रसंग के चलते ही उसकी हत्या हुई है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि रविवार को परिवार की शिकायत पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी। सूचना मिली है कि उसका शव मेरठ के लिसाड़ी थाना क्षेत्र में मिला है। मामले को लेकर वहां की पुलिस से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लाट नं0-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला गौतमबुद्धनगर उ0प्र0।

सार्वजनिक सुचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि MHS02 योजना के अंतर्गत आवंटित भूखण्ड संख्या 34, BLOCK-C, AREA-300 SQM. SECTOR-SIGMA-02, ALLOTMENT NO. MHS0259140, GREATER NOIDA G.B. NAGAR U.P. PIN-201310 के आवंटी SMT. SANTOSH SHARMA W/O SH. RAJENDRA PRASAD KAUSHIK R/O S.B. 107, BLOCK-B, SHASTRI NAGAR GHAZIABAD. U.P. की मृत्यु के उपरान्त उनके पति SH. RAJENDRA PRASAD KAUSHIK S/O SH. OM PRAKASH SHARMA के द्वारा उक्त भवन को अपने नाम कराने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस म्युटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में SMT. SANTOSH SHARMA W/O SH. RAJENDRA PRASAD KAUSHIK के नाम के स्थान पर उनके पति SH. RAJENDRA PRASAD KAUSHIK S/O SH. OM PRAKASH SHARMA के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर बीमारी से सम्बन्धित नई तकनीकों की दी जानकारी

**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु। शारदा अस्पताल द्वारा अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस मनाया गया, जिसके तहत शारदा अस्पताल के मेडिसन विभाग के अध्यक्ष डॉ. एके गडपायले ने विषय पर अपने विचार रखे और जागरूक किया। डॉ.एके गडपायले ने जानकारी देते हुए कहा कि मिर्गी एक ऐसी बीमारी है, जिससे या तो पूरा शरीर प्रभावित होता है या शरीर का कोई विशिष्ट हिस्सा। मिर्गी पड़ने के कई कारण हो सकते है लेकिन सबसे अधिक कारण जन्म के तुरंत बाद अपर्याप्त सांस भी हो सकता है। यह बीमारी आनुवांशिक हो सकती है या तो विकासशील बच्चे के मस्तिष्क में क्षति के कारण से भी हो सकती है। लोगों में इस बिमारी को लेकर अनेक प्रकार की गलत फहमी भी है, जैसे लोगो को लगता है कि यह एक फैलने वाली बीमारी है, जबकि ऐसा नहीं है। यह स्पर्श या किसी अन्य माध्यम से एक व्यक्ति से अन्य वयक्ति में नहीं पहुंच सकती है। मिर्गी से बुद्धि पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ता है। मिर्गी से पीड़ित कई बच्चों की बुद्धि या तो सामान्य होती है यहां, कुछ को सीखने पढ़ने में दिक्कत हो सकती है। मिर्गी को समझना महत्वपूर्ण है। एक बार आप जब इसको समझ जाएंगे, मिर्गी से पीड़ित लोगों को मदद कर सकेगे। यही सुरक्षा एवं मार्गदर्शन के साथ, मिर्गी से पीड़ित कई बच्चे खेल एवं अन्य गतिविधियों में हिस्सा ले सकते है। हेल्थकेयर के क्षेत्र में जैसे जैसे सुधार आ रहा है और नई तकनीक भी आ रही है, उसी प्रकार दवाओं एवं सर्जरी के कारण मिर्गी के लक्ष्य बेहतर हो सकते है।



## धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार



**ग्रेटर नोएडा,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। जीडी गोयनका विद्यालय में कक्षा छठवीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेते हुए छात्रों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की तथा जीवन में ज्ञान के महत्व को समझा। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय की प्रधानाचर्या डॉ. रेणु सहगल ने मां सरस्वती को पुष्प एवं दीप अर्पित किया तथा छात्रों को जीवन में ज्ञान के माध्यम से आगे बढ़ने एवं अनुशासित जीवन जीने की शिक्षा देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एल०एफ०डी० परियोजना के अन्तर्गत आवंटित भवन **सं०- AMN-01-1107 in Aman Tower N-01 at Jaypee Greens Aman, Sector-151, Noida. Super Area-132.84 Sqm.** जो कि **स्व० श्रीमती भुपिन्दर कौर** के नाम पर सबलीज्ड है। सबलेसी की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनके पुत्र **श्री परमीत सिंह मकर** के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया गया है। **अतः इस नामांतरण (Death Mutation)** के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन कि तिथि से 35 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्व० **श्रीमती भुपिन्दर कौर** की मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति को उनके पुत्र **श्री परमीत सिंह मकर** के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कामर्शियल काम्पलैक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1 ग्रेटर नोएडा, सिटी, गौतमबुद्ध नगर 201308 (उ०प्र०) दूरभाष नंः- 0120-2395151 एवं 53 फैक्स नंः-0120-2395150

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 13 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## बिहार एपीसोड : किस सियासत का संकेत है

हाल ही में इंडिया गठबन्धन का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से अपनी सरकार बनाकर रिकार्ड नौवीं बार मुख्यमंत्री बनने वाले नीतीश कुमार (जनता दल यूनाइटेड) ने सोमवार को बिहार विधानसभा में विपक्ष के बॉयकॉट के बीच विश्वास मत तो हासिल कर लिया, लेकिन यह एपीसोड अनेक सवाल छोड़ गया है। बेहद निर्लज्जता से दलबदल के बावजूद समर्थन हासिल कर लेना भारतीय राजनीति के उस चेहरे को उजागर करता है जिसमें एकदम विपरीत विचारधारा के दलों के साथ अपवित्र गठजोड़ कर सत्ता बनाई और बचाई जाती है। यह सियासी माहौल दुर्भाग्यपूर्ण तो कहा जा सकता है पर वहीं दूसरी तरफ़ जिस प्रकार से राष्ट्रीय जनता दल के नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ कांग्रेस एवं सीपीआई (एमएल) के सदस्य एकजुट रहे उससे यह भी स्पष्ट है कि बिहार में एक मजबूत विपक्ष जनता के पक्ष में लड़ने के लिये तैयार खड़ा है। इस गठबन्धन ने वह लामबन्दी भी तय कर दी है जिसके आधार पर लोकसभा का चुनाव लड़ा जायेगा, कि कौन किस पक्ष में खड़ा है।

उल्लेखनीय है कि 90 के दशक में पहले समता पार्टी और फिर जेडीयू के रूप में नीतीश बाबू का भाजपा के साथ किया गठबन्धन कई मौकों पर बनता व टूटता रहा। अंतिम बार उनका राजद से मेल हुआ जिन्होंने मिलकर 17 माह तक सरकार चलाई। गुपचुप तरीके से एक बार फिर इस साल की 28 जनवरी को उन्होंने अपनी सरकार का इस्तीफा दिया व उसी शाम नवीं मर्तबा शपथ ले ली। उन्हें फिर से भाजपा ने समर्थन देना मंजूर किया जिसे गरियाते हुए वे डेढ़ वर्ष पहले ही अलग हुए थे। झारखंड में जहां सीएम हेमंत सोरेन (झारखंड मुक्ति मोर्चा) की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के कारण उनकी जगह पर आये चंपाई सोरेन को बहुमत साबित करने के लिये केवल तीन दिन दिये गये, वहीं नीतीश कुमार को 15 दिन मिले क्योंकि सहयोगी भाजपा जो है। विश्वास मत पाने में कोई दिक्कत न हो इसके लिये पहले अविश्वास प्रस्ताव लाकर विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी (राजद) को हटाया गया। कार्यवाही का संचालन महेश्वर हजारा (जेडीयू) ने किया।

इसके पहले प्रस्ताव के खिलाफ बोलते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने जबरदस्त भाषण में नीतीश कुमार, जीतनराम मांझी, सम्राट चौधरी आदि के एक दूसरे के बारे में विचारों को जिस तरह से बेपर्दा किया उससे उन्हें एवं उनकी पार्टियों को सदन में अच्छी-खासी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। यह संदेश जनता तक साफ गया है जिसके बीच तेजस्वी यादव ने जाने की बात की। तेजस्वी यादव ने कहा है कि जिस मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से नीतीश ने इंडिया गठबन्धन बनाया था, उनकी पार्टी (आरजेडी) व सहयोगी दल (कांग्रेस, सीपीआई-एमएल) उस दिशा में बढ़ते हुए न केवल केन्द्र से बल्कि बिहार से भी भाजपा को उखाड़ फेंकेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनकी पार्टी (जेडीयू) और भाजपा साथ मिलकर वर्ष 2005 से काम कर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि पहले जब लालूप्रसाद यादव सीएम थे, तब प्रदेश में अराजकता थी, हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे और कोई भी रात को घर से निकलता नहीं था। उन्होंने तेजस्वी यादव द्वारा हर काम का श्रेय लेने का विरोध किया। नीतीश कुमार ने कहा कि वे तो प्रतिपक्ष के लोगों को एकजुट कर रहे थे, परन्तु जब विरोधी दल खुद ही एकत्र नहीं हो रहे थे तो उन्होंने भाजपा-एनडीए के साथ जाना उचित समझा। उन्होंने कहा कि सरकार के रूप में वे सभी तबकों व वर्गों के काम करते रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि अब वे भाजपा के साथ ही रहेंगे और कहीं नहीं जाएंगे।

वैसे तो नीतीश कुमार के लिये कुर्सी के लिये बार-बार पाला बदला है परन्तु उनका अच्छा प्रदर्शन, चुनावी तथा सदन के भीतर, राजद के साथ गठबन्धन होने पर ही दिखा है। इस बार भी उनकी सरकार ने बड़े पैमाने पर नौकरियां देने के कारण लोकप्रियता हासिल की थी। साथ ही वे सामाजिक न्याय की दिशा में जातिगत जनगणना की बात मुखर होकर उठाते रहे हैं जिसका समर्थन अनेक गैर भाजपायी दल भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस इंडिया गठबन्धन के मुख्य निर्माताओं के तौर पर नीतीश कुमार को देखा जाता है, उसका भी यह प्रमुख एजेंडा है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी इसे जोर-शोर से उठा रहे हैं। इसे भाजपा-एनडीए के ध्रुवीकरण की काट के रूप में देखा जाता है। फिर, ऐसे वक्त में जब संयुक्त प्रतिपक्ष की कोई चर्चा भी नहीं कर रहा था, तब नीतीश कुमार ही आगे बढ़े थे। पटना में उनकी पहल पर इंडिया गठबन्धन की जून, 2023 को पहली बैठक बुलाई गई थी जिसमें 16 दल शामिल हुए थे। इसके बाद यह कारवां बढ़ता चला गया। उनकी मेहनत से बेंगलुरु (जुलाई, 2023) एवं मुंबई (अगस्त-सितम्बर, 2023) और आखिरकार पिछले साल के अंत में दिल्ली में इसकी बैठकें हुईं। 28 दलों को मिलाकर बने इस महागठबन्धन को उनके छोड़ जाने का कारण यह माना जाता है कि वे इंडिया के संयोजक व प्रधानमंत्री का चेहरा बनना चाहते थे। हालांकि वे कहते रहे कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है और वे सिर्फ भाजपा को सत्ता से हटाना चाहते हैं।

नीतीश कुमार की जेडीयू जैसे घटक दल के साथ छोड़ने और कुछ अन्य पार्टियों को लेकर भी इसी तरह के शक-ओ-शुबहों के बावजूद इंडिया का आकार एवं ताकत इतनी बढ़ चुकी है कि वह भाजपा व उसके नेतृत्व में बने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) को लोकसभा चुनाव में चुनौती व टक्कर देने में सक्षम दिखता है। तो भी, बिहार की परिघटना अनैतिक गठबन्धनों का अस्तित्व रहने और उसके सदनों में विश्वास जीतने की तस्दीक करता है, जो बतलाता है कि भारतीय लोकतंत्र की मूल्यगत व नीतिपरक लड़ाई को बहुत आगे ले जाने की आवश्यकता है।

# विदाई 17वीं लोकसभा की या संसदीय व्यवस्था की

संसदीय जनतांत्रिक व्यवस्था में अगर कार्यपालिका या सत्ताधारी, संसद पर अपनी मनमर्जी थोपने में समर्थ हो, तो इसे संसदीय व्यवस्था का अंत ही माना जाना चाहिए। इसके बाद, संसदीय व्यवस्था का सिर्फ खोल ही बचा रह जाएगा, उसके प्राण निकल चुके होंगे। अभी हाल ही में जिस सत्रहवीं लोकसभा की विदाई का कर्मकांड संपन्न हुआ है, उसे संसदीय व्यवस्था की ही विदाई के लिए भी याद किया जाएगा। जाहिर है कि यह संसद पर सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने का ही सबूत था कि संसद के इस संक्षिप्त बजट सत्र को ऐन आखिरी दिन निर्णय कर, एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया। पर सत्ताधारियों की मनमर्जी सत्र के एक दिन बढ़ाए जाने तक सीमित नहीं थी। असली मनमर्जी इसे आखिरी वक्त तक एक 'रहस्य' ही बनाकर रखे जाने में थी कि इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर, संसद में होगा क्या? और इस अतिरिक्त कार्यदिवस पर संसद में जो हुआ, उससे एजेंडा ही रहस्य बनाकर रखे जाने का कारण ही नहीं, इस एजेंडा के थोपे जाने का सरासर मनमानापन भी, खुद ब खुद उजागर हो गया। इस रोज एक तो दोनों सदनों में 'राम जन्म भूमि मंदिर' के बनने पर प्रस्ताव पारित कराया गया। दूसरे, 17वीं लोकसभा के इस आखिरी सत्र का समापन प्रधानमंत्री मोदी के भाषण से कराया गया, जो एक प्रकार से आने वाले आम चुनाव के लिए, प्रधानमंत्री के चुनाव प्रचार की शुरूआत भी थी।

वैसे यह पहला मौका नहीं था, जब सरकार द्वारा संसद पर इस तरह अपनी मनमर्जी थोपी जा रही थी। सत्रहवीं लोकसभा को अगर संसद के एक नये, विशालतर तथा कुछ अर्थों में भव्यतर भवन में स्थानांतरित होने के लिए याद किया जाएगा, तो उससे ज्यादा सत्ताधारियों की मनमर्जी थोपे जाने के नया नियम ही बना दिए जाने के लिए भी याद किया जाएगा। वास्तव में संसद के हालिया सत्र के आखिरी दिन जिस तरह संसद को सत्ताधारियों के हुकुम का ताबेदार बनाया गया, उसकी विधिवत शुरूआत तो संसद के भवनांतरण के साथ ही हो गई थी। उस समय शासन के पूरी तरह से इकतरफा फैसले से संसद का 'विशेष सत्र' बुलाया गया था और उस समय भी अंत-अंत तक इस सत्र का एजेंडा रहस्य के पर्दे में ही रखा गया था। विपक्ष के ही नहीं, खुद सत्ता पक्ष के भी अधिकांश सांसद, इसका अनुमान ही लगाते रह गए थे आखिर, विशेष सत्र में होगा क्या? आखिरकार, इस विशेष सत्र में पुराने संसद भवन की विदाई से लेकर, नये संसद भवन में प्रवेश तक, हर मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन का अवसर निर्मित करने के अलावा, महिला आरक्षण बिल पेश किया गया और पारित कराया गया। लंबे इंतजार के बाद पारित हुआ यह बिल इसलिए भी 'ऐतिहासिक' था कि इसके जरिए सत्ताधारी, महिला आरक्षण देने का राजनीतिक लाभ तो तत्काल लेना चाहते थे, लेकिन आरक्षण का कई साल आगे की तारीख का चैक दे रहे थे, जिसका भुगतान होने की भी कोई गारंटी नहीं थी।

बेशक, सत्रहवीं लोकसभा के दौर में, कार्यपालिका के सामने संसद की स्वायत्तता के खात्मे और संसद पर सत्ताधारियों की ही मनमर्जी थोपे जाने का मामला, अपनी मर्जी से संसद का एजेंडा तय किए जाने तक ही सीमित नहीं रहा। इसी सिलसिले की अलग-अलग कड़ियों के तौर पर, इस दौर में संसद ने और भी बहुत कुछ देखा। इस दौर ने नये भवन में संसद में सुरक्षा सेंध के मुद्दे पर बहस की मांग करने के लिए, दोनों सदनों के लगभग डेढ़ सौ सदस्यों का शेष सत्र भर के लिए निलंबन देखा। एक गिनती के अनुसार, इस पांच वर्ष की अवधि में दोनों सदनों ने मिलाकर, कुल 206 बार विपक्षी सांसदों के खिलाफ निलंबन के हथियार का इस्तेमाल किया। इसी दौर ने मणिपुर की भयंकर हिंसा के मुद्दे पर, प्रधानमंत्री के वक्तव्य के आधार पर बहस की मांग पर, हफ्तों संसद में विपक्ष को संघर्ष करने पर मजबूर होते भी देखा।



राजेंद्र शर्मा

> **सब तरफ अंधेरा ही नहीं है। सत्रहवीं लोकसभा ने तीन कारपोरेटपरस्त काले कृषि कानूनों का, बिना समुचित चर्चा के और बहुमत की तानाशाही के बल पर, संसद पर थोपा जाना भी देखा और किसानों के ऐतिहासिक साल भर लंबे आंदोलन के बाद, उसी हठी सरकार द्वारा उन कानूनों का, संसद से ही निरस्त कराया जाना भी देखा। अंधेरा बहुत है, पर जहां-तहां रौशनी की चिलक भी है।**

इसी लोकसभा ने विपक्ष के एक प्रमुख नेता के विदेश में कथित रूप से 'देश की प्रतिष्ठा घटाने' वाली बात कहने के बेहूदा बहाने से, खुद सत्ता पक्ष द्वारा कई दिनों तक सदन की कार्रवाई का बाधित किया जाना देखा। और देखा, अंततः पूरी तरह से झूठे बहाने से और फिक्स्ड अदालती फैसले के आधार पर, उसी सदस्य की लोकसभा सदस्यता का निरस्त होना और बाद में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से, उसकी सदस्यता को वापस होते हुए भी देखा। इसी लोकसभा ने एक कंगारू अदालत बनकर, एक और मुखर विपक्षी सांसद की सदस्यता का चीरहरण भी देखा। इसी लोकसभा ने 35 फीसद विधेयकों का एक घंटे से भी कम समय की चर्चा में पारित किया जाना भी देखा। इसी दौर ने सिर्फ 16 फीसद विधेयकों को विस्तृत छानबीन के लिए संसदीय कमेटियों को भेजे जाते देखा। इसी लोकसभा ने विपक्ष के एक भी कार्यस्थगन प्रस्ताव का स्वीकार न किया जाना भी देखा और सिर्फ 13 अल्पावधि चर्चाओं को मंजूरी दिया जाना देखा। इसी लोकसभा ने सत्ताधारी पार्टी के एक सांसद द्वारा सदन में ही एक विपक्षी मुस्लिम सदस्य को, उसकी धार्मिक पहचान को लेकर, भद्दी से भद्दी गालियां देते और सत्तापक्ष तथा सभापति द्वारा उसे साफ बचाए जाते भी देखा। सत्रहवीं लोकसभा ने डिप्टी स्पीकर का पद व्यावहारिक मानों में खत्म हो जाते भी देखा। हैरानी की बात नहीं है कि सत्रहवीं लोकसभा ने, साल में कुल 52 दिन बैठकर, 1952 से सबसे कम बैठकों का रिकार्ड बनाया है। यह दूसरी बात है कि इसके बावजूद, हमने स्पीकर और प्रधानमंत्री को, सदन की 'रिकार्ड उत्पादकता' के लिए, खुद अपनी पीठ ठोकते भी देखा।

इस तरह, सत्रहवीं लोकसभा को, व्यावहारिक मानों में संसदीय व्यवस्था की क्रमिक किंतु कम से कम मध्यम रफ्तार से हत्या के लिए याद किया जाएगा। लेकिन, उसे इसके साथ ही कम से कम एक और हत्या के लिए याद किया जाएगा— धर्मनिरपेक्षता की या सरकारी अनुवाद की भाषा में कहें तो पंथनिरपेक्षता की हत्या। यह लोकसभा पहले, धारा-370 को निरस्त किए जाने की बहुसंख्यकवादी धोखाधड़ी की गवाह बनी और उसके बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के जरिए, नागरिकता की परिभाषा में ही सांप्रदायिक तत्व जोड़ने के जरिए, धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के आधार पर ही कुठाराघात की। इस सिलसिले का चरमोत्कर्ष हुआ है, 'रामजन्म भूमि मंदिर' के निर्माण के अभिनंदन के दोनों सदनों के प्रस्ताव में। और इसके ऊपर से प्रधानमंत्री के अपने संबोधन में इसके दावे में कि यह प्रस्ताव, भारतीयों की अगली पीढ़ियों के लिए अपनी परंपरा पर गर्व करने का 'संवैधानिक आधार' मुहैया कराएगा! यानी यहां से आगे देश के बहुसंख्यकों के धार्मिक विश्वासों को, संविधान में रोप दिया जाएगा। यह धर्मनिरपेक्षता के लिए आखिरी जानलेवा घाव है।

अन्य चीजों के अलावा राम जन्मभूमि मंदिर के प्रसंग से इस मोदी राज ने धर्मनिरपेक्षता की हत्या के रास्ते पर व्यवस्थित रूप से किंतु बहुत तेज रफ्तार से कदम बढ़ाए हैं। पहले, प्रधानमंत्री, आरएसएस प्रमुख भागवत के साथ, राम मंदिर के शिला पूजन में मुख्य यजमान बन गए, जबकि सुप्रीम कोर्ट के संबंधित आदेश की भावना के हिसाब से, शासन को मंदिर के निर्माण से दूर ही रहना था। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी की ऐसा करने की शुरू से ही कोई मंशा ही नहीं थी, जिसका सबूत इस काम के लिए गठित कमेटी में चुन-चुनकर ऐसे लोगों का रखा जाना था, जो वर्तमान सरकार का मुंह देखकर ही चलने जा रहे थे। इसके बाद, चुनाव की तारीखों को ध्यान में रखते हुए, जब अधूरे बने मंदिर में ही प्राण प्रतिष्ठा का फैसला कराया गया, प्रधानमंत्री ने न सिर्फ अपना तथा भागवत का मुख्य यजमान होना सुनिश्चित किया, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को हफ्तों और महीनों लंबा अति-प्रचारित ईवेंट बना दिया गया, जिसमें आरएसएस-भाजपा, मोदी सरकार तथा सरकारी तंत्र, सब को पूरी तरह से गडमड कर दिया गया, अभिन्न बना दिया गया। और प्रधानमंत्री के पद पर बैठ कर, अपने भांति-भांति के ब्राह्मणवादी कर्मकांड करने का जमकर प्रदर्शन करते मोदी को, इस सब के केंद्र में रख दिया गया। अब भी अगर कोई कसर रहती थी, तो उसे इस मौके के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से लिखवाए गए बधाई संदेशों ने पूरा कर दिया, जिनमें बड़े सचेत रूप से और आरएसएस की भाषा बोलते हुए, 'राम और राष्ट्र' और 'देश और धर्म' को एक कर दिया गया। इसे प्रधानमंत्री ने अयोध्या में अपने संबोधन में और पक्का कर दिया। उधर 22 जनवरी को, केंद्र सरकार में दोपहर बाद तक और अधिकांश भाजपा-शासित राज्यों में पूरे दिन की 'राष्ट्रीय छुट्टी' की घोषणा ने, बहुसंख्यक समुदाय के एक धार्मिक आयोजन को, 'राष्ट्रीय उत्सव' ही घोषित कर दिया। अंत में संसद ने अब बाकायदा प्रस्ताव स्वीकार कर, राम मंदिर के 'राष्ट्र मंदिर' होने पर मोहर लगा दी है और प्रधानमंत्री ने इस दावे के संविधान-अनुमोदित होने का भी ऐलान कर दिया है। संसदीय व्यवस्था के विपरीत, जिसका खोल तो कम से कम अब तब बचा हुआ है, सत्रहवीं लोकसभा धर्मनिरपेक्षता के पूर्ण विसर्जन की ही गवाह बनी है।

फिर भी सब तरफ अंधेरा ही नहीं है। सत्रहवीं लोकसभा ने तीन कारपोरेटपरस्त काले कृषि कानूनों का, बिना समुचित चर्चा के और बहुमत की तानाशाही के बल पर, संसद पर थोपा जाना भी देखा और किसानों के ऐतिहासिक साल भर लंबे आंदोलन के बाद, उसी हठी सरकार द्वारा उन कानूनों का, संसद से ही निरस्त कराया जाना भी देखा। अंधेरा बहुत है, पर जहां-तहां रौशनी की चिलक भी है। संसदीय व्यवस्था हो या धर्मनिरपेक्षता— अब भी दिल नाउम्मीद तो नहीं, नाकाम ही तो है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# कठोर कानून बनाने में विधायिका की मंशा को बनाया आधार

■ के रवीन्द्रन

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत देने के मामले में सामान्य मानदंड के विपरीत एक फैसला सुनाया है, जिसमें कहा गया है कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सामान्यत: जमानत पाने के हकदार नहीं हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यूएपीए के आरोपियों को केवल असाधारण मामलों में ही छूट दी जानी चाहिए। न्यायालय ने आगे कहा कि मामले की सुनवाई में देरी जमानत देने का कोई आधार नहीं है।

ध्यान रहे कि सामान्य दंडात्मक अपराधों के मामले में न्यायशास्त्र में पारंपरिक विचार यह है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद। इसलिए अदालतों के विवेक को अक्सर इस उद्धृत वाक्यांश के पक्ष में झुकना चाहिए, जब तक कि जमानत न देने के लिए विशेष समुचित परिस्थितियां हों परन्तु यूएपीए के तहत मामलों में आरोपियों के जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान इस विचार के लिए कोई जगह नहीं है, न्यायाधीश एमएम सुंदरेश और न्यायाधीश अरविंद कुमार की पीठ ने कहा। मामला खालिस्तानी आतंकी आंदोलन को बढ़ावा देने के आरोपी एक व्यक्ति की जमानत याचिका से संबंधित है। लेकिन यह नियम स्थापित करते हुए कि यूएपीए के तहत जमानत को अनिवार्य रूप से खारिज कर दिया जाना चाहिए, अदालत ने अधिनियम के तहत जमानत आवेदनों से निपटने के दौरान लागू होने वाले दो-आयामी परीक्षण की व्यवस्था की। इनमें यह भी शामिल है कि जमानत खारिज करने का परीक्षण संतोषजनक है या नहीं। इस संदर्भ में, अदालत ने यूएपीए की विशेष धारा का विश्लेषण किया, जो सीआरपीसी के तहत निर्धारित अपराधों के अलावा, अधिनियम के अध्याय 4 और 6 के तहत अपराधों के आरोपी व्यक्ति को जमानत देने पर प्रतिबंध लगाता है।

> **लंबे समय तक हिरासत का सामना करने वाले इन व्यक्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हाशिए पर रहने वाले समुदायों और धार्मिक अल्पसंख्यकों से है। जमानत हासिल करने में असमर्थता न केवल उन्हें स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करती है बल्कि प्रणालीगत असमानताओं को भी कायम रखती है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसे कानूनी निर्णयों का उन लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जो पहले से ही समाज में हाशिये पर हैं।**

सर्वोच्च न्यायालय का यह कठोर निर्णय यूएपीए जैसे कानून को बनाते समय विधायिका की मंशा पर अपने तर्क को आधारित करता है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है। अदालत ने कहा कि यूएपीए लागू करते समय विधायिका का इरादा 'जेल' को नियम और 'जमानत' को अपवाद बनाना था। इसमें कहा गया है कि यूएपीए के तहत जमानत देने की सामान्य शक्ति का प्रयोग दायरे में 'गंभीर रूप से प्रतिबंधात्मक' है, तथा अदालतों को रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री के आधार पर रिहाई के मामले में 'मजबूत संदेह' की तुलना में केवल प्रथम दृष्टया संतुष्टि पर पहुंचने की आवश्यकता होती है।

यह फैसला, हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से है, उन हजारों विचाराधीन कैदियों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करता है जो जमानत हासिल करने में असमर्थता के कारण जेलों में बंद हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इनमें से बड़ी संख्या में लोग कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों से संबंधित हैं, जो पहले से ही गंभीर स्थिति में अन्याय की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हैं।

आतंकवाद और गैरकानूनी गतिविधियों से निपटने के लिए अधिनियमित यूएपीए की अक्सर इसके कड़े प्रावधानों के लिए आलोचना की गई है, जिसके कारण बिना मुकदमे के लंबे समय तक हिरासत में रखा जा सकता है। हालिया फैसला, जो यूएपीए मामलों में जमानत के दायरे को सीमित करता है, भारतीय जेलों में विचाराधीन कैदियों की पहले से ही चिंताजनक स्थिति को और खराब करने की क्षमता रखता है।

लंबे समय तक हिरासत का सामना करने वाले इन व्यक्तियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हाशिए पर रहने वाले समुदायों और धार्मिक अल्पसंख्यकों से है। जमानत हासिल करने में असमर्थता न केवल उन्हें स्वतंत्रता के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करती है बल्कि प्रणालीगत असमानताओं को भी कायम रखती है। यह समझना आवश्यक है कि ऐसे कानूनी निर्णयों का उन लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है जो पहले से ही समाज में हाशिये पर हैं।

इन विचाराधीन कैदियों की दुर्दशा कानूनी और न्यायिक प्रणाली में व्यापक बदलाव की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, कानूनी सहायता उन लोगों को आसानी से उपलब्ध कराई जानी चाहिए जो इसे वहन नहीं कर सकते। सक्षम कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच एक मौलिक अधिकार है और एक निष्पक्ष और उचित कानूनी प्रणाली की आधारशिला है। सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना, सभी के लिए कानूनी सहायता सुनिश्चित करके, हम न्याय प्रणाली में वर्तमान में मौजूद असमानताओं को कम कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, जमानत हासिल करने का वित्तीय बोझ अक्सर कई विचाराधीन कैदियों के लिए एक बड़ी बाधा बन जाता है। राज्य को उन लोगों के लिए वित्तीय सहायता की एक मजबूत प्रणाली लागू करके इस मुद्दे के समाधान के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए जो खुद को कानूनी चक्रव्यूह में फंसा हुआ पाते हैं। एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समाज को किसी व्यक्ति को उसकी वित्तीय हैसियत के आधार पर ही उसे न्याय तक पहुंच निर्धारित करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

न्याय के संरक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय को इस अवसर का उपयोग न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए करना चाहिए बल्कि कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी करना चाहिए। न्याय के सिद्धांतों को बनाये रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि निर्दोष जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, सुरक्षा चिंताओं और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।

## पावन प्रसंग

### बसंत रितु का आगमन

माघ मास शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि हमें यह बताती है कि बसंत ऋतु ने हमारे जीवन में प्रवेश पा लिया है। यह वही दिन है जब हम 'श्री' अर्थात विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का जन्म दिवस भी मानते हैं। मौसम की शीतलता को अनुभव कर कवि लिखता है–

बसंत रितु का आगमन, फुलवारी चहुं ओर।
पीली सरसों खेत में, मनभावन चितचोर।।

बसंत ऋतु का प्रभाव जहां हर प्राणी के जीवन में हर्षोल्लास का संचार कर जाता है, वहीं लोकगीत और हिंदी साहित्य भी बसंत को अपने शब्दों में पिरोता रहा है। भारतीय फिल्मों में अनेक त्योहारों के अवसर पर बसंत ऋतु पर आधारित गीत गुनगुनाए जाते हैं। गायकों से लेकर गीतकार और संगीतकारों ने अपनी साधना को साधकर ऐसे गीतों को इतिहास के सुनहरे पन्नों पर दर्ज किया है।

बसंत ऋतु में प्रकृति का सौंदर्य मन को मोहित करता है। इस ऋतु का स्वागत स्वयं प्रकृति करती दिखती है। बसंत पंचमी का संबंध जहां गीत ,संगीत, साहित्य, राग, कला आदि से है। पंडित राम नरेश त्रिपाठी ने बसंत के विषय में लिखा है – प्रकृति जब तरंग में आती है, तब वह गान करती है। उसके गीतों में हृदय का इतिहास इस प्रकार व्याप्त रहता है– जैसे प्रेम में आकर्षण, श्रद्धा में विश्वास और करुणा में कोमलता। इसी तरह प्रकृति के गान में मानवीय समाज इस प्रकार प्रतिबिंबित होता है जैसे कविता में कवि और तपस्या में त्याग। भक्ति और श्रृंगार के अद्भुत कवि विद्यापति ने बसंत को शिशु की संज्ञा दी है। वह कहते हैं माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को प्रकृति पूर्णगर्भा हुई थी। नौ माह और पांच दिन व्यतीत होने पर प्रकृति के आंचल में नवजात बसंत ने किलकारी मारी। वनस्पतियां सेविका बनीं। शिशु बसंत को शीतल वायु से बचाने मेघ ने छाया कर दी। धतूरा, तुरही बजाता प्रतीत हो रहा है, तथा नागकेशर की कली शंख ध्वनि कर रही है। कमल की पंखुड़ियों से मधु लाकर भ्रमर बाल बसंत को सौंप रहे हैं। कमलनाल को जोड़कर बसंत के कमर में करधनी पहनाई गई है। नव पल्लवों ने बसंत की शैय्या तैयार की है और केशर ने उसे बदनखा पहनाया है। अरुण रथ पर आरूढ़ सूर्य देव जन्मपत्री बना रहे हैं, तथा कोयल ने उसका नामकरण कर 'बसंत' नाम दिया है। ऐसा प्रतीत होता है मानो आम्र मंजरियां बसंत को हार पहना रही हों। यूं भी देखा जाए तो बसंत खिलने का मौसम है फिर क्यों न उस मौसम के अनुकूल रागों को गुनगुनाया जाए? बसंत के विषय में कविवर रबिंद्रनाथ टैगोर ने लिखा – बसंत जंगल के फूल खिलने का समय है। यह जीवन के आकर्षण, घुमड़ने और उत्सव के खेलने का समय है। वृक्ष- पौधे स्वयं को त्यागने के लिए पागल हो जाते हैं। वे उड़ रहे हैं... हमारा ऐसा कोई संबंध नहीं जो बसंत के गुप्त अमृत से निकले हुए फूलों में है। वह हमारे आंगन को अपनी छाया में ढाल रहे हैं। वह हमें अपने सुगंध के आलिंगन में घेर रहे हैं। कवियत्री महादेवी वर्मा ने अपनी कविता 'स्वप्न से किसने जगाया' में बसंत ऋतु का जिक्र किया है– बसंत पतझड़ के मौसम के बाद ठूंठ हो चुके पेड़-पौधों में फूल-पत्तियों के खिलने का समय है। इनमें भंवरे और मधुमक्खियां अपने जीवन की धारा तलाशने पहुंचते हैं। यही कारण है कि इसे 'मधुमास' भी कहा जाता है।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

### भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को आहत करती धार्मिक कट्टरता एवं हिंसा

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कम होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा, विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्टीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्टीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक-आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबब बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## म्यांमार ने संघ दिवस की 77वीं वर्षगांठ मनाई

**यांगून।** म्यांमार ने सोमवार को राजधानी ने पी ता में राजकीय समारोह के साथ संघ दिवस की 77वीं वर्षगांठ मनाई। संघ दिवस 12 फरवरी, 1947 का वह ऐतिहासिक क्षण है, जब देश के राष्ट्रीय नायक जनरल आंग सान ने 20 से अधिक जातीय नेताओं के साथ, ब्रिटिश उपनिवेशवादियों से स्वतंत्रता हासिल करने के लिए प्रयास करने का वचन देते हुए पैंगलोंग समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। प्रशासन परिषद के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने अपने संघ दिवस संदेश में कहा कि सभी जातीय लोगों की संघ भावना के माध्यम से प्राप्त स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा संघ भावना के माध्यम से ही की जाती रहेगी।

# देश विदेश

# जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए : पीटीआई



■ इमरान खान सहित पार्टी के सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग की

**इस्लामाबाद,** 11 फरवरी (वार्ता) पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के शीर्ष नेता बैरिस्टर गोहर खान ने रविवार को आम चुनावों पर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के हीलिंग टच वाले बयान की प्रतिक्रिया में संस्थापक इमरान खान सहित पार्टी के सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई की मांग की।

सेना प्रमुख ने आठ फरवरी को सम्पन्न चुनाव के लिए देश को बधाई देते हुए शनिवार को कहा कि देश को अराजकता और ध्रुवीकरण की राजनीति से आगे बढ़ने के लिए स्थिर हाथों और एक उपचारात्मक स्पर्श (हीलिंग टच) की जरूरत है।

जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान की विविध राजनीति और बहुलवाद का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय उद्देश्य से जुड़ी सभी लोकतांत्रिक ताकतों की एकीकृत सरकार द्वारा किया जाएगा।

जियो न्यूज ने सेना के मीडिया विंग के हवाले से बताया कि सेना प्रमुख ने कहा था कि देश को अराजकता और ध्रुवीकरण की राजनीति 25 करोड़ लोगों के प्रगतिशील देश के लिए उपयुक्त नहीं है और इससे आगे बढ़ने के लिए स्थिर हाथों और एक उपचारात्मक स्पर्श की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, चुनाव जीत और हार की प्रतियोगिता नहीं है बल्कि लोगों के जनादेश को निर्धारित करने की एक कवायद है। जनरल मुनीर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बैरिस्टर गोहर ने कहा कि हीलिंग टच का मतलब है कि देश में कोई राजनीतिक कैदी नहीं होना चाहिए। कानूनी लड़ाई में इमरान खान का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनेता गोहर की यह टिप्पणी 'अरब न्यूज़ ' के साथ एक साक्षात्कार के दौरान आई। इस टिप्पणी ने पार्टी के भविष्य के कदमों के लिए माहौल तैयार कर दिया क्योंकि उसके उम्मीदवार चुनावों में आगे चल रहे हैं। उन्होंने कहा, (पीटीआई को मिले) जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए। इसके बिना कोई हीलिंग टच नहीं हो सकता है। श्री गोहर ने सेना प्रमुख के एकीकृत सरकार रुख पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इसका मतलब जरूरी नहीं कि गठबंधन सरकार हो।

### पीएमएलएन ने सहभागी गठबंधन सरकार का रखा विचार

**इस्लामाबाद।** आम चुनावों में मिले जनादेश के बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) (पीएमएल-एन) ने एक भागीदारी वाली गठबंधन सरकार का सुझाव दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। डॉन ने बताया, देश में राजनीतिक परिदृश्य और भविष्य की कार्रवाई पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, पीएमएल (एन) नेता और पूर्व कानून मंत्री आजम नज़ीर तरार ने कहा हम सेंटर में सरकार बनाने के लिए पूर्व सहयोगियों के साथ परामर्श कर रहे हैं।

# राफा व गाजा में इजरायली हमले में मृतकों की संख्या सौ से अधिक



महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोग घायल हुए

**गाजा,** 12 फरवरी (एजेंसियां) दक्षिणी शहर राफा और गाजा पट्टी के आसपास के इलाकों पर इजरायली सेना के हमलों में मारे जाने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 100 से अधिक हो गई जबकि महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी वफा की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना ने आज तड़के राफा क्षेत्र पर लगभग 40 हवाई हमले किए और जमीन पर भी गोलाबारी की गई। इज़रायली सेना ने बताया कि उसने राफ़ा में विशेष बलों के अभियान के बाद दो बंधकों को बचाया। इसके बाद, दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनकी हालत अच्छी है। इजरायली सेना ने पहले एक बयान में कहा कि इजरायली सेना ने सोमवार को दक्षिणी गाजा में आतंकवादी ठिकानों पर सिलसिलेवार हमले किए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने रविवार को फोन पर गाजा में बंधकों को मुक्त कराने और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अधिक सहायता की सुविधा के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। इजरायली सरकार के एक अधिकारी ने शिन्हुआ को बताया कि इनमें से लगभग सौ बंधक सात अक्टूबर, 2023 को हमास के हमले के दौरान अपहरण किए जाने के बाद अब भी गाजा में हैं। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने राफा में इजरायल की जमीनी हमले की घोषित योजना पर भी चर्चा की। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में सात अक्टूबर, 2023 से किये गये इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 28,176 हो गई है।

## सुडोकू 6465

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | |
| | | 2 | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | | 3 | 9 | | |
| | 7 | 8 | 1 | | 9 | 6 | 5 | |
| | | 9 | 2 | | | | 7 | 3 |
| | 6 | | | 5 | | | | 4 |
| | | | 6 | | | 7 | | |
| | | 4 | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 13 फरवरी , 2024 माघ शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष -आज के दिन आप में धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति विशेष रुप से रहेंगी। मन में दुविधा रहने से ठोस निर्णय नहीं ले सकेंगे। पैसे का लेन-देन या आर्थिक व्यवहार न करना उचित होगा।

वृषभ -व्यापार में वृद्धि होने के साथ सौदे लाभदायक साबित होंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बुजुर्गों तथा मित्र मंडल से लाभ और सुखद क्षणों का अनुभव मिलेगा। दांपत्यजीवन में संतोष और आनंद रहेगा। पर्यटन का आयोजन होगा।

मिथुन -शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी - व्यवसाय में आपके परिश्रम का लाभ मिलता हुआ प्रतीत होगा। अधिकारी के प्रोत्साहन से आपका उत्साह बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पारिवारिक माहौल आनंदमय रहेगा।

कर्क -शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ भाग्यवृद्धि के अवसर आपकी प्रसन्नता में वृद्धि करेंगे। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा। धार्मिक काम, देवदर्शन और धार्मिक यात्रा से आनंद मिलेगा।

सिंह -आपका दिन मध्यम फलदायी है। निर्धारित कामों पर ध्यान दें। धार्मिक एवं मांगलिक कामों में आज का दिन गुजरेगा। धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे।

कन्या -सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। नए कपड़े और आभूषण खरीदने में आपकी रुचि हो सकती है। वाहन सुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे बनेंगे। पति-पत्नी के बीच घनिष्ठता बढ़ेगी।

तुला -आज घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा, इससे आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। काम में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से आपको यश मिलेगा।

वृश्चिक -आज यात्रा प्रवास का आयोजन न करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। संतान के संबंध में समस्याएं खड़ी होंगी। स्वाभिमान भंग न हो इसका ध्यान रखें। हालांकि वित्तीय आयोजन के लिए समय अच्छा है।

धनु -आज किसी घरेलू मामले को लेकर मानसिक तनाव होने की आशंका है। मन में उठनेवाली दुविधाओं से आप मानसिक उचाट अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर आज का दिन अच्छा नहीं रहेगा। माता की सेहत का ध्यान रखें।

मकर -आज आप रणनीति में शत्रुओं को परास्त करेंगे। नए काम के आरंभ के लिए तैयार रहें। सफलता मिलेगी। आपके सभी काम सफल रहेंगे। व्यापार- धंधे में लाभ होगा। शेयर- सट्टे में लगाए हुए पैसे का लाभ दिलवाएंगे।

कुंभ -मन में दुविधाएं होने से आप कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय न लें। वाणी पर संयम नहीं रहने से पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होने की आशंका है। धार्मिक काम के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन -आज का दिन आनंद और उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। घर में किसी मांगलिक प्रसंग का आयोजन होगा। नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ दिन है। सगे-संबंधियों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# सेना प्रमुख आज से अमेरिका की यात्रा पर

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे मंगलवार से अमेरिका की चार दिन की यात्रा पर रहेंगे। जनरल पांडे की यात्रा भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सैन्य सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के महत्व को दर्शाती है और इसका लक्ष्य रक्षा सहयोग तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना है। यात्रा के दौरान सेना प्रमुख अमेरिका के चीफ ऑफ स्टाफ ऑफ आर्मी जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ सैन्य प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा और बातचीत में भाग लेंगे। उन्हें अमेरिकी सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा और वह आर्लिंगटन राष्ट्रीय कब्रिस्तान में अज्ञात सैनिकों के सम्मान में बने एक स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ पेंटागन का दौरा करेंगे। यह बातचीत दोनों देशों के बीच वैश्विक शांति और सुरक्षा के प्रति सम्मान एवं आपसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यात्रा के दौरान फोर्ट बेल्वोइर में 'आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर', फोर्ट मैकनेयर में 'नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी' का दौरा और मुख्यालय 1 कोर के प्रमुखों के साथ बातचीत करना शामिल है।

# कतर की जेल में बंद 8 पूर्व नौसैनिकों की रिहाई



आठ में से 7 लौट चुके हैं भारत

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। भारत को एक बड़ी राजनयिक जीत मिली है। कतर की जेल में बंद भारत के पूर्व नौसैनिकों को रिहाई मिल गई है। इन 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को 18 महीने बाद कतर की जेल से रिहा किया गया है।


अभी कुछ महीने पहले ही इन पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई थी। भारत सरकार के प्रयासों के बाद इनकी सजा 'कैद' में तब्दील की गई और अब इन्हें रिहा कर दिया गया है।

इस संबंध में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि इन 8 में से 7 भारत लौट चुके हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भारत सरकार के प्रयासों के चलते ही इसी वर्ष जनवरी में इन पूर्व नौसैनिकों की मौत की सज़ा को अलग-अलग अवधि को करावास में बदल दिया गया था। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, भारत सरकार इन आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है जो दाहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम कर रहे थे और जो क़तर में हिरासत में थे। आठ में से सात लोग भारत लौट चुके हैं। इन नागरिकों की रिहाई और घर वापसी को लेकर कतर के अमीर द्वारा लिए गए फ़ैसले का हम स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि यह सभी आठ भारतीय कतर में एक निजी सुरक्षा कंपनी अल दहरा के कर्मचारी थे। इनको कथित तौर पर जासूसी के आरोप में कतर ने 26 अक्टूबर को मौत की सजा सुनाई थी। तब नौसेना प्रमुख ने कहा था कि केंद्र सरकार आठों कर्मियों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### विदेश मंत्री ने सभी पूर्व नौसैनिकों के परिवारों से मुलाकात की थी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इन सभी पूर्व नौसैनिकों के परिवारों से मुलाकात भी की थी। उनका कहना था कि सरकार मामले को सर्वोच्च महत्व देती है। परिवारों की चिंता और दर्द को समझती है। साथ ही भारत सरकार इनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

# तुर्किए को 43.1 करोड़ डॉलर की सहायता देगा ईयू



भूकंप से प्रभावित प्रांतों के पुनर्वास में मदद मिलेगी


**अंकारा,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। यूरोपीय संघ (ईयू) फरवरी में तुर्किए को सहमत एक अरब यूरो में से 40 करोड़ यूरो (43.17 करोड़ डॉलर) का सहायता पैकेज देने का इरादा रखता है जिससे पिछले साल घातक भूकंप से प्रभावित प्रांतों के पुनर्वास में मदद मिलेगी।

तुर्किए अखबार ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से सोमवार को यह खबर दी। पिछले साल यूरोपीय सॉलिडेरिटी फंड (ईयूएसएफ) ने छह फरवरी 2023 को तुर्किए और उत्तरी सीरिया के 11 प्रांतों में आए विनाशकारी भूकंप के बाद देश का समर्थन करने के लिए तुर्किए को एक अरब यूरो आवंटित करने पर सहमति व्यक्त की थी। यह अब तक की सबसे अधिक सहायता राशि होगी जिसे ईयू सॉलिडेरिटी फंड के तहत एक उम्मीदवार देश को प्रदान किया जाएगा। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि तुर्किए ट्रेजरी को फरवरी के दौरान धन प्राप्त होने की उम्मीद है। वहीं, संभावित तारीख को यूरोपीय आयोग की ओर से बदला भी जा सकता है। सूत्रों ने अखबार को बताया, भूकंप के तुरंत बाद किए गए खर्चों की प्रतिपूर्ति हमारी प्राथमिकता होगी। यदि आवश्यक समझा गया तो अन्य प्रक्रियाओं को भी वित्तपोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि वित्तीय सहायता का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पानी, अस्थायी आवास में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को बहाल करना, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना और कुछ ऐतिहासिक वस्तुओं का पुनर्निर्माण करना है।

# यमनी बंदरगाह मोचा के दक्षिण में जहाज पर हमला : ब्रिटिश सेना

**लंदन,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन की नौसेना ने कहा है कि यमन में मोचा बंदरगाह से 40 समुद्री मील दूर दक्षिण में एक जहाज पर हमले के बारे में जानकारी मिली है। ब्रिटेन मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने सोमवार को बताया कि उसके जहाज पर दो मिसाइलों से हमला किया गया है , हालांकि चालक दल सुरक्षित बताये गये हैं तथा जहाज अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। अन्य जहाजों को सावधानी से पारगमन करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में अधिकारियों को सूचित करने की सलाह दी गई। उल्लेखनीय है कि हाउती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर तब तक हमला करने का प्रण किया जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर में नेविगेशन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन के निर्माण की घोषणा की। अमेरिकी और ब्रिटेन की सेनाओं ने बाद में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने वाले विद्रोहियों की शक्तियों को क्षीण करने के लिये हाउती ठिकानों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले शुरू किये हैं।

## वर्ग पहेली 6465



**बायें से दायें:-**

१.प्यार भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३. मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. दर्शक-दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय-दुख व पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना-चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ़, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उऋण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ़
१९. जवाब, तरुण
२०. जान, जी, दम
२१. अगर

### वर्ग पहेली-6464



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1575-फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक।
1601-लंदन में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया।
1689-विलियम और मैरी इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए।
1693-अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला।
1713-दिल्ली के सुल्तान जहाँदारशाह की हत्या गला घोंट कर की गई।
1739-करनाल के युद्ध में नादिरशाह की फ़ौज ने मुग़ल शासक मुहम्मद शाह की सेना को हराया।
1788-भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया।
1795-अमेरिका में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला।
1856-ईस्ट इंडिया कम्पनी का लखनऊ सहित अवध पर भी कब्ज़ा।
1879-स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू (भारत कोकिला) का जन्म।
1920-अमेरिका में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई।
1931-नयी दिल्ली भारत की राजधानी घोषित हुई।
1945-भारतीय सिनेमा के अभिनेता विनोद मेहरा का जन्म।
1959-बच्चों की पसंदीदा बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई।
1966-सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
1975-तुर्की ने साइप्रस के उत्तरी भाग में अलग प्रशासन की स्थापना की।
1984-पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
1988-बंगलादेश में राष्ट्रपति हुसैन मुहम्मद इरशाद को हटाने के लिए विपक्षी आंदोलनकारियों की मुहिम में सैकड़ों लोग घायल हुए।

**परेशानी** ग्रेटर टोरंटो एरिया में रहते हैं लाखों विदेशी छात्र

# कनाडा में विदेशी छात्रों के 'संघर्ष' से चैरिटी संस्था दबाव में

**टोरंटो, 12 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा में आवास और सामर्थ्य के बिगड़ते मुद्दों के बीच अंतरराष्ट्रीय छात्र संघर्ष कर रहे हैं। चैरिटी एंड सपोर्ट ग्रुप्स का कहना है कि वे तनाव में हैं और उन्होंने सरकार से समर्थन बढ़ाने का आग्रह किया है।**

**ओटावा स्थित सीबीसी न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रेटर टोरंटो एरिया में लगभग 500,000 अंतर्राष्ट्रीय छात्र रहते हैं, खालसा एड के राष्ट्रीय निदेशक जिंद सिंह का कहना है कि चैरिटी का उन पर बहुत अधिक भार है।**

सिंह ने न्यूज आउटलेट को बताया, हमें वास्तव में लगता है कि यह हमारी भूमिका नहीं है। खालसा एड की कनाडाई शाखा, जो देश भर के शहरों में भोजन, कपड़े और आश्रय तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे 8000 से ज्यादा छात्रों की मदद कर रही है, का कहना है कि सरकार और माध्यमिक संस्थानों को जरूरतमंद अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सहायता के लिए और अधिक प्रयास करना चाहिए।

जिंद ने कहा कि संगठन को वर्तमान में भोजन, कपड़े और आश्रय की आवश्यकता वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों से प्रतिदिन पांच कॉल प्राप्त हो रही हैं, खासकर ओन्टारियो प्रांत के ब्रैम्पटन से जहां उन्होंने कहा कि स्थिति गंभीर है।

पिछले जून से, खालसा एड ने इस शहर में छात्रों को नॉन-पेरिशेबल फूड से भरे 5,000 से अधिक किराने के बैग वितरित किए हैं। कॉलेज स्टूडेंट अलायंस के अध्यक्ष, अज़ी अफ़ौसी ने सीबीसी को बताया कि ओंटारियो भर के छात्र संघों ने आवास संघर्ष के बारे में अधिक कॉल करने की सूचना दी है, उन्होंने कहा कि उनके एक सहकर्मी ने 15 अन्य लोगों के साथ एक घर साझा किया है।





अंतर्राष्ट्रीय छात्र कनाडा की अर्थव्यवस्था में सालाना लगभग 22 बिलियन कनाडाई डॉलर (16.4 बिलियन डॉलर) का योगदान करते हैं और घरेलू छात्रों की तुलना में चार गुना अधिक ट्यूशन का भुगतान करते हैं। कंसल्टिंग फर्म हायर एजुकेशन स्ट्रैटेजी एसोसिएट्स की सितंबर 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अकेले भारत के छात्रों ने पिछले साल ओंटारियो के पोस्ट-सेकेंडरी संस्थानों की परिचालन आय में 2 बिलियन डॉलर का योगदान दिया, जबकि प्रांतीय सरकार ने लगभग 1.8 बिलियन डॉलर का योगदान दिया। यह तब हुआ है जब सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए नए स्टडी परमिट की सीमा निर्धारित करने और उनके जीवनसाथियों के लिए वर्क परमिट रद्द करने की योजना बनाई। कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या दस लाख के आंकड़े को पार कर गई है, जिसमें नवंबर 2023 तक जारी किए गए 579,075 परमिटों में से 215,190 के साथ भारतीय अग्रणी हैं।

## दुनिया को जानें

# बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद 14 हजार पक्षियों को मारा गया

**टोक्यो,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। जापान के दक्षिणी प्रान्त कागोशिमा में एवियन इन्फ्लुएंजा के प्रकोप की पुष्टि होने के बाद यहां लगभग 14 हजार पक्षियों को मार दिया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रांतीय सरकार के अनुसार कागोशिमा के मिनामिसत्सुमा शहर में एक पोल्ट्री फार्म पर बर्ड फ्लू की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा कि उसी प्रबंधन के तहत इस पोल्ट्री फार्म और आस-पास के अन्य फार्मों में पक्षियों को मारने को कुछ ही समय में पूरा कर लिया गया। मारे गए पक्षियों को दफनाने और पोल्ट्री फार्म हाउसों को कीटाणुरहित करने का काम अगले कुछ दिनों के भीतर पूरा होने की संभावना है और राष्ट्रीय अधिकारियों से यह निर्धारित करने की उम्मीद है कि वायरस अत्यधिक रोगजनक है या नहीं। संक्रमण को और अधिक फैलने से रोकने के लिए इस प्रांत ने प्रभावित क्षेत्र से तीन किमी से 10 किमी के दायरे में 15 फार्मों में पाली जाने वाली लगभग 363,000 मुर्गियों और बटेरों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# प्रादेशिकी

## कांग्रेस सरकार किसान और बागबान विरोधी सरकार: संदीपनी भारद्वाज

**शिमला**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान की कांग्रेस सरकार किसान और बागबान विरोधी सरकार है। यह इस बात से प्रमाणित हो गया कि उन्होंने 2 किलो गोबर खरीदने की बात की थी, वह नहीं खरीदा। इन्होने 100 किलो दूध खरीदने की बात की वह नहीं वह नहीं खरीदा। उन्होंने कहा कि लेकिन हद तो तब हो गई जब किसानों का खून पसीने का पैसा जो सरकार के पास एमआईएस के तहत पड़ा है और लगभग 100 करोड़ से ऊपर है सरकार ने अभी तक कोई भी किस्त उसकी जारी नहीं की। उन्होंने वर्तमान की कांग्रेस सरकार और आरोप लगाते हुए कहा कि जो यह किसान और बागवान विरोधी सरकार है यह उस 100 रुपए करोड़ जो एमआईएस और हिमफेड के पास पड़ा है उसे भेजिए क्योंकि आने वाले समय में यहां के भगवान को पौधे खरीदने हैं।

# धामी ने हरिद्वार को दी 1168 करोड़ की सौगात



- 158 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- हरिद्वार जिले के विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा: सीएम
- हरकी पैडी कॉरिडोर को विश्व स्तर दिलाई जा रही अलग पहचान

**हरिद्वार**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार के दौरे पर रहे। हरिद्वार में सीएम धामी ने 1168 करोड़ की 158 परीयोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, जिसे करीब 461 करोड़ की लागत से 97 योजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं, 708 करोड़ की लागत से 61 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसी के साथ सीएम धामी ने हल्द्वानी की घटना पर भी बड़ा बयान दिया।

सोमवार 12 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार में सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यहां उन्होंने हल्द्वानी हिंसा को लेकर ये बयान दिया। हरिद्वार में सीएम धामी ने रोड शो निकाला और कई विकासशील योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश में किसी जिले में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में योजनाओं का शिलान्यास और लोकपर्ण किया गया है। इन योजनाओं से हरिद्वार जिले के विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा। पूरा जिला उन्नति करेगा। वहीं सीएम धामी ने बताया कि हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। सरकार अयोध्या और काशी विश्वनाथ की तरह ही हरकी पैड़ी कॉरिडोर को भी विश्व के मानचित्र पर एक अलग पहचान दिलाना चाहती है। कॉरिडॉर का काम तय समय में पूरा किया जाएगा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरिद्वार दौरे पर सबसे पहले अपने गुरु जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राज राजेश्वर नंद से मिलने उनके आश्रम पहुंचे। सीएम धामी ने उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना। अपने आध्यात्मिक गुरु से मिलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के देवपुरा से लेकर हरिद्वार के ऋषिकुल तक रोड शो किया। सीएम के रोड शो में एक अलग ही रंग देखने को मिला। रोड शो पर मिनी भारत की झलक देखने को मिली। इसमें अलग-अलग राज्यों से ध्वनि वादकों को बुलाया गया था। जहां एक ओर पंजाबी ढोल इस रोड शो में देखने को मिले, तो वहीं नासिक और केरल के ढोल भी इस रोड शो में देखने को मिले। ऐसा कहा जा सकता है कि 2024 लोकसभा चुनाव का बिगुल इस रोड शो के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजा दिया है। उत्तराखंड की लोकसभा की 5 सीटों पर जीत दिलाने के वादे को पूरा करने में सीएम धामी जुट गए हैं। रोड शो के दौरान स्कूल के बच्चों के साथ महिलाएं भी सड़कों पर देखने को मिलीं। इसी के साथ हरिद्वार के सांसद रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार के विधायक मदन कौशिक और भाजपा के कार्यकर्ता इस रोड शो में मौजूद रहे। सीएम धामी सड़कों के दोनों ओर लोगों की भीड़ देखकर उत्साहित दिखे। अपनी खुशी को उन्होंने लोगों पर फूल बरसाकर जाहिर किया।

### सीएम ने की घोषणा, जहां से अतिक्रमण हटा वही बनेगा थाना

हरिद्वार। सीएम धामी ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी हिंसा में जिस जगह से अवैध अतिक्रमण हटाया गया वहां पर अब पुलिस थाने का निर्माण किया जाएगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि हिंसा करने वालों के लिए उत्तराखंड में कोई जगह नहीं है।सीएम धामी ने कहा कि उपद्रवियों और दंगाइयों के लिए हमारी सरकार का यह स्पष्ट संदेश है कि देवभूमि की शांति से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा, ऐसे उपद्रवियों के लिए उत्तराखंड में कोई स्थान नहीं है। सीएम ने आगे कहा कि मालिक के बगीचे से जहां पर अतिक्रमण हटाया गया है अब वहीं पुलिस थाना बनाया जाएगा। मालूम हो कि उपद्रवियों ने आठ फरवरी को बनभूलपुरा थाना को पूरी तरह से जला दिया था। साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस और मीडिया कर्मियों के वाहनों को जला दिया था। हिंसा में कई पुलिस और मीडिया कर्मी घायल भी हो गए थे। जिसके बाद धामी ने उन्हें स्पष्ट संदेश देकर जता दिया है कि सरकार ऐसी हिंसा करने वालों के हमेशा खिलाफ रहेगी।

### फूंका लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल

हरिद्वार। ऐसा कहा जा सकता है कि 2024 लोकसभा चुनाव का बिगुल इस रोड शो के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजा दिया है। उत्तराखंड की लोकसभा की 5 सीटों पर जीत दिलाने के वादे को पूरा करने में सीएम धामी जुट गए हैं। रोड शो के दौरान स्कूल के बच्चों के साथ महिलाएं भी सड़कों पर देखने को मिलीं।

## कांग्रेस के काले कारनामों और मोदी सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों का लेखा-जोखा है श्वेत पत्र

**शिमला**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। शिमला, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कमर प्यार सिंह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए श्वेत पत्र ने कांग्रेस पार्टी की पोल खोल दी है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस की प्राथमिकता में हमेशा परिवार और भ्रष्टाचार रहा है। कांग्रेस पार्टी के लिए देश नहीं, बल्कि खुद की जेब भरने का काम किया। इस श्वेत पत्र ने पूरी तरह से साफ किया है कि कांग्रेस की आर्थिक नीतियों से देश को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में देश के बैंक घाटे में थे और लोग पैसा लेकर भाग रहे थे जिस पर सरकार चुप्पी साध रखी थी। देश में एक के बाद एक घोटाला हो रहा था। सरकारी फाइलें कैबिनेट में जाने के बजाय एनएसी में जा रही थी, जिसके सदस्य ऐसे लोग थे, जिनकी काबिलियत और पृष्ठभूमि पर प्रश्न चिन्ह थे। इससे साफ पता चलता है कि कांग्रेस ने देश को पीछे धकेलने का काम किया है। कांग्रेस की नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को नाजुक स्थिति में डाल दिया।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षों मे देश को एक साफ सुथरी और ईमानदार सरकार दी है। स्पष्ट नीतियों के कारण आज सारे बैंक प्रॉफिट में है। कांग्रेस के समय की लड़खड़ाती चरमराती अर्थव्यवस्था से वर्तमान में देश अब 11वें स्थान से विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस श्वेत पत्र ने सरकार ने देश के लोगों को यह बताया है कि मोदी ने किन परिस्थितियों से निकालकर देश को आगे बढ़ाया है।

वर्तमान में देश में मोदी सरकार है यह भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, घोटाला मुक्त, गरीब कल्याण और युवाओं को रोजगार देने वाली सरकार साबित हुई है और देश दुनिया में आर्थिक स्थिति में 11 पायदान में था वही देश वर्तमान में 5 वें पायदान पर आकर खड़ा हो गया है। मोदी सरकार ने भारत की बिगड़ती अर्थव्यवस्था तथा नाजुक अर्थव्यवस्था को बदलकर स्थिर अर्थव्यवस्था पर लाकर खड़ा कर दिया हैं।

**सार संक्षेप**

### दत्तात्रेय को दूसरे दीक्षांत समारोह में आने के लिए आमंत्रण

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से सोमवार गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 दिनेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट कर मार्च में होने वाले दूसरे दीक्षांत समारोह में आने के लिए आमंत्रित किया। श्री दत्तात्रेय को विश्वविद्यालय की गतिविधियों व उपलब्धियों के साथ-साथ वहां बन रहे नए कैम्पस निर्माण कार्य तथा नए कोर्सों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । राज्यपाल कुमार को विश्वविद्यालय में नए कैम्पस निर्माण और प्रशिक्षण में नए कोर्सों को शुरू कराने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### डीएम ने किए दंगा प्रभावित क्षेत्र के 120 शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**नैनीताल।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए दंगे के बाद से लगातार प्रशासन एवं पुलिस की कार्रवाई जारी है। इस मामले में बड़ी खबर यह निकल कर आ रही है। डीएम नैनीताल वंदना सिंह ने कड़ा एक्शन लेते हुए थाना बनभूलपुरा के अंतर्गत 120 शस्त्र लाइसेंस कैंसल कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की संवेदनशीलता और हालातो को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ऐसे में वहां के 120 शस्त्र लाइसेंस कैंसल कर दिए गए हैं। फिलहाल अभी वहां पर कर्फ्यू जारी है, लेकिन जरूरत के सामान को प्रशासन द्वारा वहां रहने वाले लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी और शस्त्र लाइसेंस की जांच की जा रही है और उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

### रुड़की के पास कार की टक्कर से दो युवकों की मौत, दो घायल

**रुड़की।** हरिद्वार जिले के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे उन दोनों की मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। जानकारी के मुताबिक मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के नगला सलारू गांव निवासी सहेंद्र पुत्र प्रकाश अपने दोस्त मनोज पुत्र सतपाल के साथ बाइक पर गुरुकुल नारसन किसी काम के लिए आए थे। जैसे ही यह लोग गुरुकुल से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में पेट्रोल पंप के समीप रुके। ब्रह्मपुर गांव निवासी भी दो युवक वहां पर खड़े हुए थे। इसी दौरान पीछे से आई दिल्ली नंबर की तेज रफ्तार कार ने वहां खड़े सभी लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। बताया गया है कि इस हादसे में मनोज पुत्र सतपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 के माध्यम से रुड़की के सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां पर अस्पताल डॉक्टरों ने सहेंद्र को भी मृतक घोषित कर दिया।

### सुडोकू 6465 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 3 | 9 | 7 | 8 | 6 | 5 |

# केंद्रीय मंत्री केपी गुर्जर ने युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र



**देहरादून**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। आईटीबीपी सीमाद्वार में रोजगार मेले के दौरान केन्द्रीय मंत्री केपी गुर्जर ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। सोमवार को सीमद्वार स्थित भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) सीमाद्वार में रोजगार मेला 2024 का आयोजना किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री, विघुत एवं भारी उधोग मंत्रालय कृष्ण पाल गुर्जर। विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित राज्यों के 46 केन्द्रों पर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य के साथ रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गुर्जर ने विभिन केंद्रीय सेवाओं में चयनित 113 से अधिक युवाओं को नियुक्तिपत्र सौंपे। अपने संबोधन में गुर्जर ने कहा कि केन्द्र सरकार का लक्ष्य है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश भर के 10 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित युवाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा और उसके बाद उनकी तैनाती की जायेगी। इस अवसर पर संजय गुंज्याल, भारतीय पुलिस सेवा, महानिरीक्षक, उत्तरी सीमांत, रमाकांत शर्मा, उप महानिरीक्षक, उत्तरी सीमांत, आर.एस. राणा, उप महानिरीक्षक, उत्तरी सीमांत, पवन मलिक, उप महानिरीक्षक, उत्तरी सीमांत, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल देहरादून, मनु महाराज, भारतीय पुलिस सेवा, उप महानिरीक्षक, देहरादून पीयूष पुष्कर, सेनानी, 23 वीं वाहिनी एवं नव नियुक्त युवा उपस्थित थे।

# 14 फरवरी से शुरू हो रहा हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र हंगामेदार होगा



**शिमला**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। 14 फरवरी से शुरू हो रहा हिमाचल विधान सभा का बजट सत्र हंगामेदार होगा। बजट सत्र को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस व विपक्षी भाजपा आज विधायक दलों की बैठकों में रणनीति तय करेंगे। बजट सत्र में विपक्षी भाजपा के हमलों में लोक सभा चुनाव की रणनीति की झलक देखने को मिलेगी। बजट सत्र से पहले भाजपा लगातार चुनावी गारंटियों को लेकर कांग्रेस पर हमला बोल रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बीते दिनों कहा था कि वह सरकार को गारंटियों से भागने नहीं देंगे। जयराम ठाकुर के बयान से साफ है कि विपक्षी भाजपा बजट सत्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस को आराम से नहीं बैठने देगी। खासतौर पर महिलाओं को हर माह 1500 रुपए महीना सम्मान निधि तथा एक लाख रोजगार देने के मुद्दे पर भाजपा के तेवर सदन में हमलावर होंगे।

चुनावी गारंटियों के साथ साथ भाजपा सदन में जेओए आईटी अभ्यर्थियों के साथ साथ क्रमिक अनशन पर बैठे एसएमसी शिक्षकों का मुद्दा उठा कर भी सत्ता पक्ष के खिलाफ आक्रामक रुख अपना सकती है। जेओए आईटी का भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित करने का मुद्दा भाजपा लगातार उठा रही है। भर्ती परीक्षा परिणाम घोषित न होने से हजारों अभ्यर्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बजट सत्र में न सिर्फ राज्यपाल के अभिभाषण, बल्कि अनुदान मांगों पर भी चर्चा होनी है। चर्चा के दौरान विपक्ष के पास मुद्दे उठाने का खासा वक्त होगा। लोक सभा चुनाव से भाजपा द्वारा सदन में उठाए गए मुद्दों से उसकी रणनीति साफ होगी।

प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस राज्य में बीते साल आई दैवीय आपदा के दौरान केंद्र से पर्याप्त आर्थिक मदद का मुद्दा उठा कर विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगी। कांग्रेस नेता लगातार आपदा के दौरान हिमाचल की उपेक्षा का मुद्दा उठा रहे हैं। साथ ही जेओए आईटी भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित न होने पाने का ठीकरा भी सत्ता पक्ष भाजपा के सिर फोड़ सकता है। बेशक सरकार ने भंग किए गए हमीरपुर स्थित राज्य कर्मचारी चयन आयोग से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया है, बावजूद इसके सरकार पेपर लीक का मामला उठा कर भाजपा पर पलटवार कर सकती है।

बहरहाल बजट सत्र को लेकर अब कांग्रेस व भाजपा विधायक दलों की बैठक में रणनीति तय होनी है। साथ ही सत्र के संचालन को लेकर सर्वदलीय बैठक भी होनी है। मगर बजट सत्र के दौरान कौन से पक्ष की रणनीति कारगर रही इसका खुलासा सदन में ही होगा।

# दिल्ली कूच : ड्रोन, सीसीटीवी कैमरों से रहेगी नजर, भारी संख्या में पुलिस तैनात



**चंडीगढ़**, 12 फरवरी (एजेंसियां)। किसानों के मंगलवार के दिल्ली कूच के मद्देनजर हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम करने का दावा सोमवार को किया। पुलिस के जारी बयान के अनुसार प्रदेश में 114 कंपनियों की अलग-अलग जिलों में तैनाती की गई है इनमें से 64 कंपनियां अर्ध सैनिक बलों तथा 50 कंपनियां हरियाणा पुलिस की शामिल है। ये सभी कंपनियां दंगा प्रतिरोधी उपकरणों के साथ प्रदेश के सीमावर्ती जिलों तथा संवेदनशील जिलों में तैनात है। इसके अलावा उपद्रवियों तथा शरारती तत्वों पर ड्रोन, सीसीटीवी कैमरे आदि के माध्यम से नजर रखी जा रही है।प्रदेश के कई जिलों में धारा 144 लगाई गई है।

इसके अलावा अंबाला होते हुए चंडीगढ़-दिल्ली हाइवे बंद कर दिया है और चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को पंचकूला, बरवाला, साहा, शाहबाद, कुरूक्षेत्र के रास्ते अथवा पंचकूला, बरवाला, यमुनानगर (एनएच-344) , लाडवा, इंद्री, करनाल होते हुए दिल्ली पहुँचने की ऐडवायजरी जारी की है। पंजाब के साथ लगी सीमाएं सील होने के कारण पंजाब जाने वाले यात्रियों को रेल मार्ग का इस्तेमाल करने की अपील की गई है।

## वार्ता से प्रदर्शनकारी किसानों का मुद्दा भी सुलझ सकता है: हरियाणा के गृह मंत्री



**चंडीगढ़।** हरियाणा गृह मंत्री अनिल विज ने सोमवार को कहा कि बातचीत से किसी भी मुद्दे का समाधान हो सकता है और प्रदर्शनकारी किसानों का यह मसला भी सुलझ जाएगा। हरियाणा से होकर गुजरने वाले किसानों के प्रस्तावित दिल्ली मार्च के बारे में पूछे जाने पर विज ने मीडिया से कहा, 'हम अपने राज्य के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांति बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह करेंगे।' उन्होंने कहा कि किसान संगठनों के साथ चर्चा पहले से ही चल रही है। इसी कड़ी में दूसरे दौर की बातचीत के लिए केंद्र सरकार के तीन मंत्री दिल्ली से चंडीगढ़ आए हैं. पहले दौर की बातचीत हो चुकी है। विज ने किसानों को अन्नदाता बताते हुए कहा कि किसान देश के लगभग 140 करोड़ लोगों का पेट भरता है।

उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि हमें गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर ध्यान केंद्रित करना है और उन्होंने इस संबंध में जोर देने को कहा है।' राष्ट्रीय राजधानी में 13 फरवरी को किसानों के विरोध मार्च से पहले हरियाणा में प्रवेश बिंदुओं पर भारी सुरक्षा और बड़े पैमाने पर यातायात परिवर्तन ने यात्रियों की गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित किया है।


# हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश ने संभाला कार्यभार



**नैनीताल**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश ने फुल कोर्ट रैफरेंस के साथ ही सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर रजिस्ट्रार जनरल ने प्रोसिडिंग शुरू करने की अनुमती मांगी और महाधिवक्ता के साथ उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मंनोज तिवारी ने न्यायालय में मौजूद सभी लोगों का स्वागत किया। नैनीताल स्थित उच्च न्यायालय में आज हरियाणा उच्च न्यायालय से ट्रांसफर होकर पहुंची महिला मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी ने मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यभार संभाल लिया है। 1962 में हरियाणा में जन्मी ऋतु की पारिवारिक पृष्ठभूमि अधिवक्ता परिवार से रही है। चंडीगढ़ से शिक्षा ग्रहण कर उन्होंने वकालत की और वहीं उच्च न्यायालय में प्रेक्टिस शुरू कर दी। ऋतु, हरियाणा हाईकोर्ट की महाधिवक्ता और फिर 16 अगस्त 2010 को वहीं न्यायाधीश बनी। पिछले वर्ष वह मुख्य न्यायाधीश के रूप में एलिवेट हुई थी। ऋतु ने देहरादून में राज्यपाल के सम्मुख पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्होंने आज अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह खुले दिमाग से काम करेंगी और इस न्यायालय के युवा अधिवक्ताओं को नए सुझावों के साथ आमंत्रित कर उसपर विचार करेंगी। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विषम पहाड़ी क्षेत्रों में जरूरतमंदों को आसान न्याय देने के लिए तरीकों पर विचार किये जा रहे हैं।

उच्च न्यायालय बार के अध्यक्ष डी.सी.एस.रावत ने उन्हें कहा कि राज्य में महिला शक्तिकरण का दौर है। राज्य में पहली महिला मुख्य सचिव के साथ जिलाधिकारी भी महिला हैं।

# पुलिस ने उपद्रवियों को चिन्हित करने में पूरी ताकत झोंकी



**हल्द्वानी**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। बानभूलपुरा थाना क्षेत्र में हुए बवाल में पुलिस ने उपद्रवियों को चिन्हित करने की कार्रवाई में पूरी ताकत झोंक दी है। पूछताछ के लिए पुलिस 90 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस इन सभी के चेहरे सीसीटीवी फुटेज, फोटो, वीडियो से मिला रही है। इसके साथ अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। बनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू के बीच पुलिस उपद्रवियों को चिन्हित करने का काम कर रही है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की निगरानी सोशल मीडिया सेल से की जा रही है। साथ ही आरोपियों की सीडीआर आदि की जांच भी की जा रही है, ताकि उपद्रव करने वालों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। एसएसपी का कहना है कि उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन कई उपद्रवी घटना को अंजाम देने के बाद फरार भी हुए हैं। बहुत से लोगों के घरों में ताले लटके हुए हैं, जो परिवार सहित गायब हैं।

# मांगों को लेकर उपनल कर्मियों ने किया सचिवालय कूच

## प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उठाई मांग



**देहरादून**, 12 फरवरी (देशबन्धु)। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उपनल कर्मियों ने सचिवालय कूच किया। जहां पर उन्होंने धरना दिया। एक प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में अधिकारियों से मिल अपना मांग पत्र सौंपा। आज यहां पूरे प्रदेश के उपनल कर्मी परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने सचिवालय के लिए कूच किया। जब वह कनक चैक से सचिवालय के लिए चले तो रास्ते में पुलिस ने बैरकेडिंग लगाकर उनको रोक दिया। जहां पर वह धरने पर बैठ गये। जिसके बाद जिला प्रशासन के साथ उपनल कर्मियों का दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सचिवालय में अधिकारियों से वार्ता करने के लिए गया। जहां पर उन्होंने अपना मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संयोजक विनोद गोदियाल ने कहा कि उपनल कर्मी विभिन्न विभागों में वर्षो से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अब तक उनके सुरक्षित भविष्य के लिए कोई नीति नहीं है। ना तो कर्मचारियों को समय पर मानदेय मिलता है न सेवा विस्तार। उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए सरकार को आदेश दिया था जिसके खिलाफ सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर दी। यहीं नही उपनल कर्मियों को लगातार नौकरी से हटाया जा रहा है। 22 दिसम्बर को उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने उपनल कर्मियों की लम्बित मांगों को लेकर शासन प्रशासन को मांग पत्र सौंपा था। जिसमें कहा गया था कि 15 जनवरी तक मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने मांग की है कि हाईकोर्ट के 2018 के आदेश को तत्काल लागू किया जाये। वर्ष 2021 में उपनल कर्मियों के आंदोलन के दौरान कैबिनेट मंत्रियों की उप समिति की रिपोर्ट लागू हो। 18 जुलाई 2023 को अपर मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेश को निरस्त किया जाये। जिसमें स्वीकृत पदो के सापेक्ष नियुक्त कर्मियों को वेतन देने का प्राविधान किया गया है। इसके साथ ही मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी जाये तथा प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाए।

# प्रादेशिकी

## बाइक को टक्कर मार ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत

**फर्रुखाबाद,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। बाइक सबार को टक्कर मार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गयी 7 जिससे बाइक सबार सहित ट्राली में बैठे लगभग 30 सबारियां घायल हो गई। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया । प्रारम्भिक उपचार के बाद लगभग 16 को लोहिया अस्पताल रिफर किया गया। लोहिया अस्पताल में दो को मृत घोषित कर दिया गया। पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के मिर्जापुर इस्लामनगर निवासी चालक 40 वर्षीय बाबू पुत्र गरीब अपने ट्रैक्टर में लगभग 35 सवारियों को लेकर मकनपुर के मेले में जा रहा था। उसी दौरान जब उनका ट्रैक्टर थाना शमसाबाद के वलीपुर भगवंत ग्राम के पास पंहुचा तो सामने से आ रही बाइक से ट्रैक्टर की भिंडत हो गई। जिससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई।

# फसलों के मुआवजे से छूटे किसानों को 177 करोड़ देगी उत्तर सरकार

■ क्षतिग्रस्त फसलों के दोबारा सत्यापन में लापरवाही पर योगी ने जताई थी नाराजगी

■ कुछ तकनीकी कारणों से वित्तीय वर्ष 2021-22 व वर्ष 2022-23 में मुआवजे के लाभ से छूट गए थे अन्नदाता



**लखनऊ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार ने पिछले दो वर्षों में आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के नुकसान के मुआवजे से छूटे किसानों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने किन्हीं तकनीकी कारणों से वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में मुआवजे से छूटे प्रदेश के कुल साढ़े तीन लाख से अधिक किसानों को 1 अरब 76 करोड़ से अधिक धनराशि जल्द से जल्द खाते में ट्रांसफर करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में विभिन्न आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे और अन्य राहत को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने त्रुटियों के कारण फसलों के नुकसान के दोबारा सत्यापन में लापरवाही और मुआवजा जारी नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए 17 जिलों के एडीएम एफआर से जवाब तलब किया था। साथ ही, अधिकारियों को ऐसे मामलों में तत्काल सत्यापन कराकर किसानों को मुआवजा राशि प्रदान करने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जनवरी तक 1,87,845 से अधिक किसानों को 80,88,68,299 रुपए से अधिक की सहायता धनराशि वितरित की जा चुकी है। अपर मुख्य सचिव सुधीर गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुआवजे से छूटे किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में दोबारा सर्वे कराया गया। सर्वे में पाया गया कि प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-233 में कुल 3,76,287 किसान आपदाओं से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे से छूट गये थे। इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के 2,27,735 किसान और वर्ष 2022-23 के 1,48,552 किसान शामिल हैं। इस पर प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों से छूटे किसानों को मुआवजा देने के लिए धनराशि की मांग करने के निर्देश दिए गए थे।

### क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को दिया जाता है मुआवजा

मालूम हो कि बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाता है। सीएम योगी के निर्देश पर किसानों को मुआवजा धनराशि सर्वे के 24 घंटे में डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की जाती है। अपर मुख्य सचिव राजस्व के मुताबिक सर्वे में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुआवजे से सबसे अधिक सीतापुर के 27,836 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,72,51,397 रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर बरेली के 22,661 किसानों और तीसरे नंबर पर ललितपुर के 19,420 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है। इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुआवजे से सबसे अधिक सिद्धार्थनगर के 21,002 किसान छूट गये थे, जिन्हें 10,07,53,392 रुपए की धनराशि का भुगतान किया जा रहा है। वहीं, दूसरे नंबर पर झांसी के 17,296 किसानों और तीसरे नंबर पर बलरामपुर के 12,933 किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा रहा है।

## विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

मेरठ,12 फरवरी (देशबन्धु)। उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के (द्वितीय चरण) अन्तर्गत आज नीलकंठ ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस पाबली खास मेरठ्, विकास खण्ड-दौरालाध्, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 14 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंसध्बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तिं अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 10000 रुपए और अधिकतम 25000 रुपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 278 अभ्यर्थियों में, जो कि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 171 अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।

## अपनी अलग पहचान बना रही उत्तर प्रदेश विधानसभा : महाना

**लखनऊ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि इस विधानसभा में कई नवाचार हुए हैं जिसके कारण अब इसकी चर्चा देश की दूसरी विधानसभाओं में भी हो रही है। यूपी की विधानसभा अब अपनी अलग पहचान बना रही है। दूसरे राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष इसे देखने के लिए आ रहे हैं। आज विधानभवन के तिलक हाल में यूपीवीएस.इंटलीजेंट सर्च ऐप का शुभारम्भ करते हुए महाना ने कहा कि यूपी विधानसभा में पिछले दो सालों में अलग अलग क्षेत्रों से जुड़े लोग आ चुके हैं। जिनमें छात्र-छात्राओं से लेकर डाक्टर्स इंजीनियर्स वकील पत्रकारों आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए गर्व की बात है कि जब भी देश में विधानसभा अध्यक्षों की कांफ्रेंस होती है तो यूपी की चर्चा जरूर होती है। महाना ने कहा कि हमारा प्रयास है कि यूपी विधानसभा के प्रति वर्षो पुरानी बनी धारणा को बदला जाए। पहले विधानसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष के विधायक वेल में आकर सुर्खियों में आते थे लेकिन अब सकारात्मक कार्यशैली से मीडिया में दिखाई पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से विधानसभा सदस्यों को और सुविधा होगी जिससे उनकी कार्यशैली में और परिवर्तन दिखाई देखा। इस ऐप में विधानसभा से सम्बन्धित हर तरह का विवरण मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि इस ऐप में 8 जनवरी, 1887 को इलाहाबाद के थार्नहिल मेमोरियल हाल में 'नार्थ वेस्टर्न प्रोविन्सेज एण्ड अवध लेजिस्लेटिव कौंसिल' की सम्पन्न हुई प्रथम बैठक से लेकर फरवरी, 2023 तक की विधान सभा की सम्पूर्ण कार्यवाहियां ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इस ऐप का उपयोग करते हुए विधानसभा सदस्य के साथ ही आम जनमानस भी पुरानी कार्यवाहियों से संबंधित किसी प्रकार की सूचना सर्च कर सकते हैं।



■ विधानसभा ने नए ऐप की शुरुआत की

## सार संक्षेप

### सीसीएसयू में अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**मेरठ।** मनोविज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ परिसर में सफल जीवन हेतु मनोवैज्ञानिक काउन्सलिंग का महत्व विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. शाह आलम, मनोविज्ञान विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ रहे। कार्यकर्म के मुख्य वक्ता डॉ. शाह आलम ने, काउंसलिंग का जीवन में कितना महत्व बताते हुए कहा कि इस भगदड़ भरी जिंदगी में किसी को एक दूसरे के लिए समय नहीं है। इसलिए हैं अपनी समस्याएं एक दूसरे से शेयर करना चाहिए ताकि हमें एक समाधान मिल सके। उन्होंने बताया कि हमारे भारतवर्ष मे आज लगभग 40 से 50 करोड़ लोग किसी ना किसी मानसिक या मनोवैज्ञानिक परेशानी से पीड़ित हैं और उनको सुनने के लिए कोई नही है जिसके लिए हमारे देश को कम से कम डेढ़ लाख मनोवैज्ञानिकों की आवश्यकता है। आगे उन्होंने बताया कि एक अच्छा काउंसलर बनना है तो दूसरों के व्यवहारों का अवलोकन कर उन्हें सहानुभूति के साथ सुनना सीखो, इससे बहुत सारी समस्याओं का हल संभव है। उन्होंने कहा कि यदि जिंदगी में सफल होना है तो जिंदगी की प्लानिंग और समय प्रबंधन जरूरी है। कार्यक्रम में सभी का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष, प्रो. संजय कुमार ने किया एवं सभी शिक्षकों ने अतिथि वक्ता को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. चित्रा गुप्ता और रूपा शर्मा के साथ विभाग के पीएचडी, स्नातक और परास्नातक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और अपने प्रश्नों के द्वारा ज्ञान प्राप्त किया।

### प्रदेश की आईजीआरएस रैंकिंग में मेरठ मंडल को मिला द्वितीय स्थान

**मेरठ।** माह जनवरी में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पोर्टल पर किये गये कार्यों के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा रैकिंग जारी की गई। जिसमें मेरठ मंडल को प्रदेश में द्वितीय स्थान मिला है। मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. के कुशल मार्गदर्शन में शासन की मंशा के अनुरूप संबंधित अधिकरियो द्वारा जनता की शिकायतो का त्वरित गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के फलस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है।

### रेलवे क्रॉसिंग पार करते ट्रैन से कटा युवक

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड पर रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय मैनपुरी का रहने वाला एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई सूचना पाकर प्रतापपुर थाना और जीआरपी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई जिसके बाद जीआरपी पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। परतापुर थाना क्षेत्र दिल्ली रोड स्थित रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसके चलते युवक के परखच्चे उड़ गए और घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परतापुर और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची।

## एमपीएस के छात्रों को राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

**मेरठ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित मेरठ पब्लिक स्कूल मेंन विंग के पूर्व छात्रों आयुष नेगी और अंश नेगी ने उत्तर प्रदेश जूनियर बास्केटबॉल पुरुष टीम के सदस्य के रूप में हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित 4 फरवरी से 11 फरवरी तक राष्ट्रीय बास्केटबाल चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश, परिवार व विद्यालय के गौरव में वृद्धि की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने पर उत्तर प्रदेश की टीम को पुरस्कृत करते हुए टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रधानाचार्या ने समस्त प्रबंध समिति की ओर से कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं वरन विद्यालय में उनके कोच बेनेडिक्ट जॉन एवं प्रबंध समिति के सकारात्मक प्रभाव व कुशल मार्गदर्शन के प्रतिफल के रूप में सभी के लिए गौरव का क्षण भी है।



■ मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की टीम को किया पुरस्कृत

■ प्रबंध समिति में खुशी की लहर, सफलता पर बधाई दी

## बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

**मेरठ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओ की तैयारियो के संबंध में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में परीक्षा केन्द्रो के केन्द्र व्यवस्थापक, जोनल/सैक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा निष्पक्ष, निर्विवादित व नकलविहीन रूप से सम्पन्न करायी जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि दिये गये दायित्वो का निवर्हन पूर्ण ईमानदारी के साथ करें। उन्होने कहा कि नकल के विरूद्ध सख्त रूख अपनाया जाये तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये। उन्होने सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा से संबंधित अन्य तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण द्वारा बताया गया कि समस्त परीक्षा केंन्द्रों पर चौबीस घंटे पुलिसकर्मियो की ड्यूटी रहेगी। परीक्षा केन्द्रो पर मोबाईल, कैलकुलेटर व अन्य नकल सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।



उन्होंने कहा कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश न करने दिया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि 22 फरवरी से 09 मार्च 2024 तक माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा होगी, जिसमें जनपद मेरठ में 81895 परीक्षार्थी 102 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल बोर्ड की परीक्षा में कुल 41830 परीक्षार्थी तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 40065 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में कुल 81895 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, एसडीएम मवाना अखिलेश यादव, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर, एसीएम महेश दीक्षित सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का प्रदर्शन

**मेरठ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई घटना की निंदा करते हुए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि दलित और मुस्लिम को निशाना बनाया जा रहा है। देश में अराजकता का माहौल है, ऐसे में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी हैं।

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रचार सचिव मोहम्मद अरशद सैकड़ो लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनका कहना है कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुई घटना निंदनीय है। पुलिस फायरिंग में शहीद हुए मृतक परिवार को मुआवजा दिया जाए। उत्तराखंड की धामी सरकार ने एक समुदाय को निशाना बनाकर प्रताड़ित किया है। घटना के बाद पुलिस चेकिंग के नाम पर युवाओं को झूठे मुकदमे में फंसा रही है। जिस वजह से हल्द्वानी में रहने वाले कई मुस्लिम परिवार बेघर हो चुके हैं।

## अमेठी में राहुल की बढ़ती सक्रियता से भाजपा खेमे में बढ़ी बेचैनी

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। अमेठी में 19 फरवरी को आने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस बहुत गंभीर है। जिससे अमेठी में यात्रा को सफल बनाने के लिए सोनिया गांधी के प्रतिनिधि केएल शर्मा डेरा डाले हुए हैं। बाकी छत्तीसगढ़ के एक पूर्व मंत्री और कई बड़े नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिम्मेदारों के आने से साढ़े चार साल बाद कांग्रेस कार्यालय गुलजार हो गया है। राहुल गांधी की चुनावी हार के बाद से कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। लेकिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठकें हो रही है।




■ भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यालय हुआ गुलजार

कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता से भाजपा खेमे में बेचैनी बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि यात्रा आने के पहले अमेठी में धारा 144 लागू हो गई है। अमेठी रायबरेली की भारत जोडो न्याय यात्रा में अखिलेश यादव भी आने का न्योता स्वीकार कर लिए हैं। अमेठी और रायबरेली में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी एक बार फिर अखबार की सुर्खियों में होगी। यात्रा में अखिलेश यादव के आने से सपा और कांग्रेस दोनों की भीड़ एक साथ चलेगी। अमेठी में पहले से सपा मजबूत है। अमेठी और गौरीगंज में सपा के दो विधायक हैं। दो साल बाद राहुल गांधी अमेठी आ रहे हैं। जिससे कार्यकर्ताओं में जोश नजर आ रहा है। सोनिया गांधी के प्रतिनिधि केएल शर्मा ने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी में प्रवेश करेंगी। प्रतापगढ़ से निकलकर अठेहा के रास्ते ककवा,महराजपुर, गोसाईं गंज, अमेठी,बारामासी चौराहा,टिकरिया चौराहे से बाईपास के रास्ते गौरीगंज सुल्तानपुर मार्ग से कांग्रेस कार्यालय में जाएंगे।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर परिवार पर हमला

**मेरठ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। मुंडाली थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में गांव के ही रहने वाले दबंगों ने घर के बाहर खड़ी युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर युवती के परिवार वालों ने दबंगों का विरोध किया तो दबंगों ने पीड़ित परिवार पर जानलेवा हमला बोल दिया। आसपास के लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया पीड़ित परिवार वीडियो लेकर थाने पहुंचा लेकिन थाना पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की इसी के चलते सोमवार को पीड़ित परिवार ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर दबंगों पर कार्यवाही की मांग की है। घटना का लाइव वीडियो देखने के बाद जनसुनवाई अधिकारी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## संवैधानिक मूल्य एवं आदर्श विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**मेरठ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। राजनीति विज्ञान विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रांगण में प्रायोजित भारतीय संवैधानिक मूल्य एवं आदर्श विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन स्वस्तिवाचन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया सर्वप्रथम प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराते हुए विषय प्रवेश किया।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान प्राचीन भारत की दीर्घ परंपरा के परिणाम हैं पवन कुमार भारतीय वांगमय में मानव ही नहीं बल्कि समस्त जीवधारियों का उल्लेख किया गया है कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संजय दुबे पूर्व निदेशक राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली ने बताया की संविधान का प्रत्येक शब्द स्वयं में ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है और प्रत्येक शब्द में इतिहास समय-समय पर एक नया रंग भरता है उन्हीं के आधार पर भावनाएं निर्मित होती हैं वर्तमान समय में आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना में आर्थिक संप्रभुता एवं आर्थिक विकेंद्रीकरण में समाजवाद एवं सर्वधर्म समभाव में धर्मनिरपेक्षता की भावना उजागर होती है कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर नीरज गुप्ता कुलपति गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद गुजरात ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिये अपने-अपने स्तर पर अथक प्रयास करने होंगे तभी अखंड भारत एवं सशक्त भारत का सपना पूरा हो सकेगा।



**आयोजन** जसवंतराय अस्पताल में 26वां नि:शुल्क स्थाई पेस मेकर कैंप लगाया

# 14 मरीजों को निशुल्क में लगाए पेसमेकर, धड़कने लगे दिल

**मेरठ,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। चिकित्सा जगत के क्षेत्र में निरंतर बढ़ते हुए कदम के साथ पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी जसवंत राय स्पेशलिटी अस्पताल में कार्डियो चौरिटी, बोस्टन कार्डियक फाउंडेशन के साथ मिल कर, अस्पताल कैंपस में 26वां नि:शुल्क स्थाई पेस मेकर कैंप लगाया। बता दें कि पेसमेकर लगाने की लगभग लागत डेढ से 2 लाख रूपये आती है। जसवंत राय स्पेशलिटी अस्पताल में अब तक लगभग अधिकतम फ्री 650 पेसमेकर लगाए जा चुके हैं।

■ बोस्टन कार्डियक फाउंडेशन के साथ मिलकर किया जा रहा सराहनीय कार्य

■ अब तक लगाए जा चुके हैं 650 पेसमेकर

जो पश्चिम उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी उपलब्धि है। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव अग्रवाल (कार्डियो चौरिटी मेरठ) ने बताया कि इस शिविर में 14 मरीजों को फ्री में लगाए गए हैं। डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि बदलते आधुनिक युग में दिल की रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। पेसमेकर लगाने में लगभग 30 मिनट का समय लगता है। जिसके बाद मरीजों को पहली जैसी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। एक पेसमेकर लगभग 10-15 सालों तक का काम करता है जरूरत पड़ने पर इसे बदल भी दिया जाता है। अथवा बैटरी भी बदल दी जाती है।

डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को दवाइयां, अस्पताल तथा स्वस्थ रहने के उपरान्त भी मेडिकल फॉलोअप फ्री किया जाएगा।

सभी मरीजों के खाने व नाश्ते का पूरा प्रबंध अन्नपूर्णा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। डॉ. राजीव अग्रवाल ने अन्नपूर्णा चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक बृज भूषण गुप्ता का आभार व्यक्त किया। पेसमेकर लगाने की प्रकिया मेरठ में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. राकेश मौर्या, बोस्टन से आये डॉ. सलिल मिड्ढा एवं उनकी टीम (डॉ. लिओन ,सिस्टर बृंदा टेक्निशन मिस अलेक्सिस व ऑस्टिन, शिवशंकरन पेसमेकर के प्रतिनिधि के द्वारा की गयी। इस अवसर पर डॉ राकेश मौर्या, अस्पताल के निदेशक डॉ. एस सी अग्रवाल, शैलेन्द्र अग्रवाल, अशोक राजवंशी, राजीव रस्तोगी मौजूद रहें। डॉ. राजीव अग्रवाल ने सम्पूर्ण भारत के सभी चिकित्सकों, व्यपार मंडलो, रोटरी क्लब, भारत विकास परिषद व पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया जिनके अथक प्रयासों से गरीब तबके के दिल के मरीजों को चिन्हित कर के इलाज के लिए भेजा गया। इस कैंप में पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद से 4, मुजफ्फरनगर से 2, सहारनपुर से 1., हापुड़ से 1., बिजनौर से 1 दिल्ली से 3 बिहार से 1 गुरुग्राम हरियाणा से 1 मरीजों को पेसमेकर लगाए गए। लगभग 12 मरीजों शीला, राजो देवी, संजू देवी, महेंद्री, मुनक्का, नाजरीन, सुगंधा, साकिब परवेज सुहैब, इरफान, शराफत, संजय को पूर्व के शिविरों में लगे पेस मेकर का निरीक्षण परीक्षण किया गया।

### कैंप में लाभांवित होने के लिए कराएं रजिस्ट्रेशन

फ्री पेसमेकर का लगाने का प्रयास संपूर्ण भारत में पहली बार जसवंत राय स्पेशलिटी अस्पताल मेरठ में किया गया ,जो निरंतर चौबीस वर्षों से चल रहा है। जसवंत राय चूड़ामणि ट्रस्ट सोसायटी के चेयरमैन अशोक गुप्ता व सुशीला जसवंत राय मेटरनिटी अस्पताल के चेयरमैन राजीव गुप्ता ने आर्थिक सहयोग दिया तथा भविष्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। डा. राजीव अग्रवाल ने कहा कि ऐसे दिल के रोगी जिनके दिल की धड़कनों की रफ्तार कम हो रही है वह अपना रजिस्ट्रेशन पर करा लें। जिससे उनकी जांच आदि प्रक्रिया करने के उपरांत अगले साल लगखने वाले फ्री पेसमेकर कैम में लाभा दिया जा सके।

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया ने 25 साल बाद रजिस्टर्ड कराई अपनी शादी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी की पत्नी मारिया गोरेटी से शादी को 25 साल हो गए हैं। इस कपल ने वेलेंटाइन डे वाले दिन 14 फरवरी 1999 को शादी की थी। इस साल सिल्वर जुबली सेलिब्रेट करने से पहले अरशद और मारिया ने कोर्ट में अपनी शादी को रजिस्टर्ड करवा लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस कपल ने 23 जनवरी को कोर्ट में अपनी शादी रजिस्टर कराई। अरशद और मारिया एक चर्च सेरेमनी में शादी के बंधन में बंधे, जिसके बाद उन्होंने पारंपरिक निकाह किया। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने संपत्ति के मामलों और भविष्य के लिए इसके महत्व को समझते हुए, कानूनी कारणों से अपनी शादी को रजिस्टर्ड किया। दोनों ने स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपनी शादी को रजिस्टर्ड कराया।

## फरहान अख्तर की अगली फिल्म 'डब्बा कार्टेल' में नजर आएंगी अंजलि आनंद



**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अंजलि आनंद अब नेटफ्लिक्स के लिए फरहान अख्तर की अगली फिल्म 'डब्बा कार्टेल' में दिखाई देंगी। अंजलि वेब शो 'डब्बा कार्टेल' के कलाकारों में शामिल हो गई हैं। शो का निर्माण फरहान और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा।

अभिनेता गजराज राव के साथ दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी भी इसका हिस्सा हैं। यह 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' और 'बन टिक्की' के बाद शबाना आजमी के साथ अंजलि का तीसरा प्रोजेक्ट है। फिलहाल शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन शूटिंग पूरी हो चुकी है। 'डब्बा कार्टेल' नेटफ्लिक्स पर रिलीज एक महिला प्रधान क्राइम ड्रामा है। कहानी को एक ताजा और संवेदनशील अवधारणा के रूप में संदर्भित किया जा रहा है। यह एक वेब शो से बाहर आने वाली और सीमा तोड़ने वाला प्रोजेक्ट है।

एक नई रिपोर्ट में खुलासा

## 50 प्रतिशत भारतीय यूजर्स को बेवजह फोन चेक करने की आदत

**■ 55 प्रतिशत समय स्ट्रीमिंग ऐप्स, सामाजिक मेलजोल, शॉपिंग, सर्चिंग और गेमिंग पर**



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। एक नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दो में से एक (50 प्रतिशत) भारतीय यूजर्स बिना किसी वजह के अपना स्मार्टफोन चलाने लगते है। ग्लोबल मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के अनुसार, एक सामान्य स्मार्टफोन यूजर दिन में 70-80 बार फोन उठाता है।

सेंटर फॉर कस्टमर इनसाइट्स इंडिया की लीड कनिका सांघी ने कहा कि हमारे रिसर्च में, हमने देखा है कि लगभग 50 प्रतिशत यूजर्स को यह पता ही नहीं होता है कि वे फोन क्यों उठा रहे हैं। इसकी पीछे के वजह उनकी बार-बार फोन के इस्तेमाल करने की आदत हैं।रिपोर्ट 1,000 से ज्यादा यूजर्स के क्लिक/स्वैप डेटा और पूरे भारत में किए गए कंज्यूमर इंटरव्यू पर आधारित हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में पाया गया कि 45-50 प्रतिशत समय कंज्यूमर्स को टास्क पूरा करने के बारे में स्पष्ट जानकारी होती है और 5-10 प्रतिशत मामलों में कंज्यूमर्स को आंशिक स्पष्टता है।बीसीजी की सीनियर पार्टनर और मैनेजिंग डायरेक्टर निमिषा जैन ने कहा कि स्मार्टफोन तेजी से बढ़ रहे हैं, हाल ही में मीडिया और इंडस्ट्री इवेंट्स में 'एआई ऑन डिवाइस' या 'ऐप-लेस एक्सपीरियंस थ्रू जेन एआई' जैसे थीम्स पर चर्चा हुई है, जो उस विकास का एक प्रमाण है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय स्मार्टफोन यूजर्स वीडियो कंटेंट (शॉर्ट फॉर्म/लॉन्ग फॉर्म) को स्ट्रीम करना पसंद करते हैं। उनका 50-55 प्रतिशत समय स्ट्रीमिंग ऐप्स पर, सामाजिक मेलजोल (टेक्स्ट/कॉल), शॉपिंग, सर्चिंग (ट्रैवल, जॉब्स, हॉबी आदि के बारे में जानकारी के लिए) और गेमिंग पर बीतता है।

## तंबाकू से जुड़ा है उप्र में पुरुषों में 53 फीसदी कैंसर

**लखनऊ,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों से पता चलता है कि उत्तर प्रदेश में हर दूसरे पुरुष रोगी में कैंसर का कारण तंबाकू है। आंकड़ों से पता चलता है कि पुरुषों में होने वाले 53 प्रतिशत से अधिक कैंसर तंबाकू से जुड़े हैं। महिलाओं के लिए यह आंकड़ा लगभग 15 प्रतिशत है, जबकि राज्य का औसत 37.5 प्रतिशत है। आईसीएमआर की रिपोर्ट ने संकेत दिया कि इनमें से अधिकतर कैंसर मुँह, फेफड़े और अन्य ऊपरी श्वसन तंत्र से संबंधित हैं। अधिकांश मरीज उन्नत चरणों में चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचते हैं जहां उपचारात्मक उपचारों के विकल्प सीमित हो जाते हैं। एसजीपीजीआईएमएस के रेडियोथेरेपी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों ने 'बीमारी को दूर रखने के लिए आत्म-संयम' की आवश्यकता पर जोर दिया। सीनियर फैकल्टी पुनिता लाल ने कहा कि आत्म-संयम अपनाना और खुद को तंबाकू से दूर रखना सबसे आसान और सबसे प्रभावी निवारक रणनीति है जिसे कोई भी अपना सकता है। उत्तर प्रदेश में हर साल कैंसर के अनुमानित 2.1 लाख मामले सामने आते हैं, जो भारतीय राज्यों में सबसे ज्यादा है। सामान्य तौर पर, पुरुषों में सबसे आम कैंसर मुंह (20.4 प्रतिशत) में था जबकि महिलाओं में स्तन कैंसर (23.9 प्रतिशत) सबसे आम था। यूपी में कैंसर रोगियों की मृत्यु दर (सभी श्रेणियों में) लगभग 55 प्रतिशत है। एक अन्य कैंसर विशेषज्ञ शालीन कुमार ने कहा कि 2024 का विषय



'देखभाल अंतर को बंद करें' था, जबकि निदेशक प्रोफेसर आर.के. धीमान ने बताया कि कैंसर रोगियों की देखभाल में अंतर एक वैश्विक चिंता है जिसके तत्काल निवारण की आवश्यकता है।कुमार ने कहा कि प्रत्येक कैंसर रोगी को अपने सामाजिक स्तर की परवाह किए बिना अच्छी समग्र देखभाल का अधिकार है। प्रत्येक रोगी के लिए इस लक्ष्य को सुनिश्चित करने के लिए, डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को प्रत्येक रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पहचानना, स्वीकार करना और संबोधित करना होगा।

## नए फीचर 'फेवरेट कॉन्टैक्ट फिल्टर' पर काम कर रहा है व्हाट्सएप

**सैन फ्रांसिस्को,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप अपने यूजर्स को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए नए फीचर 'फेवरेट कॉन्टैक्ट फिल्टर' पर काम कर रहा है। जिससे यूजर्स अपने फेवरेट कॉन्टैक्ट को एक सेक्शन में ऐड कर सकेंगे। वेबबेटाइंफो द्वारा देखे गए नए फीचर में उल्लेख किया गया है कि यह व्हाट्सएप वेब अपडेट में एक चैट फिल्टर के साथ दिखाई देगा।

रिपोर्ट के अनुसार, नई सुविधा उपयोगकर्ताओं को अपने फेवरेट कॉन्टैक्ट को चुनने की अनुमति देगी और उन्हें उन लोगों को मैन्युअल रूप से जोड़ने देगी, जिन्हें वह ऐड करना चाहते हैं। इस फिल्टर से यूजर्स आसानी से उस तक अपनी पहुंच बना पाएंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'यूजर्स को फेवरेट कॉन्टैक्ट को चुनने की अनुमति देकर यह फीचर उन्हें बातचीत करने की भी अनुमति देता है जिससे वह आसानी से उन तक पहुंच बना सकते हैं। इसमें कहा गया है, यह फीचर न केवल फेवरेट कॉन्टैक्ट तक पहुंचने की प्रक्रिया को सरल बनाता है, बल्कि अनुकूलन की एक परत भी जोड़ता है, जिससे उन्हें अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप मैसेज भेजने के साथ कॉल करने की अनुमति मिलती है।

इस बीच, व्हाट्सएप कथित तौर पर यूरोपीय संघ के डिजिटल मार्केट एक्ट (डीएमए) से पहले अपने प्लेटफॉर्म पर तीसरे पक्ष के मैसेजिंग ऐप्स को अनुमति देने की तैयारी कर रहा है, जो मार्च में लागू होगा। व्हाट्सएप के इंजीनियरिंग निदेशक डिक ब्रौवर ने वायर्ड को बताया कि कंपनी 2 बिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ




प्लेटफॉर्म पर इंटरऑपरेबिलिटी की पेशकश करने के लिए तैयार है।

## कलिंगा साहित्य महोत्सव 2024 का हुआ समापन

**भुवनेश्वर,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। कलिंगा लिटरेरी फेस्टिवल (केएलएफ) का उत्साहपूर्वक समापन हो गया। साहित्य से जुड़े और सिनेमा और संगीत के प्रेमी अपनी कला का जश्न मनाने के लिए एक साथ यहां जुटे। फिल्म निर्देशक राहुल रवैल राज कपूर की विरासत की खोज करने वाले दो सत्रों का हिस्सा थे। चर्चा में कपूर की विशिष्टताओं, कमतर आंकी गई फिल्मों और फिल्म उद्योग पर उनके प्रभाव पर चर्चा हुई। रवैल ने दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बनाते हुए व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि को साझा किया। लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के पहले उपन्यास, 'स्वैलोइंग द सन' पर एक सत्र में कनिष्क गुप्ता ने पुस्तक के विषयों और प्रभावों पर गहराई से प्रकाश डाला। प्रभात रंजन द्वारा संचालित एक अन्य सत्र में हिंदी साहित्य में प्रयोगों पर चर्चा की गई। पैनलिस्ट प्रताप सोमवंशी, अविनाश दास और अविनाश मिश्रा ने हिंदी कविता में उभरती आवाज़ों पर चर्चा की। अश्विनी कुमार ने चंदन गौड़ा की पुस्तक 'अदर इंडिया' पर चर्चा का नेतृत्व किया, जो सांस्कृतिक मानवविज्ञान, जातिगत गतिशीलता और आधुनिकता के विषयों पर




प्रकाश डालती है।

एक अच्छी चर्चा में, प्रमुख ओडिया लेखक अश्विनी कुमार, अंगशुमन कर, रवीन्द्र के स्वैन, दुर्गा प्रसाद पांडा और केदार मिश्रा सहित पैनलिस्टों ने जयंत महापात्रा की याद में कविताओं के एक संकलन 'सेंट ऑफ रेन' पर रोशनी डाली। उषा उत्थुप ने अपनी यात्रा पर विचार करते हुए साझा किया कि मैं समय के साथ कभी भी लड़ाई में शामिल नहीं होती; मैं हर पल को गले लगाती हूं, इसे अपने सामंजस्य को आकार देने देती हूं। जो गाने मेरे पास आए, उन्होंने मुझे खुशी दी, और मैं आगे निकलने के बारे में कभी नहीं घबराई। अगर कोई गाना हिट हो गया, तो वह मेरी जीत थी।

उषा उथुप ने ओडिया संगीत के प्रति अपना प्यार व्यक्त करते हुए कहा, अगर मौका मिला तो मुझे कुछ और ओडिया गाने गाने में खुशी होगी।

कलिंगा लिटरेरी फेस्टिवल के संस्थापक और निदेशक, रश्मी रंजन परिदा ने कहा कि मैं मन को आकार देने, संस्कृतियों को जोड़ने और जिज्ञासा की लौ को प्रज्वलित करने के लिए साहित्य की शक्ति में विश्वास करता हूं। कलिंगा लिटरेरी फेस्टिवल सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है; यह मानवता को प्रेरित करने, उकसाने और एकजुट करने की शब्दों की असीमित क्षमता का उत्सव है।

## 'टीच फॉर चेंज' का विस्तार पूरे देश में होगा : श्रुति हासन

**हैदराबाद,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। 'टीच फॉर चेंज' फंडरेजर फैशन शो की शोस्टॉपर बनकर सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस श्रुति हासन ने एक नेक पहल के पीछे लक्ष्मी मांचू के प्रयासों की सराहना की, जिनका लक्ष्य पूरे दक्षिण भारत और अंतत: पूरे देश को शामिल करने के लिए इस प्रयास का विस्तार करना है। रविवार को हैदराबाद में आयोजित 'टीच फॉर चेंज' के एनुअल फंडराइजर के नौवें एडिशन में महिलाओं के कॉस्ट्यूम के लिए फैशन डिजाइनर अमित जीटी और पुरुषों के आउटफिट्स के लिए शशांक चेल्मिला ने भाग लिया।



श्रुति फैशन शो के लिए अमित जीटी के ब्लैक हुड वाले इंडो वेस्टर्न लहंगे में रैंप पर उतरीं। इवेंट के बारे में बात करते हुए, श्रुति ने कहा कि लक्ष्मी सरकारी स्कूलों में टीच फॉर चेंज के प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल रही हैं, और मैं इस साल इसमें शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, शानदार है और टीच फॉर चेंज तेलंगाना में प्रगति कर रहा है।

मुझे उम्मीद है कि इस पहल का विस्तार पूरे दक्षिण भारत और अंतत: पूरे देश तक हो जाएगा। आइए हम सब मिलकर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए अपने-अपने छोटे-छोटे तरीकों से योगदान दें। शो में टॉलीवुड और बॉलीवुड के 35 अभिनेताओं ने भाग लिया, जो टीच फॉर चेंज के नेक काम के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए रैंप पर लक्ष्मी मांचू के साथ शामिल हुए।

## हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह का खुलासा करेगी क्राइम ड्रामा सीरीज 'पोचर्स'

**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। क्राइम ड्रामा सीरीज 'पोचर्स' की कार्यकारी निर्माता बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अवैध शिकार के बारे में एक जागरूकता वीडियो शेयर किया है, जिसमें आलिया ने कहा, हत्या तो हत्या है।रिची मेहता द्वारा लिखित, निर्मित और निर्देशित, 'पोचर्स' में निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य हैं, यह सीरीज सच्ची घटनाओं पर आधारित है और भारत में हाथी दांत के सबसे बड़े शिकार गिरोह का खुलासा करती है। इंस्टाग्राम पर प्राइम वीडियो द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, आलिया गंभीर दिखाई दे रही है, उन्हें जंगल में एक भरी हुई राइफल और गोलियों के खोल दिखाई देती है। वीडियो में आलिया को कहते हुए सुना जा सकता है, अशोक का मर्डर सुबह 9 बजे रिपोर्ट हुआ। यह इस महीने का तीसरा हादसा है।

## मेरे किरदार को नहीं, बल्कि मेरे गाने को लोग याद रखते हैं : शिल्पा शेट्टी

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। 'मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने', 'आइला रे' से लेकर 'जीने के इशारे' और 'शट अप एंड बाउंस' तक, शिल्पा शेट्टी ने कई आइकोनिक सॉन्ग दिए हैं, जो आज भी लोगों के बीच हिट हैं। एक्ट्रेस का कहना है कि फैंस शायद मेरी फिल्में भूल सकते हैं, लेकिन मेरे गाने हमेशा याद रहे हैं। गानों के साथ-साथ अपने निभाए किरदारों के यादगार होने के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने कहा कि मुझे खुशी है कि लोग ऐसा महसूस करते हैं। 1993 में 'बाजीगर' से डेब्यू करने वाली शिल्पा ने कहा कि मुझे लगता है कि 90 के दशक की फिल्में गोल्ड थीं। आप फिल्मों को भूल सकते हैं, हो सकता है कि मेरी फिल्में बॉक्स-ऑफिस पर अच्छी नहीं रही, लेकिन मेरे गाने हमेशा अच्छा परफॉर्म करते हैं। हो सकता है कि आपको मेरे द्वारा निभाए गए किरदार का नाम याद न हो, लेकिन आपको मेरे गाने के नाम जरुर याद होंगे। मैंगलोर में जन्मी स्टार अपने करियर का श्रेय म्यूजिक को देती हैं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं म्यूजिक को सारा श्रेय देती हूं क्योंकि हमारे बहुत सारे करियर इसी के आधार पर बने हैं। मैंने सभी म्यूजिक कंपनियों के साथ फिल्में की, क्योंकि उन्होंने मुझे लकी पाया और मैं भी इस बात पर जोर देती हूं कि म्यूजिक कितना जरुरी है।

एक्ट्रेस का मानना है कि फिल्मों को हिट बनाने में म्यूजिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिल्पा ने कहा कि आज के समय में म्यूजिक लुप्त हो गया है और मुझे लगता है कि सभी बड़ी फिल्मों में अगर म्यूजिक अच्छा नहीं है तो यह व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य फिल्म नहीं है। जब म्यूजिक होता है तो जनता और बच्चे उससे जुड़ जाते हैं।



## दक्षिण अफ्रीका में भारतीय पर्यटकों में वृद्धि

**■ जयपुर और 40 अन्य भारतीय शहरों के 250 से ज्यादा भारतीय ट्रैवल ट्रेड प्रतिनिधियों का स्वागत**

**जयपुर,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका में घूमने के प्रति भारतीयों का रुझान बढ़ता जा रहा है और गत वर्ष भारत से दक्षिण अफ्रीका घूमने जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और इस वर्ष इसमें और उछाल आने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीकी पर्यटन में एमईआईएसईए की हब हेड मिस नेलिसवा नकानी ने बताया कि दक्षिण अफ्रीकी पर्यटन के शीर्ष तीन बाजारों में से एक के तौर पर भारत ने अपनी स्थिति मजबूत की है और वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका में भारतीय पर्यटकों की संख्या में 43 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि जयपुर से दक्षिण अफ्रीका घूमने आने वाले लोगों की संख्या में साल-दर साल 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने को ध्यान में रखते हुए दक्षिणा अफ्रीका पर्यटन नीति बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि उनके देश में घूमने वाले पर्यटकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाता हैं और वहां घूमने आने वाला पर्यटक अपने को सुरक्षित महसूस करता है। दक्षिण अफ्रीकी टूरिज्म ने अपने 20वें सालाना रोड शो का पहला चैप्टर सोमवार को जयपुर के होटल ललित में पूरा किया। भारत के दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों में अपना विस्तार करने के प्रयास में दक्षिण अफ्रीका टूरिज्म बोर्ड ने साउथ अफ्रीका घूमने के लिए भारतीयों को आकर्षित करने के लिए पिंक सिटी, जयपुर में रोड शो से अपने अभियान की शुरुआत की। यह रोड शो भारत के अलग-अलग शहरों में 16 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

मिस नकानी ने बताया कि दिल्ली में यह रोड शो 13 फरवरी, अहमदाबाद में 14 फरवरी, बेंगलुरु में 15 फरवरी को होगा जबकि 16 फरवरी को मुंबई में इसका समापन होगा। मिस नकानी के नेतृत्व में 11 फरवरी को इस रोड शो का जयपुर में उद्घाटन किया गया और रविवार की शाम को रेनबो नेशन, दक्षिण अफ्रीका के पर्यटन स्थलों, भाषाओं और संस्कृति का नजारा पेश किया गया। इसके साथ ही दक्षिण अफ्रीका के शेफ द्वारा वहां की खान-पान की झलक पेश करते हुए लजीज और स्वादिष्ट व्यंजनों से लोगों को रूबरू कराया गया।

दूसरे शहरों में रोड शो के दौरान मेहमानों को इसी तरह दक्षिण अफ्रीका के आकर्षक पर्यटन स्थलों और लजीज व्यंजनों से परिचित कराने और शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए दक्षिण अफ्रीकी पर्यटन बोर्ड ने अपने होटल पार्टनर्स से साझेदारी की है। इस इवेंट में एक इंडस्ट्री पैनल ने भारत के ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर के साथ उभरते ट्रेंड्स, अवसरों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में सामूहिक रूप से जयपुर और 40 अन्य भारतीय शहरों के 250 से ज्यादा भारतीय ट्रैवल ट्रेड प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधियों को 42 मेजबान और दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख एक्जिबिटर्स से मिलने और बातचीत करने का मौका मिला। इससे भारतीय ट्रैवल ट्रेड के प्रतिनिधियों को उनके ऑफर देखने का मौका मिला।

## कश्मीर की पहचान हाउसबोट का भविष्य खतरे में क्योंकि न ही लाइसेंस नवीनीकरण न ही मरम्मत

■ सुरेश एस डुग्गर

**■ डल झील, नगीन झील, चिनार बाग और झेलम नदी पर हाउसबोटों की संख्या घटकर केवल 750 हुई**

**जम्मू,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर की पहचान हाउसबोट का भविष्य खतरे में है क्योंकि उनका लाइसेंस रिन्यू नहीं हो रहा है। कई हाउसबोट की हालत जर्जर हो चुकी है और उनकी मरम्मत के लिए अनिवार्य अनुमति की दरकरार है। और अगर ऐसा ही चलता रहा तो कश्मीर की पहचान बन चुके हाउसबोट अतीत की बात बन जाएंगें। हाउसबोट एसोसिएशन आफ कश्मीर (एचबीओए) के अध्यक्ष मंजूर पख्तून बताते थे कि कश्मीर में हाउसबोट मालिक अपनी आजीविका को प्रभावित करने वाली प्रशासनिक बाधाओं से चिंतित हैं। वे कहते थे कि डल झील, नगीन झील और अन्य स्थानों पर हाउसबोट के मालिकों को अपने लाइसेंस नवीनीकृत कराने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि लकड़ी की आपूर्ति की



कमी ने उनकी परेशानियों को बढ़ा दिया है।

कश्मीर हाउसबोट ओनर्स एसोसिएशन के अनुसार, प्रतिष्ठित डल झील, नगीन झील, चिनार बाग और झेलम नदी पर हाउसबोटों की संख्या घटकर केवल 750 रह गई है। 1990 में यह संख्या 2,000 थी, लगभग उसी समय जब आतंकवाद ने अपना भयानक सिर उठाया था। पख्तून के शब्दों में, हमारे लाइसेंस नवीनीकरण माननीय अदालत में लंबित हैं; जब तक हमारे लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हो जाता, हम सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं उठा सकते। उन्होंने सरकार से इस मामले को देखने और उनकी वास्तविक मांगों का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की यह सच है कि हाउसबोट को बचाए रहने के लिए कश्मीरी जनता संघर्ष कर रही है। केंद्र शासित प्रदेश में चार प्रमुख जल निकायों में हाउसबोटों की संख्या पिछले तीन दशकों में आधी से अधिक हो गई है, कई डूब गईं, कुछ में आग लग गई और कई अन्य की देखभाल नहीं की जा सकी। सख्त प्रदूषण और सीवेज कानून भी नई नावों के निर्माण और मौजूदा नावों की बड़ी मरम्मत को रोक रहे हैं। पर्यटकों के लिए, हाउसबोट में कम से कम एक रात रुकने के बिना कश्मीर की यात्रा अधूरी है और यह बात केरल के एक जोड़े ने कही, जो अपने बच्चों के साथ डल झील में ऐसी ही एक नाव में रह रहे थेkदरअसल पर्यटकों के लिए फ्लोटिंग रिसार्ट के रूप में हाउसबोट का विचार 19वीं शताब्दी में तब जोर पकड़ गया जब ब्रिटिश व्यवसायी आर फोस्टर ने डल झील के पश्चिमी तट पर क्लेरमाउंट हाउसबोट लांच किया। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान भी गैर-स्थानीय लोगों को कश्मीर में जमीन रखने से रोकने वाले कानूनों के कारण घाटी में जमीन खरीदने में असफल होने के बाद ऐसा किया।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 3.55 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.31 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.14 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.39 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.17 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.40 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.88 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.84 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.67 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.39 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर जनवरी में घटकर 5.1 प्रतिशत पर आई



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जनवरी में घटकर 5.1 प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। इससे घरेलू बजट में कुछ राहत मिली। खाद्य मुद्रास्फीति कुल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का लगभग आधा हिस्सा है। यह दिसंबर में 9.05 प्रतिशत से गिरकर जनवरी में 8.3 प्रतिशत हो गई। हालांकि, महीने के दौरान सब्जियों, दालों और मसालों की कीमतों में दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई। लेकिन राहत की बात रही कि कि खाना पकाने के लिए तेल की कीमतों में गिरावट जारी रही।

आंकड़ों से पता चलता है कि सब्जियों की कीमतें 27.03 प्रतिशत तक बढ़ गईं, जो दिसंबर के दौरान 31.34 प्रतिशत से कम थी। जहां तक दालों का सवाल है, कोई राहत नहीं मिली। वे 19.54 प्रतिशत महंगी हो गईं, जबकि मसाले 16.36 प्रतिशत महंगे हो गए। अनाज की कीमतें जनवरी में 7.83 फीसदी बढ़ीं, जो दिसंबर में 9.53 फीसदी थीं। उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति अब आरबीआई के 2-6 प्रतिशत टारगेट के बीच से थोड़ा ऊपर है। यही कारण है कि आरबीआई आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कटौती नहीं कर रहा है। आरबीआई मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखना चाहता है और उसने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षाओं में लगातार छह बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

## फिनटेक सेक्टर का समर्थन करता है आरबीआई लेकिन ग्राहक हित सर्वोपरिः शक्तिकांत दास

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बैंक जहां फिनटेक सेक्टर का समर्थन करता है, वहीं वह ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई पर दास ने आरबीआई की बोर्ड बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'जब कोई निर्णय लिया जाता है, तो यह बहुत सोच विचार के बाद लिया जाता है। फैसले यूं ही नहीं लिए जाते। मैं यह स्पष्ट कर दूं कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ की गई कार्रवाई की कोई समीक्षा नहीं होगी। एफएक्यू जल्द ही आएगा। वह ग्राहक हितों को लेकर होगा।' दास ने कहा कि आरबीआई फिनटेक को बढ़ावा देता है और बढ़ावा देता रहेगा, लेकिन ग्राहक हित और वित्तीय स्थिरता सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा, 'फिनटेक सेक्टर के लिए आरबीआई के समर्थन के बारे में कोई संदेह नहीं होना चाहिए।' दास ने यह भी कहा कि भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है। आरबीआई गवर्नर ने



कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब मॉरीशस और श्रीलंका की तेज भुगतान प्रणाली के साथ यूपीआई का लिंकेज लॉन्च किया है।

दास ने कहा कि श्रीलंका तीसरा सार्क देश है जिसके साथ भारत ने यूपीआई में ऐसी व्यवस्था की है, अन्य देश नेपाल और भूटान हैं। मॉरीशस इस तरह की व्यवस्था पर सहमत होने वाला पहला अफ्रीकी देश है। उन्होंने कहा, 'डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर अन्य देशों के साथ सहयोग करना हमारा प्रयास है।' इस बीच, आरबीआई के बोर्ड के सदस्यों ने एक अच्छा अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जब सरकार राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के रास्ते पर चलती है, तो इसका मतलब है कि उधार को एक निश्चित सीमा के अंदर रखा जाता है। कम सरकारी उधारी का मतलब है कि निजी क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बहुत अधिक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कम उधारी से बांड यील्ड में भी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि कम सरकारी उधारी का अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा, 'भारत की आर्थिक गतिविधियों की गति लगातार मजबूत बनी हुई है और इसीलिए हमने पिछले हफ्ते कहा था कि वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी वृद्धि दर 7 फीसदी रह सकती है।' दास ने कहा कि सरकार को इस पर निर्णय लेना है कि देश के लिए कर्ज का स्थायी स्तर क्या है। उन्होंने कहा कि अब भी विकसित अर्थव्यवस्थाओं का ऋण-जीडीपी अनुपात विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कहीं अधिक है।

## रिलायंस, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक देश की सबसे मूल्यवान कंपनियां

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। देश की 500 प्रमुख कंपनियों का संचयी मूल्य 2.8 लाख करोड़ डॉलर (231 लाख रुपए) है जो सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर के संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से अधिक है और देश की तीन सबसे मूल्यवान कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और एचडीएफसी बैंक शामिल है। एक्सिस बैंक के बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने आज 'भारत में 500 सबसे मूल्यवान निजी कंपनियों' की सूची का तीसरा संस्करण जारी जिसमें यह दावा किया गया है। 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 के लिए अर्हता प्राप्त करने की सीमा 6,700 करोड़ रुपए है, जो पिछले साल के स्तर 5,947 करोड़ रुपए से 13 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बिग 3 में 15.6 लाख करोड़ रुपए के मूल्य के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत की सबसे मूल्यवान कंपनी है। इसके बाद 12.4 लाख करोड़ रुपये के साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और





11.3 लाख करोड़ रुपये के साथ एचडीएफसी बैंक का स्थान है।इस सूची में लगातार तीसरे साल रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। 15,64,663 करोड़ रुपए के मूल्य के साथ, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्य टीसीएस से कम से कम 3 लाख करोड़ रुपए अधिक है। 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 में नंबर 2 पर है। एचडीएफसी लिमिटेड के एचडीएफसी बैंक के साथ विलय से एचडीएफसी बैंक 10 लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण को पार करने वाली तीसरी भारतीय कंपनी बन गई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज और कोटक महिंद्रा बैंक ने बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 के 2023 संस्करण में शीर्ष 10 की सूची में वापसी की है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज से अलग होने के बाद 28 की प्रभावशाली रैंक हासिल की है।2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 कंपनियां 70 लाख लोगों को रोजगार देती हैं, जिसमें प्रति संगठन औसतन 15,211 कर्मचारी हैं। इसमें कहा गया है कि 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 सूची में शामिल 437 कंपनियों के बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व है जबकि 179 कंपनियों का नेतृत्व पेशेवर सीईओ करते हैं। इन 500 कंपनियों ने बिक्री में 13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, 952 अरब का संयुक्त बिक्री दर्ज की।पिछले वर्ष की 310 कंपनियों की तुलना में 342 कंपनियों के मूल्य में वृद्धि देखी गई। इनमें से 18 कंपनियों का मूल्य पिछले एक साल के दौरान दोगुना हो गया। 3 कंपनियों के मूल्यांकन में 1 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज हुई। प्रमुख कंपनियां एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और आईटीसी रहीं। सूची की आधी से अधिक कंपनियों ने पिछले वर्ष की तुलना में 1000 करोड़ रुपए से अधिक की मूल्य वृद्धि दर्ज की, जिसमें से 75 कंपनियों ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की मूल्य वृद्धि दर्ज की।

इस सूची में प्रवेश करने वाली नई कंपनियों का संचयी मूल्य 7.5 लाख करोड़ रुपये है। इस सूची में भारत के 44 शहरों की कंपनियां शामिल हैं, जिनमें से सबसे अधिक कंपनियां मुंबई (156), बेंगलुरु (59) और दिल्ली (39) की हैं। शीर्ष तीन शहरों की 254 कंपनियां हैं जबकि 2022 में यहां से 264 कंपनियां थी।स्टार्टअप फंडिंग और मूल्यांकन में गिरावट जारी रही। सूची में बायजूज़, डीलशेयर और फार्मेसी के नेतृत्व में स्टार्टअप को संचयी रूप से 4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ; जो इस साल सूची में जगह बनाने में असफल रही। भारतीय स्टार्टअप के लिए सब कुछ निराशाजनक नहीं था। 2023 में, भारतीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध 6 यूनिकॉर्न का संचयी मूल्य 62,837 करोड़ रुपए बढ़ गया, जो 2022 में 1,66,013 करोड़ रुपए के मूल्यांकन नुकसान की तुलना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है।

# शेयर बाजार में बिकवाली

**मुंबई,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के मिश्रित संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिरावट लेकर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 523 अंक टूटकर 71072.49 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 166.45 अंक गिरकर 21616.05 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 2.62 प्रतिशत टूटकर 38531.14 अंक पर और स्मॉलकैप 3.16 प्रतिशत फिसलकर 44206.78 अंक पर रहा।

बीएसई में आईटी 0.25 प्रतिशत, टेक 0.13 प्रतिशत और हेल्थकेयर 0.32 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष सभी समूहों में तीव्र बिकवाली देखी गयी। इस दौरान यूटिलिटी में सबसे अधिक 3.60 प्रतिशत और टेलीकम्युनिकेशंस में 3.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई में कुल 4079 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 3015 में बिकवाली हुयी जबकि 980 में लिवाली देखी गयी। इस दौरान 84 कंपनियों में उतार चढ़ाव के बाद टिकाव देखा गया। वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख रहा जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.15 प्रतिशत और





हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 1.28 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.09 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 0.33 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 126.82 अंकों की बढ़त के साथ 71722.31 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 71756.58 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 70922.57 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 71595.49 अंक की तुलना में 0.73 प्रतिशत अर्थात 523 अंक गिरकर 71072.49 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 22 को नुकसान उठाना पड़ा जबकि 8 को लाभ हुआ। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी 18 अंकों की बढ़त लेकर 21800.80 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 21831.70 अंक के उच्चतम और 21574.75 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 21782.50 अंक की तुलना में 0.76 प्रतिशत अर्थात 166.45 अंक गिरकर 21616.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 34 लाल निशान में जबकि 14 हरे निशान में रही।

## उद्योग जगत ने ईवी इन्फ्रा को बढ़ावा देने के लिए इंडिया फेम योजना के विस्तार की सराहना की

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। उद्योग जगत के खिलाड़ियों ने सोमवार को फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (फेम) इंडिया फेम II की योजना के परिव्यय को बढ़ाने के सरकार के कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे बुनियादी ढांचे में वृद्धि होगी, इलेक्ट्रिक वाहनों को देशभर में व्यापक रूप से अपनाने और लंबे समय तक चलने को बढ़ावा मिलेगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने घोषणा की कि देश में स्वच्छ गतिशीलता को और बढ़ावा देने के लिए फेम इंडिया योजना चरण II के तहत फेम इंडिया चरण II की योजना का परिव्यय 10,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 11,500 करोड़ रुपए कर दिया गया है।



मंत्रालय ने यह भी कहा कि यह एक 'फंड और टर्म लिमिटेड योजना' है, जिसका अर्थ है कि मांग प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी 31 मार्च, 2024 तक बेचे जाने वाले ई-दोपहिया, ई-तिपहिया और ई-चार पहिया वाहनों के लिए मान्य होगी। ईवी बैटरी निर्माता एरेन्क के सीईओ वी.जी. अनिल ने कहा, 'हम फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण के परिव्यय को बढ़ाकर 11,500 करोड़ रुपए करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हैं। निवेश में यह समय पर बढ़ोतरी ईवी उद्योग के लिए एक बड़ा झटका है, जो इसके विकास पथ को तेज कर रहा है और एक स्वच्छ, अधिक टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।' योजना का मुख्य उद्देश्य ईवी की खरीद पर अग्रिम प्रोत्साहन की पेशकश और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक चार्जिंग बुनियादी ढांचे की स्थापना के माध्यम से इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को तेजी से अपनाने को प्रोत्साहित करना है।

'यह 1,500 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन एक स्पष्ट संदेश भेजता है: भारत अपने गतिशीलता परिदृश्य को विद्युतीकृत करने के बारे में गंभीर है। स्नैप ई कैब्स के संस्थापक और सीईओ मयंक बिंदल ने आईएएनएस को बताया, ईवी के लिए कम अग्रिम लागत, उन्नत चार्जिंग बुनियादी ढांचे के साथ, सवारों को पर्यावरण-अनुकूल यात्रा चुनने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## सार संक्षेप

### औद्योगिक उत्पादन दिसंबर में 3.9 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** विनिर्माण गतिविधियों में आयी तेजी के बल पर दिसंबर 2023 में औद्योगिक उत्पाद सूचकांक में 3.8 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी। केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आज यहां जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2023 में औद्योगिकी उत्पादन में 2.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी थी। दिसंबर 2023 में विनिर्माण गतिविधियों में 3.9 प्रतिशत की तेजी जबकि खान गतिविधियों में 5.1 प्रतिशत की बढोतरी देखी गयी। बिजली उत्पादन में 1.2 प्रतिशत की बढोतरी हुयी जबकि नवंबर 2023 में इसमें 5.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक औद्योगिक उत्पादन में 6.1 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है।

### कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए 'निसान वन' लांच

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने 'निसान वन' के नाम से वेब प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह 1,00,000 मैग्नाइट ग्राहक पूरे होने के मौके पर 2024 में ग्राहकों को ध्यान में रखकर की गई निसान की विभिन्न पहल का हिस्सा है। 'निसान वन' एक इनोवेटिव सिंगल वेब प्लेटफॉर्म है, जहां ग्राहक शुरुआती इन्क्वायरी, टेस्ट ड्राइव बुकिंग, कार सेलेक्शन और बुकिंग से लेकर सर्विस तक कार खरीदने से जुड़े अपने पूरे सफर से संबंधित हर सर्विस रिक्वेस्ट की सुविधा ले सकेंगे। विशेष एवं अपनी तरह का यह पहला प्लेटफॉर्म भारतीय ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के लिए उल्लेखनीय कदम है, क्योंकि 'निसान वन' ने कई कस्टमर टचपॉइंट्स को सिंगल, यूजर फ्रेंडली एवं ईजी-टू-नेविगेट एक्सपीरियंस में बदल दिया है। इसे ग्राहकों की सभी जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह भारत में कारोबार को गति देने एवं ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में निसान की प्लानिंग का हिस्सा है। इसके तहत कंपनी ने हाल ही में मैग्नाइट का नया वैरिएंट लॉन्च किया है, नेटवर्क को विस्तार दिया है और साथ ही कंपनी में उच्च पदों पर नियुक्तियां की हैं।

### सरकार गठन पर अनिश्चितता के बीच पाक शेयरों में 2,000 अंक से अधिक की गिरावट

**कराची।** पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में कारोबार के दौरान भारी गिरावट देखी गई। नई सरकार के गठन पर अनिश्चितता के बीच बेंचमार्क केएसई-100 सोमवार को 2,200 अंक से अधिक गिर गया। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क इंडेक्स 2,232.91 अंक या 3.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,710 अंक पर कारोबार कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, पाकिस्तान-कुवैत इन्वेस्टमेंट कंपनी के शोध प्रमुख समीउल्लाह तारिक ने नुकसान के लिए 'सरकार के गठन पर अनिश्चितता' को जिम्मेदार ठहराया। 8 फरवरी को, पाकिस्तान में 10वां आम चुनाव हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। आम चुनावों के अनिश्चित नतीजों के कारण शुक्रवार को पीएसएक्स में शुरुआत में 2,000 अंक से अधिक की गिरावट आई। हालांकि, दिन के अंत तक बाजार कुछ संभवा और 1.87 फीसदी की गिरावट के साथ 62,943 अंक पर बंद हुआ।

## दलहनों में मिश्रित रूख खाद्य तेलों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल में टिकाव जबकि दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया। अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3935 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट लेकर 47.71 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रूख रहा। इस दौरान चना 350 रुपए, दाल चना 350 रुपए और अरहर दाल 500 रुपऐ प्रति क्विंटल उबल गयी जबकि मसूर दाल 100 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मूंग दाल में टिकाव रहा।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## श्रीलंका और मॉरीशस में यूपीआई सेवाएं शुरू

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधान मंत्री प्रविंद जुगनौथ के साथ संयुक्त रूप से श्रीलंका और मॉरीशस में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं और रुपे के शुभारंभ का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मॉरीशस में कार्ड सेवाएं भी शुरू की। मॉरीशस के प्रधान मंत्री ने बताया कि सह-ब्रांडेड रुपे कार्ड को मॉरीशस में घरेलू कार्ड के रूप में नामित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, आज के लॉन्च से दोनों देशों के नागरिकों को काफी सुविधा होगी।

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर के अभिषेक के लिए प्रधान मंत्री को बधाई दी। उन्होंने सदियों पुराने आर्थिक संबंधों पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी की गति बनाए रखने और संबंधों को गहरा करने की उम्मीद जताई। इस अवसर को श्री मोदी ने कहा कि आज तीन मित्र देशों भारत, श्रीलंका और मॉरीशस के लिए एक विशेष दिन है जब उनके ऐतिहासिक कनेक्शन आधुनिक डिजिटल कनेक्ट का रूप लेते हैं। यह लोगों के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि फिनटेक कनेक्टिविटी सीमा पार लेनदेन और कनेक्शन को और मजबूत करेगी। प्रधान मंत्री ने कहा, 'भारत का यूपीआई या यूनाइटेड पेमेंट्स इंटरफेस आज एक नई भूमिका में आया है - भारत के साथ साझेदारों को एकजुट करना।' प्रधान मंत्री ने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे ने भारत में एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है, जहां दूरदराज के गांवों में सबसे छोटे विक्रेता यूपीआई के माध्यम से लेनदेन कर रहे हैं और डिजिटल भुगतान कर रहे हैं। यूपीआई लेनदेन की सुविधा और गति के बारे में बोलते हुए उन्होंने बताया कि पिछले साल यूपीआई के माध्यम से 2 लाख करोड़ रुपए या आठ लाख करोड़ श्रीलंकाई रुपए या एक लाख करोड़ मॉरीशस रुपए के 100 अरब से अधिक लेनदेन हुए। प्रधान मंत्री ने बैंक खातों, आधार और मोबाइल फोन की जीईएम ट्रिनिटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया जहां 34 लाख करोड़ रुपए या 400 अरब डॉलर लाभार्थियों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि कोविन प्लेटफॉर्म के साथ भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम चलाया। उन्होंने कहा, 'प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता को बढ़ावा मिल रहा है, भ्रष्टाचार कम हो रहा है और समाज में समावेशिता बढ़ रही है।'




प्रधान मंत्री ने कहा कि भारत की नीति 'पड़ोसी पहले' है। हमारी समुद्री दृष्टि सागर है यानी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास। भारत अपने विकास को अपने पड़ोसियों से अलग करके नहीं देखता है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति की पिछली यात्रा के दौरान अपनाए गए विज़न दस्तावेज़ का उल्लेख करते हुए, प्रधान मंत्री ने इसके प्रमुख घटक के रूप में मजबूत वित्तीय कनेक्टिविटी पर प्रकाश डाला। प्रधान मंत्री प्रविंद जुगनौथ के साथ भी, ये चर्चाएँ आयोजित की गईं क्योंकि वह जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान विशेष अतिथि थे।

# खेल जगत

## एडीलेड की घटना ने मेरे परिवार को अधिक प्रभावित किया : मैक्सवेल

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी शराब वाली घटना को याद किया। उन्होंने कहा कि एडिलेड में हुई यह घटना के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, जिसका असर उनसे ज्यादा उनके परिवार पर पड़ा। वेस्टइंडीज के खिलाफ 11 फरवरी को जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अपनी शराब वाली घटना को याद किया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक हाई स्कोरिंग मैच में 34 रन से जीत दर्ज की, जिसमें मैक्सवेल ने 55 गेंदों में 8 सिक्स और 12 चौके जड़ते हुए नाबाद 120 रन की पारी खेली। मैक्सवेल ने फॉक्स क्रिकेट को बताया, 'मेरी एडिलेड की यात्रा बहुत खराब रही है। मुझे लगता है कि इसका मुझ पर जितना प्रभाव पड़ा, शायद उससे कई अधिक इसका प्रभाव मेरे परिवार पर पड़ा।' रविवार को एडिलेड में मिली इस जीत से ऑस्ट्रेलिया टीम तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे हो गई है।



## इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में यूपी बटालियन का नेतृत्व करेंगे सुरेश रैना

**देहरादून,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना खेल के प्रति अपने प्यार को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। वह इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में यूपी बटालियन का नेतृत्व करेंगे। सुरेश रैना वीवीआईपी उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे हैं। यह उनकी जड़ों की ओर लौटने की यात्रा का प्रतीक है, जिसमें वे अपने प्रारंभिक वर्षों का आनंद लेंगे। इस क्षेत्र से उनकी काफी यादें जुड़ी हैं, क्योंकि यहीं उन्होंने पहली बार अपने गृह राज्य के लिए बल्ला उठाया था। भारत के महानतम टी20 खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले रैना उत्तर प्रदेश के लिए अपनी बल्लेबाजी क्षमता और कप्तानी दिखाने के लिए आईवीपीएल का हिस्सा बनकर खुश हैं। रैना ने कहा, 'मैं इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। मैं टीम वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के लिए खेलूंगा। यह एक बार फिर दिग्गज क्रिकेटरों के साथ खेलने का मौका है।' टीम में रैना के साथ पूर्व आईपीएल चैंपियन रजत भाटिया और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डैन क्रिश्चियन भी शामिल हैं। अपने सामूहिक अनुभव और कौशल के साथ, टीम आईवीपीएल में एक शानदार छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो 23 फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) द्वारा आयोजित और 100 स्पोर्ट्स द्वारा प्रबंधित आईवीपीएल वीरेंद्र सहवाग, मुनाफ पटेल, सुरेश रैना, रजत भाटिया, क्रिस गेल, प्रवीण कुमार, यूसुफ पठान, हर्शल गिब्स जैसे दिग्गजों को एक साथ ला रहा है। बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष और आईवीपीएल के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने कहा, 'दिग्गज क्रिकेटर भारत में वेटरन क्रिकेट के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे। हम आईवीपीएल परिवार में सुरेश रैना का स्वागत करते हैं। मुझे यकीन है कि प्रशंसक उन्हें मैदान पर वापस देखकर खुश होंगे।' भाग लेने वाली टीमों में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश, राजस्थान लीजेंड्स, रेड कार्पेट दिल्ली, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, तेलंगाना टाइगर्स और मुंबई चैंपियंस शामिल हैं। भारत में मैचों का सीधा प्रसारण यूरोस्पोर्ट चैनल, डीडी स्पोर्ट्स और फैनकोड पर किया जाएगा।



## रोहित एंड कंपनी को कड़ी टक्कर देगी इंग्लैंड टीम : इयान चैपल



**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के लिए भारत का समर्थन किया है, लेकिन उनका मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली मेहमान टीम बाकी तीन टेस्ट मैचों में रोहित शर्मा एंड कंपनी को कड़ी टक्कर देगी।

इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता, जबकि भारत ने विशाखापत्तनम में 106 रन की जीत के साथ वापसी की। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, और तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड दोनों 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए रांची जाएंगे, जिसके बाद 7 मार्च को धर्मशाला में श्रृंखला का अंतिम मैच होगा। चैपल ने कहा, 'घरेलू टीम के रूप में भारत को ये श्रृंखला जीतनी चाहिए, लेकिन इसके लिए उन्हें एक मजबूत टीम का डट कर सामना करना पड़ेगा।'

चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व में इंग्लैंड खराब कप्तानी वाली जो रूट टीम से बहुत पीछे है, जिसने देश के अपने पिछले दौरे पर स्पिन के खिलाफ घुटने टेक दिए थे।

'भारत बनाम इंग्लैंड का यह मुकाबला वैसा ही आकार ले रहा है जैसा होना चाहिए। यह दो प्रतिभाशाली टीमों के बीच पांच मैचों का एक रोमांचक मुकाबला है।' उन्होंने कहा कि रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी से भारत को बल मिलेगा, चैपल को यह भी लगता है कि विराट कोहली का व्यक्तिगत कारणों से पूरी श्रृंखला से हटना टीम के लिए एक बड़ा झटका है। कप्तानी के लिए बेन स्टोक्स का आक्रामक रवैया भले ही दूसरे टेस्ट में टीम को जीत नहीं दिला सका, लेकिन पांच मैचों की श्रृंखला भारत के खिलाफ अभी भी 1-1 से बराबरी पर है। राजकोट में श्रृंखला का तीसरा मैच शुरू होने पर स्टोक्स अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और चैपल को लगता है कि यह ऑलराउंडर इंग्लैंड के लिए बहुत ही दमदार और स्मार्ट कप्तान साबित हुआ है।

## गुरबाज की बल्लेबाजी में दिखती है धोनी की झलक : गावस्कर


**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की प्लेइंग इलेवन में रहमानुल्लाह गुरबाज़ को शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि अफगान विकेटकीपर-बैट्समैन की बल्लेबाजी शैली 'एमएस धोनी की थोड़ी सी नकल' है। अपने आक्रामक रवैये के लिए मशहूर रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सुनील गावस्कर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था।

मिचेल स्टार्क, आंद्रे रसेल और सुनील नरेन के चार विदेशी स्लॉट में से तीन को सुरक्षित करने की उम्मीद के साथ गुरबाज को अंतिम स्थान के लिए जेसन रॉय से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। गावस्कर के इस समर्थन ने गुरबाज़ के लिए आगे का रास्ता काफी हद तक आसान कर दिया है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैंने जो कुछ भी देखा है उसके आधार पर मुझे गुरबाज की बल्लेबाजी काफी पसंद आई है। वह बेहद आक्रामक हैं और उनकी बल्लेबाजी एमएस धोनी की थोड़ी नकल जैसी है और शायद यही कारण है कि मुझे वह पसंद हैं।' आईपीएल 2023 के दौरान 11 पारियों में गुरबाज़ ने 20.64 की औसत से 227 रन बनाए। वह केवल दो अर्द्धशतक लगाने में सफल रहे, जिनमें से सबसे अच्छा ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आया, जब उन्होंने 39 गेंदों पर 81 रन की तूफानी पारी खेली। टीम के भारतीय बल्लेबाजी दल पर ध्यान केंद्रित करते हुए गावस्कर ने श्रेयस अय्यर, नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही रिंकू सिंह भी उनकी नजर में एक शानदार खिलाड़ी हैं। चोट के कारण पिछले सीज़न में श्रेयस अय्यर की कमी के बावजूद रिंकू, नितीश और वेंकटेश ने केकेआर के शीर्ष रन-स्कोरर के रूप में अपनी योग्यता साबित की थी। केकेआर 14 मैचों में छह जीत के साथ आईपीएल 2023 अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 में रसेल ने खराब गेंदबाजी की : इयान हीली

**एडिलेड,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज इयान हीली ने एडिलेड ओवल में खेले गए दूसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के प्रदर्शन से नाखुश दिखे और उन्होंने उनके गेंदबाजी प्रदर्शन को खराब बेहद खराब करार दिया। तीन मैचों की टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 की अजय बढ़त बना ली है। रविवार को दूसरे टी20 में ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद 120 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया 34 रनों से विजयी हुआ। साथ ही मैक्सेवल ने रोहित शर्मा के टी20 में पांच शतकों के रिकॉर्ड की बराबर भी कर ली है, जो किसी भी पुरुष बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक है।



मैक्सवेल ने अपनी पूरी पारी के दौरान रसेल को टारेगट किया। रसेल ने 4 ओवर में वेस्टइंडीज के अन्य गेंदबाजों के मुकाबले सबसे ज्यादा 59 रन दिए। जिसमें उनके आखिरी ओवर में 25 रन आए। इयान हीली ने कहा, 'रसेल ने इस मैच में बहुत खराब गेंदबाजी की। बल्लेबाजों का उन्हें टारगेट करना लाजमी था, क्योंकि वह खराब लाइन लेंथ और फुलटॉस गेंद डाल रहे थे।' 242 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज 34 रन से चूक गई। हीली को रसेल के सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आने से भी निराशा हुई, जहां उन्होंने 16 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसमें छह चौके शामिल थे। हीली का मानना है कि रसेल को शीर्ष चार में बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। ऑस्ट्रेलिया के 2-0 की अजेय बढ़त लेने के साथ, वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी टी20 सीरीज मंगलवार को पर्थ में अंतिम मैच के साथ समाप्त हो जाएगी।

## अंडर-19 ट्रॉफी घर लाना बेहद खास : ह्यूज वीबजेन

**बेनोनी,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यूज वीबजेन ने कहा कि उनकी टीम रविवार को खिताबी मुकाबले में भारत को 79 रनों से हराने के बाद 2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप जीतकर और ट्रॉफी घर वापस लाकर बहुत उत्साहित है। विलोमूर पार्क में पहले बल्लेबाजी करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने हरजस सिंह (55) के शीर्ष स्कोर के साथ 253/7 का स्कोर बनाया।

इसके बाद उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच महली बियर्ड मैन (3-15) और राफ मैकमिलन (3-43) के साथ अहम भूमिका निभाते हुए भारत को 174 रन पर आउट कर दिया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक बयान में ह्यूज वीबजेन ने कहा, 'हम फाइनल जीतने और विश्व कप घर लाने से बहुत खुश हैं। हम जानते थे कि कुछ टीमों के स्तर को देखते हुए यह एक कठिन टूर्नामेंट होगा, लेकिन हम अंत तक अजेय रहे। यह हमारी टीम के लिए यादगार सफर रहा। 'यह बहुत अच्छा था कि टीम के सभी कोचों और सहयोगी स्टाफ सहित सभी ने जीत में योगदान दिया और हमने जो हासिल किया है, उस पर इसमें शामिल सभी लोगों को वास्तव में गर्व होगा।'



यह ऑस्ट्रेलिया की चौथी अंडर19 पुरुष विश्व कप जीत थी और 2010 के बाद पहली, जब मौजूदा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिचेल मार्श, जोश हेज़लवुड, निक मैडिनसन, केन रिचर्डसन और एडम ज़म्पा न्यूजीलैंड में खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य थे। इस जीत से आईसीसी आयोजनों में ऑस्ट्रेलियाई टीमों के शानदार सफर का सिलसिला जारी है। जिसमें मेग लैनिंग की अगुवाई वाली महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप और पैट कमिंस की कप्तानी वाली सीनियर पुरुष टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और पुरुषों की वनडे विश्व कप जीतल शामिल है।

सीए के सीईओ निक हॉकले ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के चौथे आईसीसी पुरुष अंडर 19 विश्व कप जीतने पर कप्तान ह्यूज वीबजेन, उनकी टीम, कोचों और सभी सहयोगी स्टाफ को बधाई। टूर्नामेंट में अजय रहना और 15 वर्षों में पहली बार ट्रॉफी घर लाना है। यह एक अद्भुत उपलब्धि है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर ऑस्ट्रेलियाई टीमों के लिए उल्लेखनीय सफलता का दौर जारी है।'

## सार संक्षेप

### केल्विन किप्टम और उनके कोच की सड़क दुर्घटना में मौत

**नई दिल्ली।** मैराथन के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर केल्विन किप्टम और उनके कोच गेरवाइस हाकिज़िमाना का रविवार को पश्चिमी केन्या में एक कार एक्सीडेंट में निधन हो गया। एल्गेयो मारकवेट काउंटी के पुलिस कमांडर पीटर मुलिंगे के अनुसार, दुर्घटना रविवार रात 11 बजे (स्थानीय समय) एल्डोरेट-कप्टागट रोड पर हुई। केन्याई अखबार डेली नेशन की रिपोर्ट के अनुसार, किप्टम टोयोटा प्रीमियो चला रहा थे। उनके साथ दो यात्री और सवार थे, जिसमें उनके कोच गेरवाइसऔर एक महिला थी जिनका नाम शेरोन कोस्गे बताया जा रहा है। शेरोन कोस्गे गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जबकि एथलीट और उनके कोच ने इस हादसे में अपनी जान गंवा दी। जिसके बाद शवों को रेसकोर्स अस्पताल के मुर्दाघर में ले जाया गया। काउंटी कमांडर ने कहा, 'यह एक दुर्घटना थी, जिसमें विश्व मैराथन रिकॉर्ड धारक केल्विन किप्टम कार खुद ड्राइव कर रहे थे और उनके साथ अन्य लोग भी थे। किप्टम और हाकिज़िमाना की मौके पर ही मौत हो गई और शेरोन को एल्डोरेट के रेसकोर्स अस्पताल ले जाया गया।'

### बेंगलुरु ओपन 2024 के उद्घाटन पर डेविस कप सितारों को किया गाया सम्मानित

**बेंगलुरु।** भारतीय डेविस कप टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसी के मैदान पर हराया। उसे सोमवार को बेंगलुरु के कर्नाटक लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) स्टेडियम में बेंगलुरु ओपन 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा का उद्घाटन आईएएस मंजूनाथ प्रसाद, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, युवा अधिकारिता और खेल विभाग, और मुख्य अतिथि आर. अशोक सहित कई अन्य दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा, 'यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के लिए गर्व का क्षण है कि डेविस कप सितारे बेंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि ऐतिहासिक और प्रेरणादायक थी। हम इस ऐतिहासिक मैच में उनकी उल्लेखनीय जीत के लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हैं और हम भविष्य में कई और सफलताओं का जश्न मनाने के लिए तत्पर हैं।' भारतीय टीम ने इस महीने की शुरुआत में डेविस कप विश्व ग्रुप (आई) में अपनी जगह पक्की करने के लिए पाकिस्तान को 4-0 से हराया। विजेता टीम के सदस्य रामकुमार रामनाथन, श्रीराम बालाजी, साकेत माइनेनी और निक्की के. पूनाचा सम्मान समारोह में उपस्थित थे, क्योंकि वे चल रहे टूर्नामेंट में भी भाग लेंगे।

## झारखंड के सौरभ तिवारी ने लिया संन्यास, धोनी से होती थी तुलना


**जमशेदपुर,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। रणजी ट्रॉफ़ी में झारखंड के लिए खेल रहे सौरभ तिवारी ने सोमवार को 34 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। 15 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड और राजस्थान का रणजी मैच उनके 17 साल से अधिक लंबे करियर का आख़िरी मैच होगा। 11 साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू करने वाले तिवारी 2006-07 के रणजी ट्रॉफी सीज़न में अपनी छाप छोड़ते हुए आगे बढ़े। वह 2008 में मलेशिया में अंडर-19 विश ?व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे।



दो साल बाद आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए दमदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 18 छक्के, टीम के लिए सबसे अधिक जड़े और रणजी ट्रॉफी में झारखंड के लिए तीन शतक ठोके, जिससे उन्हें जून 2010 में एशिया कप के लिए भारत में कॉल-अप अर्जित करने में मदद की। हालांकि, उन्हें अपने वनडे डेब्यू के लिए अक्टूबर तक इंतजार करना पड़ा, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में हुआ। अपने तीन वनडे मैचों में से दो में वह नाबाद रहे और 49 रन बनाए। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के मुकाबले तिवारी को घरेलू सर्किट में अपनी असली पहचान मिली और वह अपनी राज्य टीम के लिए एक दिग्गज खिलाड़ी बन गए। घरेलू क्रिकेट में तिवारी कुछ अधिक प्रतिभाशाली थे। उन्होंने 17 वर्षों में 115 प्रथम श्रेणी मैचों में भाग लिया और रनों के मामले में झारखंड का नेतृत्व किया। वह इस समय एमएस धोनी के 131 मैचों में 7038 रनों के रिकॉर्ड से आगे हैं, जिसमें 189 पारियों में 47.51 की औसत से 8030 रन हैं, जिसमें 22 शतक और 34 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## 75 के हुए गुंडप्पा विश्वनाथ, 'ट्रीट टू वॉच' के नाम से ख्याति

**बेंगलुरु,** 12 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के महान बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ अपनी खूबसूरत कलाई की कला के लिए जाने जाते हैं। वो 12 जुलाई 2024, सोमवार को 75 साल के हो गए। उनका करीब 14 साल का अंतरराष्ट्रीय करियर रहा और उन्हें भारत के महानतम बल्लेबाज़ों में शुमार किया जाता है। यह एक ऐसे बल्लेबाज थे जिन्हें खेलता देख क्रिकेट फैंस खूब लुत्फ उठाते थे। 12 फरवरी, 1942 को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के एक औद्योगिक शहर भद्रावती में जन्मे विश्वनाथ देश के लिए खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक रहे। नई पीढ़ी के लोगों ने उन्हें लाइव खेलते तो नहीं देखा लेकिन उनके किस्से खूब सुने। वो एक ऐसे खिलाड़ी थे जिसे हर कोई देखना पसंद करता था। 1967-68 में विजयवाड़ा में आंध्र के खिलाफ मैसूर (कर्नाटक टीम का तत्कालीन नाम) के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में दोहरा शतक बनाकर वह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान में आए। 1969 में कानपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद विश्वनाथ ने अपने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 137 रन बनाए। उन्होंने 91 टेस्ट मैचों में 41.93 की औसत से 6,080 रन बनाए। जिसमें 14 शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल थे। वो भारतीय टीम के पहले संकटमोचक कहे जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुंडप्पा विश्वनाथ ने टेस्ट करियर में जो 14 शतक लगाए उसमें से किसी भी मैच में भारतीय टीम को हार का सामना नहीं करना पड़ा। इन मैचों में या तो भारतीय टीम जीत गई या मैच ड्रॉ रहा। टेस्ट क्रिकेट में उनकी कुछ यादगार पारियों में 1974/75 में चेन्नई में एंडी रॉबर्ट्स की मौजूदगी वाली वेस्टइंडीज की गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ 97 रन की मैच जिताऊ पारी थी। साथ ही 1978/79 में उसी स्थान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 124 रन की पारी शामिल है। फिर, 1975/76 में क्राइस्टचर्च की हरी पिच पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 83 और 79 रन की यादगार पारी भी उनके नाम दर्ज है। दो टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करने वाले विश्वनाथ ने 25 वनडे मैच भी खेले, जिसमें दो अर्धशतक सहित 439 रन बनाए। विश्वनाथ, 1975 और 1979 के पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के सदस्य थे।



## पुरुष फुटबॉल पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अर्जेंटीना ने किया क्वालीफाई

**कराकस (वेनेजुएला),** 12 फरवरी (एजेंसियां)। ब्राजील अपने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अर्जेंटीना से 1-0 से हारने के बाद 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। ब्राज़ील, जो लगातार तीसरी बार ओलंपिक पुरुष फुटबॉल खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करने वाला था, वो 2004 के बाद पहली बार ओलंपिक पुरुष टूर्नामेंट से चूक जाएगा। रविवार को दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर मैच के 78वें मिनट में लुसियानो के गोल की मदद से अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत हासिल की। चार टीमों के ग्रुप में पराग्वे से अपना पहला मैच हारने, फिर वेनेजुएला को 2-1 से हराने के बाद ब्राजील को क्वालीफाइंग के आखिरी चरण में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए अर्जेंटीना के खिलाफ जीत या ड्रॉ की जरूरत थी। हालांकि, टीम इसमें सफल नहीं रही। वेनेजुएला और पराग्वे की बराबरी करने वाले अर्जेंटीना ने अंतिम क्वालीफाइंग स्पर्धा पांच अंकों के साथ समाप्त की, जबकि ब्राजील का सफर तीन अंकों के साथ समाप्त हुआ। 2016 के रियो ओलंपिक मे माराकाना स्टेडियम में जर्मनी के खिलाफ शूटआउट के दौरान नेमार द्वारा निर्णायक पेनल्टी किक से ब्राजील ने अपना पहला ओलंपिक फुटबॉल स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह, 2020 टोक्यो ओलंपिक में ब्राजील ने 108वें मिनट में मैल्कॉम के गोल की बदौलत स्पेन के खिलाफ फाइनल में जीत हासिल कर अपना दबदबा बनाए रखा।

## गोलरक्षक श्रीजेश के शूटआउट में दो बचाव से भारत ने नंबर 1 नीदरलैंड को दी शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 12 फरवरी (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक पीआर श्रीजेश के शूटआउ में दो बेहतरीन बचाव की बदौलत भारत की पुरुष टीम ने मौजूदा चैंपियन दुनिया की नबर एक टीम नीदरलैंड को एफआईएच पुरुष हॉकी लीग 2023-24 के भुवनेश्वर चरण में रविवार रात बेहद रोमांचक संघर्ष में शूटआउट में 4-2 से हरा कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। निर्धारित समय तक दोनों टीमों के दो-दो गोल से बराबर रहने के बाद मैच का नतीजा शूटआउट से हुआ। उपकप्तान हार्दिक सिंह के पहला क्वॉर्टर खत्म होने से पहले दागे बेहतरीन गोल से भारत ने बढ़त ली लेकिन यिच येनसन ने दूसरा खत्म होने से ठीक पहले पेनल्टी कार्नर पर दागे गोल से एक एक की बराबरी पाई। कोइन बीजन के तीसरे क्वॉर्टर के नौवे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर लौटती दागे गोल से 2-1 की बढ़त बनाई, लेकिन खेल खत्म होने से एक मिनट पहले कप्तान हरमनन्रीत सिह ने गोल कर भारत को दो दो की बराबरी दिला दला कर मैच को शूटआउट में खींच दिया।



भारत के लिए शूटआउट में शमशेर सिह, ललित उपाध्याय, सुखजीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह ने एक गोल किया जबकि नीदरलैंड के लिए बिजेन कोइन व थियरे ब्रिंकमेन ने एक एक गोल किया। भारत के गोलरक्षक शूटआउट पीआर श्रीजेश नीदरलैंड के योनास डी जयूस व जोरिट क्रून की गोल करने के प्रयास को नाकाम कर उसकी जीत के हीरो बन गए।

के हार्दिक सिंह मैच के 12 वें मिनट ने दाएं से गेंद को लेकर जोरदार फर्राटा लगाया और फिर गेंद सुखजीत सिंह की ओर बढ़ा दी। सुखजीत से वापस मिली गेंद को हॉकी की कलाकारी दिखाते हुए गोल में डाल कर भारत का खाता खोला। भारत ने दूसरे क्वॉर्टर के शुरू में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन नीदरलैंड ने उन्हें बढ़त दुगुनी करने से रोक दिया। नीदरलैंड ने 25 वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन यह बेकार गया।दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से ठीक पहले येनसन ने गोल कर नीदरलैंड को एक-एक की बराबरी दिला दी। तीसरे क्वॉर्टर के 39 वें मिनट में जेसपन ब्रिंकमैन के ड्रैग फ्लिक को भारत के गोलरक्षक कृष्ण पाठक ने रोका लेकिन लौटती गेंद को बिजेन ने गोल में डाल कर नीदरलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। भारत ने खेल खत्म होने से गोलरक्षक पीआर श्रीजेश हटा दिया । भारत को खेल खत्म होने से पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस पर कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी।

मैन ऑफ द मैच हार्दिक सिंह ने कहा, 'मेरा मानना है कि हम वाकई बढ़िया खेलेऔर हमने दिखाया कि भारतीय हॉकी क्या है। हम जानते थे कि हम जोखिम उठाएंगे और मिले पेनल्टी कॉर्नर को भुनाएंगे क्योंकि हमारे पास इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर है। हमने इसीलिए जोखिम उठाया।